जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




Waking Up To Your Weakness And Hardening Up

As per Nanavatty, 'the LTTE was the most efficient guerilla outfit the Indian Army has ever encountered'

8 Uses for Chamomile

Chamomile is a sleepy-maker, so that it can cause drowsiness. Most experts say chamomile is safe, though it can trigger allergic reactions in some people

# ट्रंप एक समय के घनिष्ठ मित्र एलन मस्क को साउथ अफ्रीका ''डिपोर्ट'' करने पर आमादा

## ट्रंप एलन मस्क से तब से बेहद खफा हैं, जब से मस्क ने अमेरिकी सरकार के, अरबों डॉलर खर्च करने व बाज़ार से बतौर ऋण कई ट्रिलियन डॉलर उधार लेने के प्रयास को बेवकूफी भरा कदम बताना शुरु किया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जुलाई। डॉनल्ड ट्रंप कोई संत नहीं हैं और न ही क्षमाशील। अब वे एलन मस्क से बदला लेना चाहते हैं।

ट्रंप एलन मस्क को अमेरिका से निकालकर दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी दे रहे हैं, जहाँ मस्क का जन्म हुआ था और जहाँ उनके पिता अभी भी रहते हैं। इससे ट्रंप की मस्क के खिलाफ प्रतिशोध की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, क्योंकि मस्क ने ट्रंप की भव्य योजनाओं का सार्वजनिक रूप से विरोध किया था।

यह टकराव ट्रंप के ''बिग एण्ड ब्यूटीफुल बिल'' को लेकर है, जिसमें अरबों डॉलर खर्च करने और अमेरिकी संघीय सरकार को अधिक कर्ज लेने की शक्ति देने का प्रस्ताव है। मस्क इस बिल की कड़ी आलोचना कर रहे हैं, जो फिलहाल अमेरिकी सीनेट में पास हो रहा है।

- **मस्क की इस आलोचना का बदला लेने के लिए ट्रंप ने अमेरिका में इलैक्ट्रिक कार पर मिल रही सब्सिडी को कम करने का मन भी बनाया है।**
- **ट्रंप का आरोप है कि इस सब्सिडी का अधिकांश पैसा मस्क की कम्पनी को मिल रहा था और अब यह सब्सिडी बंद होने से मस्क को अपनी दुकान बंद करनी पड़ेगी और घर का रास्ता देखना पड़ेगा। ट्रंप ने कटाक्ष भी किया, अब मस्क अपने ''स्पेसशिप'' अंतरिक्ष में भेजने का शौक पूरा नहीं कर पायेंगे।**
- **मस्क को ट्रंप के महत्वाकांक्षी विधेयक की आलोचना करना भारी पड़ सकता है।**

यह बिल टैक्स कटौती का प्रस्ताव करता है और संघीय सरकार को कर्ज लेने के अधिकार देता है, जिससे संघीय कर्ज में 3.3 ट्रिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। एलन मस्क ने इस बिल को 'पूरी तरह पागलपन' बताया है और एक नई राजनीतिक पार्टी शुरू करने की धमकी भी दी है।

चूंकि मस्क लगातार इस बिल की आलोचना कर रहे हैं, जो ट्रंप के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, ट्रंप ने अब मस्क पर ''डीओजीई'' (डिपार्टमैंट ऑफ गवरमैंट एफिशिएंसी) छोड़ने की धमकी दी है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि डीओजीई एक राक्षस है जो मस्क को खा सकता है। यानी डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी, जिसे ट्रंप ने अपने शपथ ग्रहण के बाद मस्क को सौंपा था, ने सरकारी कामकाज में भारी खलबली मचा दी थी।

डीओजीई के प्रमुख के रूप में मस्क ने कई संघीय विभागों को बंद करने का आदेश दिया था, जिससे विदेशी क्षेत्रों में संघीय कर्मचारियों की छंटनी हुई। इस विभाग सीक्रेट सर्विस और खुफिया एजेंसियों तक का मूल्यांकन किया, जिन्हें मस्क ने ''डीप स्टेट'' कहा था।

प्राइवेट अरबपति मस्क जिस तानाशाही रवैये से विभाग चला रहे थे उससे कई लोग नाराज़ हो गए थे और

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## अलवर के सांसद भूपेन्द्र यादव होंगे, नए भाजपा अध्यक्ष?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 जुलाई। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री तथा अलवर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भूपेन्द्र यादव भारतीय जनता पार्टी के अगले अध्यक्ष होंगे।

छप्पन वर्षीय यादव जगत प्रकाश

- **चर्चा है कि वे नड्डा की जगह लेंगे, जो 2020 से ही पार्टी के अध्यक्ष है।**

नड्डा (64) का स्थान ग्रहण करेंगे। हिमाचल प्रदेश निवासी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा 2020 से पार्टी के अध्यक्ष हैं। यादव केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निकटस्थ बताये जाते हैं।

## रेल मंत्री ने किया ''रेल वन'' ऐप का शुभारंभ

नयी दिल्ली, 01 जून। रेलवे ने यात्री सुविधाओं में एक और सुधार करते हुए रेलवन एप शुरु किया है जिसके जरिए यात्रियों को सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यहां रेल सूचना प्रणाली केंद्र के 40वें स्थापना दिवस पर रेलवन एप का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस एप के माध्यम से रेल यात्री संपर्क को बेहतर बनाया जा सकेगा।

रेलवे का यह एप उपयोगकर्ता के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# कांग्रेस ने प्र.मंत्री मोदी की आठ दिवसीय विदेश यात्रा पर कटाक्ष किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1, जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी विदेश यात्रा को लेकर कांग्रेस ने उन पर तीखा हमला करते हुए उन्हें ''फ्रीक्वेंट फ्लायर पीएम'' करार दिया और उनकी 5 देशों की विदेश यात्रा को देश के गंभीर मुद्दों से ''राजनीतिक पलायन'' बताया। पार्टी ने मणिपुर संकट और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा किए गए विवादास्पद दावों को लेकर मोदी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

कांग्रेस के संचार प्रमुख और महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर महत्वपूर्ण मसलों से कतराने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री 8 दिन की विदेश यात्रा के जरिए इन मुद्दों से बचकर भाग रहे हैं। रमेश ने ''एक्स'' पर लिखा, ''जब हालात सख्त होते हैं, तो खुद को सख्त कहने वाले भाग जाते हैं।'' ''सुपर प्रीमियम फ्रीक्वेंट फ्लायर'' प्रधानमंत्री 5 देशों की 8 दिन की यात्रा पर निकल चुके हैं।''

प्रधानमंत्री मोदी पर यह आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, अभी ऐसे चार मुद्दे हैं जो देश को झकझोर रहे हैं और प्रधानमंत्री इनसे कतरा रहे हैं। मणिपुर जहाँ डबल इंजन सरकार है और जब से वह सरकार आई है, मणिपुर में हालात बदतर हैं, पर मोदी एक बार भी मणिपुर नहीं गए।

- **कांग्रेस के कटाक्ष के अनुसार, ''फ्रीक्वैंट फ्लायर'' प्रधानमंत्री, देश में उनके सम्मुख प्रस्तुत चार भारी मुद्दों को संबोधित करने से बचकर आठ दिवसीय विदेश यात्रा पर निकले हैं।**

कांग्रेस महासचिव ने यह भी कहा कि रक्षा अधिकारियों द्वारा हाल ही में किए गए खुलासों के अनुसार, 'ऑपरेशन सिंदूर' के पहले दो दिन भारत को जो झटका लगा, वह प्रधानमंत्री के फैसलों का नतीजा था और राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा बार-बार यह दावा किया जा रहा है कि उन्होंने व्यापार सौदे की बात कर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया, लेकिन इसके बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी इस पर अब तक चुप्पी साधे हुये हैं।

रमेश ने कहा कि 70 दिन बीतने के बाद भी, पहलगाम के आंतकी न्याय के कटघरे में नहीं लाये जा सके, यह असफलता हैरान करती है, क्योंकि हो सकता है, वे दिसंबर 2023 में पुंछ और अक्टूबर 2024 में गगनगीर व गुलमर्ग में हुए आतंकी हमलों में शामिल रहे हों।

उन्होंने कांग्रेस के इस आरोप को दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई रणनीतिक विफलताओं की जिम्मेदारी सीधे प्रधानमंत्री के फैसलों पर जाती है। रमेश की यह टिप्पणी संभवतः इंडोनेशिया में भारत के रक्षा अटैची के उन कथित बयानों की ओर इशारा कर रही थी, जिन पर बाद में इंडोनेशिया के भारतीय दूतावास ने सफाई देते हुए कहा कि भारत के रक्षा अटैची के बयानों को ''संदर्भ से बाहर'' उद्धृत किया गया था और मीडिया रिपोर्टों ने उनके बयान की मंशा को गलत तरीके से पेश किया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 2 जुलाई को घाना से अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे, इसके बाद वे त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील, और अंत में, नामीबिया का दौरा करेंगे। ब्राजील में वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर राज्य में भ्रमण भी करेंगे।

# यूक्रेन के खिलाफ रूस ने निर्णायक जंग शुरु की

## रूस ने 260 मिसाइलों व 477 ड्रोन्स से भारी हमला किया

कीव/मॉस्को, 01 जून। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग लगातार तेज होती जा रही है। हाल ही में यूक्रेन पर रूस ने अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। बताया जा रहा है कि 260 मिसाइलें और 477 ड्रोन्स रूस की ओर से दागे गए हैं।

यूक्रेन ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने 249 ड्रोन्स और 226 मिसाइलों को तबाह कर दिया। हमले में 10 लोगों के मारे जाने की बात यूक्रेन ने कबूल की है।

रूस लगातार दबाव बनाने के लिए सुमी इलाके पर चढ़ाई कर रहा है। रूस ने इस इलाके में 50 हजार से ज्यादा जवान उतार रखे हैं। सुमी से ही अगस्त 2024 में यूक्रेन ने कुर्स्क इलाके पर हमला किया था। माना जा रहा है कि इस इलाके का बड़ा हिस्सा अब भी यूक्रेन के कब्जे में है।

- **रूस ने दबाव बनाने के लिए सूमी इलाके में 50,000 से ज्यादा सैनिक तैनात किए हैं।**
- **ज्ञातव्य है कि सूमी से ही यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला किया था और बड़ा क्षेत्र हथिया लिया था।**
- **यूक्रेन ने दावा किया कि उसकी सेना ने 249 ड्रोन्स व 286 मिसाइलें नष्ट की हैं, पर यह भी माना कि रूस के हमले में उसके दस लोग मारे गए हैं।**

इस इलाके में दोनों ही सेनाओं ने अपने बेहतर सैनिक उतार रखे हैं। यूक्रेन ने रूस को रोकने का दावा किया है, जबकि रूस ने इससे इनकार किया है। दोनों सेनाओं में यबलुनिवका, जूनाकिवका, ओलेक्सिएवका, नोवोमिकोलेवका और किंडरातिवका बॉर्डर पर भीषण जंग चल रही है। यूक्रेन ने पलटवार का दावा किया है।

यूक्रेन के शीर्ष कमांडर जनरल ओलेक्जांडर सिरस्की ने दावा किया है कि रूस की रणनीति को वे अच्छे ढंग से समझते हैं। रूस उनकी सेना को थकाना चाहता है। रूस की सेना को उन्होंने रोक दिया है। जीयूआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल किरिलो बुदानोव ने कहा कि रूस ने अपने बेहतरीन कमांडोज को इलाके में उतार रखा है। रूस यूक्रेन के अंदर घुसकर बफर जोन बनाना चाह रहा है।

ऑपरेशन में शामिल रूस की 40वीं नौसैनिक ब्रिगेड, 104वीं एयरबोर्न डिवीजन, 155वीं मरीन ब्रिगेड और 83वीं एयरबोर्न ब्रिगेड को यूक्रेन के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कुछ इलाकों में रूसी सेना ने बढ़त बना रखी है, लेकिन माना जा रहा है कि वह सामरिक दृष्टि से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। यूक्रेनी सेना को इलाके में ज्यादा फौजी तैनात करने पड़ रहे हैं, जिससे उसका खर्च काफी बढ़ चुका है।

## 22 राज्यों में भाजपा के संगठन चुनाव सम्पन्न

नई दिल्ली, 01 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को छह और राज्यों में अपने प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव कर लिया है। पार्टी ने पिछले साल शुरू हुए आंतरिक चुनावों के तहत, अब तक 22 राज्यों में संगठनात्मक प्रमुखों की नियुक्ति पूरी कर ली है। यह प्रक्रिया पार्टी के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण औपचारिकता को पूरा करती है।

महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में क्रमशः रविंद्र चव्हाण, एन रामचंदर राव, पी वी एन माधव, राजीव बिंदल और महेंद्र भट्ट को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इन नेताओं को लंबे समय से संगठन में सक्रिय, सामाजिक समीकरणों के लिहाज से उपयुक्त माना जाता है। अनिल तिवारी को अंडमान और निकोबार में निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुना गया।

- **अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव कराने की आवश्यक शर्त पूरी हो गई है। पार्टी संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए 37 राज्यों में से कम से कम 19 में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना जरुरी है।**

कुछ अन्य राज्यों, जैसे मध्य प्रदेश

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 6 मरे, 5 घायल

चेन्नई, 01 जुलाई। तमिलनाडु में विरुधुनगर जिले के चिन्नाकमनपट्टी में पटाखा निर्माण फैक्ट्री में मंगलवार को भीषण विस्फोट से एक महिला सहित, छह लोगों की जलकर मौत हो गयी और अन्य पांच गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतकों के नाम आर महालिंगम (55), सी सेलापांडियन, लक्ष्मी करुपसामी, आर राममूर्ति (38), के रामजयम (27) और जी वैरामणि (32) हैं। घायलों में एक महिला भी शामिल हैं, जिन्हें शिवकाशी सरकारी अस्पताल और मदुरै राजाजी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- **मरने वाले 6 लोगों में एक महिला भी शामिल है। विस्फोट से चार कमरे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।**

उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह उस समय हुई, जब पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से कंक्रीट की छत वाले चार कमरे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और आसपास का इलाका धुएं से भर गया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं बचाव सेवा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू किया। बचाव दलों ने शवों और मलबे में फंसे घायलों को बाहर निकाला।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# बाँसवाड़ा के बस स्टैंड पर तलवार से हमले में शिक्षिका की मौत

## मृतका के भाई के अनुसार, हमलावर पहले भी उसकी बहन पर हमला कर चुका है व ब्लैकमेल करना चाहता था

बांसवाड़ा, 1 जुलाई (निसं)। कलिंजरा बस स्टैंड पर बस के इंतजार में बैठी एक शिक्षिका पर एक युवक ने तलवार से वार कर दिया। बाद में शिक्षिका की मौत हो गयी। बताया जाता है कि लीला ताबियार नामक शिक्षिका बस के इंतजार में बैठी हुई थी। लगभग साढे दस से ग्यारह बजे के बीच एक चौपहिया वाहन पर एक युवक आया और तलवार से लीला के पेट पर वार कर दिया। बाद में हमलावर गाड़ी लेकर निकल गया। इधर, बस स्टैंड पर मौजूद लोग भी दहशत में आ गये और भागते हुए नजर आये। आगे जाकर हमलावर का वाहन एक अन्य वाहन से टकरा गया तो वह वाहन छोड़कर भाग निकला।

जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल ने बताया कि लीला ताबियार सुबह लगभग साढ़े दस से ग्यारह बजे के बीच बस स्टैंड पर बस के इंतजार में बैठी थी। तभी उसका पूर्व प्रेमी महिपाल भगोरा आया और उसने तलवार से लीला के पेट पर वार कर दिया और वाहन लेकर भाग निकला। उन्होंने बताया कि भगोरा की गिरफ्तारी के लिये टीमें गठित कर दी गयी हैं। इस मामले में मृतका के भाई सरवन ने बताया कि पूर्व में भी दिनदहाड़े महिपाल उसकी बहन पर हमला कर चुका है और वह उसे ब्लैकमेल करना चाहता था। उसने बताया कि लीला ने हत्या की आशंका से विधायक को भी एक दिन पूर्व ही अवगत कराया था। साथ ही, उसने अपने भाई को भी महीपाल से अनहोनी की आशंका व्यक्त की थी। सरवन ने बताया कि पूर्व में भी महिपाल की गिरफ्तारी हो चुकी थी और जेल से निकलने के बाद उसने इस वारदात को अंजाम दिया।

- **जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल के अनुसार, शिक्षिका लीला ताबियार बस स्टैंड पर बस का इंतज़ार कर रही थी। उसका पूर्व प्रेमी महिपाल भगोरा वाहन से वहाँ पहुँचा और तलवार से लीला के पेट पर वार करके भाग निकला।**

घटना के बाद 108 को फोन किया गया, लेकिन एम्बुलेंस बागीदौरा में होने से पहुंच नहीं पायी। स्थानीय लोगों ने बताया कि चिकित्सालय में 104 खड़ी थी, लेकिन सूचना देने के बावजूद, वह नहीं आयी। लगभग बीस मिनट बाद लीला को पुलिस ऑटो में रखकर चिकित्सालय ले गयी, लेकिन लीला ने इस दौरान दम तोड़ दिया।

इधर लोगों का कहना है कि शिक्षा विभाग आत्मरक्षा के गुर के नाम पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित करता है ऐसे में यदि यह शिक्षिका भी प्रशिक्षित होती तो संभवतः उसे जान से हाथ नहीं धोना पड़ता। इधर लोग चर्चा करते नजर आये कि समाज में अग्निवीरों की जरूरत है।

इस घटना को कई लोगों ने अपने मोबाइल में भी कैद किया, जिसमें साफ दिखाई पड़ रहा है कि आरोपी वाहन से तलवार लेकर उतर रहा है और उसके बाद, तलवार मारकर वाहन से ही निकलता हुआ नजर आ रहा है।

## 'वन बिग ब्यूटिफुल बिल आया तो अमेरिका पार्टी का गठन होगा'

वॉशिंगटन, 01 जुलाई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख कानून पर तीखा हमला करते हुए अरबपति एलन मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का आ ान किया है।

मस्क ने बताया कि पागलपन भरे विधेयक में रिकॉर्ड पांच लाख करोड़ डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि से आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा।

मस्क सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से यह स्पष्ट है जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पाँच ट्रिलियन डॉलर (पांच लाख करोड़ डालर) तक बढ़ाता है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं, पोर्क पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है।

- **एलन मस्क ने कहा, यह बिल पागलपन भरे खर्च को प्रोत्साहित करता है, जो अमेरिका के हित में नहीं है।**

मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया, जो कोई भी खर्च कम करने के वादे पर अभियान चलाता है, लेकिन इतिहास में सबसे बड़ी ऋण सीमा वृद्धि पर वोट करना जारी रखता है, उसका चेहरा अगले साल प्राथमिक चुनाव में इस पोस्टर पर दिखाई देगा और आगे

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'भगदड़ में 11 लोगों की मौत के लिए आरसीबी जिम्मेदार'

बंगलूरू, 01 जुलाई। केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने मंगलवार को कहा कि 4 जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए प्रारंभिक तौर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जिम्मेदार है। बता दें

- **केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने कहा, रॉयल चैलेन्जर्स बैंगलूरु के सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से चिन्ना स्वामी स्टेडियम पर भारी भीड़ जमा हो गई जिससे भगदड़ हुई, यही नहीं, आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति भी नहीं ली थी।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'एसआई भर्ती 2021 फिलहाल निरस्त नहीं होगी'

## राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में जवाब पेश करते हुए कहा

जयपुर, 1 जुलाई। राज्य सरकार ने एसआई भर्ती 2021 को फिलहाल निरस्त नहीं करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने मामले के अंतिम निस्तारण के लिए 7 जुलाई का दिन तय किया है। जस्टिस समीर जैन ने ये आदेश कैलाश चंद शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद पेश हुए। उनकी ओर से कैबिनेट सब कमेटी की रिपोर्ट पेश कर कहा गया कि फिलहाल भर्ती को निरस्त नहीं किया जा सकता। अभी तक की जांच में काफी कम अभ्यर्थी दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 313 अभ्यर्थी पहली बार किसी सरकारी सेवा में चयनित हुए हैं। इनमें से सिर्फ 35 अभ्यर्थी ही दोषी पाए गए हैं। वहीं, यदि कुल पदों की बात की जाए तो कुल 838 अभ्यर्थियों में से केवल 53 अभ्यर्थी की दोषी पाए गए हैं और 785 अभ्यर्थियों के खिलाफ कोई प्रमाण नहीं मिला है। ऐसे में दोषी अभ्यर्थियों को अलग किया जा सकता है।

महाधिवक्ता ने बताया कि छह मंत्रियों की सब कमेटी ने एसआईटी जांच को आगे बढ़ाने और समस्त दोषियों को गिरफ्तार करने, दोषी अभ्यर्थियों की सेवाएं समाप्त कर

- **राज्य सरकार के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाई कोर्ट ने मामले के अंतिम निस्तारण के लिए 7 जुलाई की तारीख दी है।**
- **राज्य सरकार की ओर से कहा गया है, जाँच में काफी कम अभ्यर्थी दोषी पाए गए हैं, राज्य सरकार दोषी अभ्यर्थियों को अलग करने के पक्ष में है, उन्हें गिरफ्तार कर उनकी सेवाएँ समाप्त की जाएंगी तथा आगे की भर्ती के लिए भी अयोग्य करार दिया जाएगा।**
- **सफल अभ्यर्थियों के वकील, आर.एन. माथुर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्णय के बाद भर्ती रद्द करने की माँग करने वाली याचिका सारहीन हो गई है, इसे खारिज किया जाए।**

उन्हें आगामी भर्तियों के लिए अयोग्य घोषित करने और पर्याप्त पदों पर नई भर्ती कर, उसमें आयु सीमा में छूट देने के साथ ही इस स्तर पर एसआई भर्ती को निरस्त नहीं करने की सिफारिश की है। कमेटी की इस रिपोर्ट को मुख्यमंत्री स्तर पर भी अप्रूव्ड किया जा चुका है।

महाधिवक्ता ने यह भी बताया कि सांख्यिकी विभाग की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व की भर्तियों की तुलना में इस भर्ती में किसी क्षेत्र विशेष से अधिक अभ्यर्थियों का चयन भी नहीं हुआ है। मामले में जांच सही दिशा में चल रही है। इसलिए अभी भर्ती को रद्द करना जल्दबाजी होगी। दूसरी ओर, सफल अभ्यर्थियों की ओर से सीनियर एडवोकेट आरएन माथुर ने कहा कि कैबिनेट सब कमेटी के निर्णय के बाद अब भर्ती रद्द करने की मांग करने वाली याचिका सारहीन हो गई हैं। इसलिए इस याचिका को खारिज किया जाए और याचिकाकर्ता चाहें तो सब कमेटी के इस निर्णय को चुनौती देने के लिए अलग से याचिका दायर कर सकते हैं। वहीं, याचिकाकर्ता के सीनियर एडवोकेट आरपी सिंह ने कहा कि सरकार प्रकरण को किसी भी तरह से टालना चाहती है। अदालत ने सभी पक्षों की बहस सुनकर मामले के अंतिम निस्तारण के लिए 7 जुलाई को सुनवाई तय की है।

## विचार बिन्दु

विचित्र बात है कि सुख की अभिलाषा मेरे दुःख का एक अंश है। –खलील जिब्रान

# बदलते ज़माने में टीवी चैनलों का अनिश्चित भविष्य

एक समय जिस टीवी ने भारत में प्रिन्ट मीडिया और रेडियो के सामने जबरदस्त चुनौती खड़ी की थी, वह अब खुद अपने को चुनौतियों से घिरा पा रहा है। देश में टीवी चैनलों का भविष्य इस समय बहुत दिलचस्प मगर अनिश्चित मोड़ पर खड़ा है। नई तकनीक, दर्शकों की बदली हुई पसंद, और इंटरनेट की पहुंच ने टीवी इंडस्ट्री के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। परंपरागत समाचार टीवी चैनलों की गिरती लोकप्रियता ने उन्हें बाध्य किया है कि वे बड़े व्यावसायिक कारपोरेट घरानों के हाथों में चले जाएं। दूसरी तरफ मनोरंजन वाले टीवी चैनलों के टीआरपी आधारित ड्रामों के कंटेंट से दर्शक अब ऊबने लगे हैं। स्मार्टफोन की डिजिटल क्रांति ने भी टीवी चैनलों पर गहरी मार की है। शहरी और युवा दर्शक अब टीवी चैनलों के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर फिल्में और टीवी सीरियल देखने को प्राथमिकता दे रहे हैं। घरों में सीमित रहने वाले अधेड़ ही अधिकतर अपने टीवी स्क्रीन पर चिपके हुए पाये जाते हैं। बाज़ार में अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए समाचार टीवी चैनलों के संचालकों को 'प्राइम टाइम' में मजमें लगाना सुरक्षित लगता है, जिसमें एंकर परंपरागत निष्पक्ष मध्यस्थ की भूमिका में सामने नहीं आता बल्कि रण के सैनिक के रूप में प्रस्तुत होता है। तेज रफ्तार से बदलती प्रौद्योगिकी को देखते हुए ऐसा सोचने वाले भी कम नहीं हैं कि भविष्य में टीवी चैनल डिजिटल ब्रांड्स में बदल जाने वाले हैं, और वे शायद केवल मोबाइल ऐप्स पर मौजूद मिलें। आश्चर्य नहीं कि लगभग हर बड़ा टीवी नेटवर्क अब अपना खुद का ओटीटी प्लेटफॉर्म भी लेकर आ रहा है।

विश्लेषकों का कहना है कि स्मार्ट टीवी ऐप्स और स्ट्रीमिंग सेवाएं युवा वर्ग को खूब भा रही हैं, जिससे नियमित चैनल सर्फिंग कम होती जा रही है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, रील्स, और टिक–टॉक जैसे प्लेटफ़ॉर्म के साथ टीवी चैनलों की प्रतिस्पर्धा हो रही हैं। ख़ास तौर पर मनोरंजन, समाचार और जीवनशैली के कंटेन्ट के लिए यह प्रतिस्पर्धा जबरदस्त है। यही सब चीजें टीवी चैनलों के लिए नई चुनौतीयां बन कर खड़ी हैं। बाज़ार की समझ रखने वाले कहते हैं कि पारंपरिक प्रसारकों को भविष्य में कंटेंट क्रिएटर्स के साथ सहयोग करना पड़ सकता है। इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'मोबाइल–फ़र्स्ट' व्यवस्था के साथ तैयार किये गये शॉर्ट–फ़ॉर्म कंटेन्ट वाले चैनल उभर सकते हैं क्योंकि यह भी स्पष्ट लग रहा है कि युवा दर्शकों का रुझान शॉर्ट फॉर्म कंटेंट की ओर हो रहा है। फिर भी टीवी को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। जिस प्रकार टीवी के हमले को झेलते हुए अखबार और रेडियो अपना स्थान बनाए रख पाये हैं उसी प्रकार टीवी भी नई चुनौतियों के सामने अपना वजूद बनाए रख ही लेगा। इसका एक बड़ा कारण है ग्रामीण भारत में टीवी की पकड़ का अब भी मजबूत बना होना। भारत के गांवों और कस्बों में अभी भी लोग डीटीएच और केबल के जरिए टीवी ज्यादा देखते हैं। गावों में लोगों की आर्थिक हालत सुधर रही है। उभरती हुई ग्रामीण अर्थव्यवस्था को देखते हुए बाज़ार के उत्पादकों तथा सेवा प्रदाताओं को ग्रामीण इलाकों में बड़ा बाज़ार नज़र आ रहा हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाने के लिए अभी टीवी चैनल प्रमुख माध्यम बने हुए हैं। इसलिए बाज़ार विश्लेषकों का मानना है कि टीवी चैनल अभी पूरी तरह खत्म नहीं होंगे। इतना जरूर है कि अपना वजूद बनाए रखने के लिए वे ग्रामीण और बुज़ुर्ग वर्ग पर केंद्रित होते चले जा सकते हैं।

वक़्त और टेक्नोलॉजी ने चीज़ों को हमेशा बदला है। इस दौर में भी बदलाव आ रहे हैं। मगर अब बदलाव की गति बहुत तेज हैऔर टीवी चैनल्स भी इससे अछूते नहीं रह सकते हैं। अब क्योंकि अर्थव्यवस्था पूरी तरह बाज़ार की पूंजी पर आधारित हो गई है इसलिए टीवी चैनलों पर भी बाज़ार का दबाव होना स्वाभाविक ही है। यही कारण है कि इन दिनों मीडिया संस्थान ज्यादातर व्यवसायिक दृष्टिकोण से संचालित होते हैं। क्योंकि एलेक्ट्रॉनिक मीडिया में टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्स (टीआरपी) पर विज्ञापन की आय निर्भर करती है इसलिए उस पर ध्यान केंद्रित करना ही पड़ता है। इस दबाव के कारण समाचार चैनलों को सच्चाई और निष्पक्षता से समझौता करते हुए खबरों को सनसनीखेज तरीके से प्रस्तुत करना पड़ता है और उनको समाचारों के प्रस्तुतीकरण को मनोरंजन वाला बनाने के लिए अपने कंटेन्ट में परंपरागत नैतिक तत्वों को तिलांजलि देनी पड़ती है। देश के राजनीतिक घमासान से भी टीवी चैनल अछूते नहीं रह सकते। अन्य मीडिया के समान उन पर, खास कर समाचार चैनलों पर, इसका दबाव होता ही है। मनोरंजन चैनल भी ऐसे विषयों को अपनाते से अपने को रोक नहीं पाते जिसमें वैचारिकता का पुट होता है। कई मीडिया संस्थान राजनीतिक दलों या सरकारों के प्रभाव में रहते हैं। इसके कारण, रिपोर्टिंग में पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाया जाता है, जिससे दर्शकों या पाठकों को किसी न किसी राजनीतिक पक्ष के साथ जोड़ कर उसके लिये नेरेटिव बनाने का काम करे। इसके अलावा सभी प्रकार के टीवी चैनल अनेक वर्जनाएं भी तोड़ रहे हैं। विवाहेतर सम्बन्ध, स्वच्छंद यौन आचरण, बोलचाल में अश्लील गालियों का प्रयोग, वीभत्स हिंसा जैसी चीजें अब आम हो चली है। यह भारतीय समाज में आ रहे बदलाव के संकेत है या समाज को बदलने के प्रयास है इस पर मिलिजुली प्रतिक्रियाएं हैं।

**बाज़ार विश्लेषकों की मानें तो भविष्य में केवल वही टीवी चैनल टिक पाएंगे जो अपने कंटेंट को नए जमाने के अनुसार अपडेट करते रहेंगे। आने वाले समय में डिजिटल तकनीक की पकड़ और गहरी होती चली जाने वाली है जिससे हाइपर-पर्सनलाइजेशन और कृत्रिम बुद्धि एआई का उपयोग बढ़ जाने वाला है। भविष्य में एआई की मदद से कंटेंट को दर्शकों की पसंद के हिसाब से कस्टमाइज़ किया जाएगा।**

एक चीज स्पष्ट नज़र आती है कि डिजिटल अंतर्जाल पर यूट्यूबरों के चैनल, पॉडकास्ट और ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर प्रदर्शित हो रहे अधिकतर कंटेन्ट समाज के उस नवधनाड्य वर्ग पर केंद्रित होते हैं जो बाज़ार के तिलस्म से मोहित हैं तथा जिनकी जेब में अचानक खूब पैसा आ गया है। मध्यम वर्ग की नई पढ़ी–लिखी पीढ़ी जो 'जेन–जी' के विशेषण से पहचानी जाती है, इसी वर्ग में शामिल होने को आतुर है। उनकी नई पनपी संस्कृति विभिन्न रूपों में हमारे सामने प्रकट होने लगी है। इस पीढ़ी को वर्जनाएं तोड़ना और अब तक वर्जित रही बातें करना और सुनना थ्रिल देता है। यह वह पीढ़ी है जो बाज़ारवाद वाली खुली अर्थव्यवस्था में पनपी है। पश्चिम की संस्कृति ने नये सोशल मीडिया के जरिए इस जेन–जी पीढ़ी में तेजी से पांव पसारे है। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया ही जेन–जी के लिए असली दुनिया हो गई है। टीवी चैनलों के सामने यह चुनौती है कि इस पीढ़ी को लुभाने के लिए अपना उत्पाद कैसा कंटेन्ट वाला बनाए जो बाज़ार में उन्हें भरपूर मुनाफा कमा कर दे। किसी ने कहा है कि टीवी चैनल बाजारू कंटेन्ट बनाने और बेचने को शापित हैं। हिंदुस्तान में जेन–जी की नई संस्कृति में लिपटे नवधनाढ्य वर्ग में शामिल होने को आतुर युवाओं को लगता है कि ऐसे कंटेन्ट बनाकर मुफ़्त प्लेटफ़ॉर्म पर चला कर वे कमाई का साधन हासिल कर सकते हैं। इनमें पत्रकारिता को व्यवसाय मानने वाले भी धड़ाधड़ शामिल हो रहे हैं। उनके लिए समाचार भी मनोरंजन का व्यवसाय है। पत्रकारिता में गहरी और तथ्यपूर्ण रिपोर्टिंग के लिए समय और संसाधनों की आवश्यकता होती है, जो इसी के चलते अब बहुत कम हो गये हैं। आज का युग बहुतों के लिए फास्ट–फूड जैसी पत्रकारिता का हो चला है जहां खबरों को जल्दी से जल्दी प्रसारित करने का दबाव होता है। ऐसा करते हुए यह परवाह नहीं होती कि कहीं गलत जानकारी या अपुष्ट खबरें तो नहीं चलाई जा रही है। टीवी चैनलों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से फैलने वाली सूचनाओं और बिना सत्यापित जानकारी का मुकाबला करना पड़ रहा है और वे भी उसी धारा में जाने–अनजाने बहे जा रहे हैं।कई बार टीवी चैनलों को बिना जांचे–परखे खबरें इसलिए प्रसारित करनी पड़ती हैं, ताकि सोशल मीडिया के मुकाबले में वे पिछड़ न जाएं। ऐसा अन्य मीडिया में भी हो रहा है। पारंपरिक मीडिया पर लोगों के घटते भरोसे का यह भी एक कारण है।

टीवी चैनलों का मुनाफे का मॉडल मीडिया संस्थानों को व्यापारिक हितों या बाहरी दबावों में काम करने को बाध्य करता है। इससे उनकी स्वतंत्रता से काम करने में बाधा आती है। इसका परिणाम यह होता है कि केवल एक दृष्टिकोण से ही प्रस्तुत की जाने वाली खबरें किसी विशिष्ठ पक्ष के दर्शकों के लिए तो आनंददायी होती है, किन्तु उससे अन्य दर्शकों का भरोसा टूटता है। पत्रकारिता के बुनियादी सिद्धांतों – जैसे निष्पक्षता, सत्यता, और निष्कलंकता–का पालन अब पहले जितना नहीं हो पाता है। बाज़ार विश्लेषकों की मानें तो भविष्य में केवल वही टीवी चैनल टिक पाएंगे जो अपने कंटेंट को नए जमाने के अनुसार अपडेट करते रहेंगे। आने वाले समय में डिजिटल तकनीक की पकड़ और गहरी होती चली जाने वाली है जिससे हाइपर–पर्सनलाइजेशन और कृत्रिम बुद्धि एआई का उपयोग बढ़ जाने वाला है। भविष्य में एआई की मदद से कंटेंट को दर्शकों की पसंद के हिसाब से कस्टमाइज़ किया जाएगा। बाज़ार नये ज़माने और नयी प्रौद्योगिकी की मांग के अनुरूप अपने उत्पादों में बदलाव लाने में माहिर होता है। इसीलिए घरों में टीवी भी स्मार्ट हो रहे हैं, जिन पर दिखने वाला कंटेंट रियल–टाइम में बदल सकता है, उसी प्रकार जैसे मोबाइल फोन में हुआ है। दूसरी तरफ चैनलों पर भी अपने कंटेंट को छोटा, तेज़, और मोबाइल–फ्रेंडली बनाने का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत में टीवी चैनलों का भविष्य डिजिटल और मोबाइल–फोकस्ड है। विश्लेषकों का अनुमान है कि जो टीवी चैनल तकनीक, कंटेंट और दर्शकों की पसंद के साथ बदलेंगे और दर्शकों की पसंद को बदलेंगे वही टिकेंगे। बाकी सिर्फ इतिहास बनकर रह जाएंगे।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# पाश्चात्य विचार पर आधारित वन एवं वन्यजीव नीति ही दोषपूर्ण



रामपाल जाट

संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने शेपिंग फ्यूचर गवर्नमेंट विषय के अंतर्गत वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2025 का आयोजन किया था। वर्ष 2030 के बाद के दूरदर्शी मॉडल को विकसित करने के लिए,11 फरवरी 2025 को शिखर सम्मेलन के दौरान एक कार्यक्रम के रूप में एक्सडीजी–2045 मंत्री स्तरीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया। पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाते हुए वासुधैव कुटुंबकम की भावना के अनुसार समान वैश्विक साझेदारी, न्याय के सिद्धांतों, समावेशिता और साझा प्रगति को बढ़ावा देने के मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार करने के लिए चर्चा की। इसमें भारतीय विचार हावी है किंतु जब भारत में नीतियां तैयार की जाती है, उनमें पाश्चात्य विचार ही प्रभावी दिखाई देता है। नीतियों से मार्ग निर्धारण होता है। नीतियां दोष पूर्ण होने पर भटकाव आता है। परिणामतः देश की राजधानी से जम्मू कश्मीर जाने की चाहत वाले भी मुंबई, कोलकाता या तिरुवनंतपुरम पहुंच जाते हैं।

जन–जमीन–जंगल–जानवर परस्पर पूरक है। इसके आधार पर ही सुख–समृधि का मार्ग प्रशस्त होता है। इनमें परस्पर शत्रुता के विचार से विग्रह –अशांति उत्पन्न होती है। भारत से वनों को छीन कर अपनी सैरगाह बनाने वालों ने इस सिद्धांत को नकार दिया तथा इन चारों को एक दूसरे का शत्रु निरूपित कर दिया। वे ही मानव एवं बाघों के मध्य इसे संघर्ष से संबोधित करते हैं, जबकि संघर्ष शब्द के प्रयोग का कोई आधार नहीं है। मानव एवं बाघों के संघर्ष का कारण पर्यावासो एवं निर्धारित क्षेत्र की कमी, भूख –प्यास की व्याकुलता एवं उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आना भी स्वाभाविक है। इसी का परिणाम है कि राष्ट्रीय उद्यान– बाघ परियोजना रणथम्भोर में दो माह की अवधि में ही बाघों ने तीन मानवों की जीवनलीला समाप्त कर दी। तथाकथित पर्यावरणविद् सैरगाह छिन जाने की आशंका से इस अटल सत्य को खंडित करने का प्रयास करते रहते हैं।

भारत के ग्रामीण समाज में दया भाव कूट–कूट कर भरा है। वे जीव मात्र में ईश्वर के दर्शन करते हैं। जीव हिंसा को पाप समझते हैं। जब तक वे वनों की रक्षा करना अपना दायित्व समझते थे तब तक वन अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित थे। इस दृष्टि से अनेक देवताओं के नाम से वनों की पहिचान है। सवाई माधोपुर राष्ट्रीय उद्यान रणथंभोर कठूली नाम के गांव में 'भैरू जी का वन' नाम से स्थित जंगल के वृक्षों को कोई छूता भी नहीं था। इतना ही नहीं तो अनेक दुर्लभ जीवों के अंगों को व्यापार में पैसा कमाने का साधन बनाया। आज भी वन विभाग में मांसाहारियों को नौकरी से रोकने का कोई प्रावधान नहीं है। राजस्थान में एक खेजड़ी के पेड़ को बचाने के लिए 263 शहीद हो गए। फिल्मीजगत की हस्ती को हिरण शिकार में न्यायालय में विचारण का सामना करना पड़ा। यह भारतीयता से औत–प्रोत विचार है। रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में से 16 गांवों का विस्थापन किया गया, उसके तत्काल बाद शिकार की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई।

उन्हीं गांवों में से 75 वर्ष की आयु पार कर चुके छीतर लाल गुर्जर नेताजी अनुभव के आधार पर बताते हैं कि बाघ और ग्रामीण एक साथ रहते थे। मानव को देखकर बाघ बचकर निकल जाता था तथा मनुष्य भी बाघों को देखकर बचकर निकल जाते थे। बाघ एवं मानव में आपसी समझ थी, इसीलिए एक बार अचानक बाघ के पास जा धमके तो बाघ ने आंखें खोली और वह रास्ते–रास्ते दूसरी ओर चला गया। तब भी कुछ वनकर्मी तो स्वयं को नायक तथा शाकाहारी ग्रामीणों को खलनायक सिद्ध करने में रत रहते हैं। वे इस प्रकार की रणनीति के कारण वन्य प्रेमी की प्रतिष्ठा से पैसा, पदोन्नति तथा पुरस्कार प्राप्त करते रहते हैं। वन एवं जैवविविधता प्राणी मात्र के जीवन का आधार है, इसलिए वन बचें एवं वन्य जीव सुरक्षित रहे, इसमें कोई भी असहमत नहीं है। जंगल के प्राणी एवं मानवों के मध्य दूरियों एवं वन कर्मियों एवं ग्रामीणों में संघर्ष दूषित मानसिकता एवं छद्मता पूर्ण व्यवहार का परिणाम है। अट्टालिकाओं में मूल्यवान लकड़ी के किवाड़, खिड़की, दरवाजे एवं फर्नीचर वन विभाग के बड़े अधिकारी होने का प्रतीक बन चुका है। पहरेदार ही संदेह के कटघरे में खड़े हो तो सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है।

वर्तमान में चल रही वन नीति के कारण वनों के पड़ोस में जंगली सूअर, रोजडे, बन्दर जैसे जानवरों के कारण मक्का, मूंगफली, मूंग, गन्ना के अतिरिक्त शकरकंद, आलू जैसे जमीकंदो की खेती समाप्त हुई। वहीं बाघ जैसे जानवरों के हिंसक होने से किसान फसलों की रखवाली पर जाने से डरने लगे हैं, इससे फसल उत्पादन विपरीत रूप से प्रभावित होता है। वन नीति बनाने वालों ने इस प्रकार की नीतियों को विकल्पहीनता दर्शित किया हुआ है। जबकि झारखंड राज्य के हजारीबाग जिले के गांव लोचेर के मीनू महतो की परामर्शपूर्ण पुकार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तत्कालीन जिला कलेक्टर सुधीर प्रसाद ने उनके गांव की 6 एकड़ वन विभाग की भूमि पर वर्ष 1994 में मालदा आम के 300 पौधे वन विभाग के अधिकारियों द्वारा लगवाए थे। उनमें से लगभग आधे पौधे मर गए, तब गांववासियों ने उनके स्थान पर बीजू आम रोप दिए थे। इनके पकने के बाद पूरा गांव आम–आम है। इसी राज्य के बहरागोड़ा पहाड़ पर काजू और नेतरहाट के नीचे तराई क्षेत्र में नाशपाती के पौधे बड़े पैमाने पर लगाए गए। एक ही वर्ष में 400 से लेकर 500 मेट्रिक टन नाशपाती कोलकाता तक बिकने जाती है। जिससे सभी ग्रामीण लाभान्वित होते हैं। आकाशीय बिजली गिरने के कारण होने वाली मौतो से सुरक्षा का पेड़ श्रेष्ठ उपाय है। जब वनों के साथ व्यक्ति एवं गांव का हित जुड़ जाता है तो पूरा गांव ही सुरक्षा कर्मियों के रूप में खड़ा हो जाता है। भारत उन देशों में से एक है, जिनके पास वन प्रबंधन की वैज्ञानिक प्रणाली है। जन भागीदारी से वन एवं वन आच्छादित क्षेत्र बढ़ाया जा सकता है। कृषि भूमि में वन आवरण के रूप में खेती किए जाने को वन आच्छादन में सम्मिलिति किया जाना श्रेयस्कर है।

भारत में कुल भूभाग में से एक तिहाई वन क्षेत्र था। वर्तमान में 25.7 प्रतिशत रह गया। देश में 45,000 से अधिक प्रकार के पौधे तथा 91 हजार प्रकार के जानवर है। विश्व के चार प्रमुख जैव विविधता हॉटस्पॉट में से हिमालय, पश्चिमी घाट, पूर्वी उत्तर क्षेत्र और निकोबार दीप समूह है, जो वैश्विक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व में भारत सबसे अधिक जैव विविधता वाले देशों में से एक है। यद्यपि उसका क्षेत्रफल संपूर्ण पृथ्वी का 2.4 प्रतिशत ही है। प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में बाघ संरक्षण के लिए अमृतकाल के दृष्टी पत्र के अनुसार 27 नवंबर 2023 तक भारत में राष्ट्रीय उद्यान 106, वन्य जीव अभ्यारण 573, संरक्षण रिजर्व 115 तथा सामुदायिक रिजर्व 220 सहित संरक्षित वन क्षेत्र की संख्या 1014 है। यह देश के कुल क्षेत्रफल का 5.32 प्रतिशत है। बाघ अभारण्यों की संख्या 50 तथा क्षेत्रफल 78,000 वर्ग किलोमीटर है। यह देश के भौगोलिक क्षेत्र का 2.30 प्रतिशत है। वर्ष 2025 में 50 से बढ़कर बाघ अभयारण्यो की संख्या 58 हो गयी। नवीनतम रानी दुर्गावती बाघ अभयारण्य मध्य प्रदेश में है। भारत का पहला वन्य जीव अभयारण्य 1936 में जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान था, जिसे 'हेली नेशनल पार्क' के नाम से जाना जाता था। अखिल भारतीय बाघ अनुमान 2022 के पांचवें चक्र के अनुसार भारत में बाघों की संख्या औसत 3,682 है, जो विश्व के कुल बाघों की संख्या का 70 प्रतिशत है। उनकी वार्षिक वृद्धि दर 6.01 प्रतिशत है।

हाथियों की संख्या 2018 में 26,786 थी, जो बढ़कर वर्ष 2022 में 29,964 हो गई। इनके लिए देश के 14 राज्यों में 33 हाथी रिजर्व है। एशियाई हाथियों की रक्षा के लिए वर्ष 1992 से 'प्रोजेक्ट एलिफेंट' आरंभ किया गया था। लुप्तप्राय बबर शेर गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान में है, उनकी संख्या वर्ष 2010 में 411 थी, जो 2020 में बढ़कर 674 हुई। लुप्तप्राय और दुर्लभ प्रजातियों में बाघ, हाथी, हिमालय तेंदुआ आदि को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची एक में सूचीबद्ध कर उच्चतम स्तर की सुरक्षा प्रदान की गई। 18 दिसंबर 2024 से भारत में प्रोजेक्ट डॉल्फिन के अधीन असम में पहली बार गंगा नदी डॉल्फिन की पहल की गई। डॉल्फिनों की 90 प्रतिशत जनसंख्या भारत में ही पाई जाती है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 2,613 बड़े एक सींग वाले गेंडे के घर है। यह विश्व के एक सींग वाले गेंडो की संख्या का लगभग 68 प्रतिशत है। घड़ियालो की रक्षा के लिए चम्बल अभयारण्य है।

बाघों के कारण 12 राज्यों में वर्ष 2020 से 2024 तक 4 वर्ष की अवधि में 378 मानवों की मृत्यु हुई। दूसरी और वर्ष 2022 से 2025 तक 3 वर्ष की अवधि में शिकार एवं मारे जाने वाले बाघों की संख्या 38 है। एक वर्ष के औसत के अनुसार मानवों की मृत्यु की संख्या 94 तथा बाघो की मृत्यु की संख्या 13 है। हाथियों के कारण 16 राज्यों में वर्ष 2019–20 से वर्ष 2023–24 तक की 5 वर्षों की अवधि में 2,869 मानवों को काल का ग्रास बनना पड़ा। तेंदुओं की सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश में 3,907 है तथा दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र में 1,985 है। वर्ष 2019–20 से वर्ष 2023– 24 तक की अवधि में महाराष्ट्र की गणना के अनुसार 99 व्यक्तियों को तेंदुओं ने मौत के मुंह में पहुंचाया। संरक्षित जानवरों के कारण होने वाली मानव मौतो की संख्या 3,346 है। बाघों को छोड़कर तेंदुआ सहित अन्य वन्यजीवों के संबंध में जानकारी भारत सरकार के स्तर पर संकलित नहीं की जाती है।

15 वें वित्त आयोग ने वन्य जीव संरक्षण के लिए 2602.98 करोड रुपए के परिव्यय की स्वीकृति दी थी, जिसमें 236.258 करोड रुपए हाथी रिज़र्व के लिए आवंटित किए गए। केंद्रीय बजट 2025–26 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को 3,412.82 करोड रुपए आवंटित किए गए, जो 2024–25 के संशोधित अनुमानित बजट से 9 प्रतिशत अधिक है। इस बजट में से वन्य जीव पर्यावासो के एकीकृत विकास के लिए 450 करोड रुपए के अतिरिक्त प्रोजेक्ट टाइगर और हाथी के लिए 290 करोड रुपए का आवंटन किया गया। यह कुल आवंटन का 64 प्रतिशत एवं यह वृद्धि 2024 –25 के संशोधित अनुमानों से 18 प्रतिशत अधिक है। तब भी बजट में जन, पशुधन एवं फसलों को होने वाली क्षति की पूर्ति, मानव सुरक्षा एवं संरक्षण का शीर्षक ही नहीं है।

राष्ट्रीय वन नीति 1988 के संदर्भ में मंत्रालय ने मानव, वन्य जीव संघर्षों के प्रबंधन के लिए 6 फरवरी 2021 को परामर्शिका, फसलों को होने वाली क्षित सहित मानव वन्य जीव संघर्ष के प्रबंधन के लिए राज्यों को दिशा निर्देश 3 जून 2022 को एवं हाथी, गौर, तेंदुआ, सांप, मगरमच्छ, रीसस मैंकाक, जंगली सूअर, भालू, रोजेडे, काला हिरण के कारण होने वाले मानव – वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए प्रजाति विशिष्ट दिशा निर्देश 31 मार्च 2023 को प्रसारित किये गये। संरक्षित क्षेत्र की प्रबंध योजनाओं को वैधानिकता प्रदान करने के लिए वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 में संशोधन कर संबंधित ग्राम सभा के साथ परामर्श को अनिवार्य किया गया।

वन्य जीवों के पर्यावासों की व्यवस्था, बाघों के कार्यकलापों को उनके पर्यावास के अंतर्गत सीमित करने, निर्धारित पर्यावासों की संख्या कम होने पर बाघों को अन्य संरक्षित क्षेत्र में भेज कर उनके बहिर्गमन को रोकने, बाघों के भटक जाने से उत्पन्न आपातकालीन स्थिति से निपटने, बाघों द्वारा पालतू पशुओं पर हमले की घटनाओं से निपटने, बचाव के लिए सामग्री एवं तंत्र संबंधी उपकरण उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय सहायता भी सम्मिलित है। अवैध शिकार, पर्यावासों की हानि और मानव– बाघ संघर्ष को नियंत्रण में रखने के लिए 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' का निर्माण किया गया है। मृत्यु या स्थायी अक्षमता के प्रकरणों में अनुग्रह राहत राशि 5 से बढ़कर 10 लाख रुपए की गई है। वन एवं वृक्ष संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण और प्रबंधन का दायित्व मुख्य रूप से राज्य एवं संघ राज्यों को सौपा हुआ है।

3 मार्च 2025 को संयुक्त राष्ट्र वन्यजीव दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक गुजरात के गिर राष्ट्रीय उद्यान में हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। जिसमें टाइगर, एलीफेंट, स्नो लेपर्ड के प्रोजेक्ट सहित अंतर्राष्ट्रीय 'बिग कैट्स एलायंस' बनाने का नया संदेश दिया गया किंतु जन, पशुधन एवं फसलों की क्षति की पूर्ति के संबंध में कानून बनाने की चर्चा नहीं की गई। देश की सर्वोच्य स्तरीय इस बैठक में भी दोषपूर्ण पाश्चात्य विचार को छोड़कर भारतीयता को अनदेखा किया गया, जिससे पेंडुलम की भांति आसंतुलन जस का तस रहा।

**–रामपाल जाट,**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष,**
**किसान महापंचायत**

# 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर से आमजन को मिल रही राहत'

## शिविर में आमजन की समस्याओं सहित नामांतरण के 22 प्रकरणों का निस्तारण किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के शाहपुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिरडिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार शिविर प्रभारी विश्वजीत सिंह उपखंड अधिकारी शाहपुरा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मुख्यालय गिरिडीया पर शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे और आमजन की समस्याओं का मौके पर त्वरित समाधान किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा मौके पर विभाजन के 2 तथा रास्तों के 5, सीमाज्ञान के 6, पत्थरगढ़ी के 3 व नामांतरण के 22 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। चंबल पेयजल परियोजना के तहत मौके पर प्राप्त आवेदन में ग्रामों में पेयजल की पाइप लाइन में हो रहे लीकेज को शिविर प्रभारी के निर्देश अनुसार ठीक करवाया गया। बिजली विभाग द्वारा लाइन के आसपास पेड़ों से टहनियां की वजह से ट्रिपिंग की समस्या होने के समाधान किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा प्रार्थी पप्पू भील को अक्षय रोग किट वितरित किया गया। शिविर प्रभारी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर से आमजन को राहत मिल रही है, किसानों सहित अन्य जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। शिविर में समाजसेवी जीएसएस अध्यक्ष देवीलाल गुर्जर, वीडीओ शंकरलाल मीणा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर ओमप्रकाश योगी, पटवारी हिम्मत सिंह व गोविन्द सिंह आदि सहित कई ग्रामीणा भी उपस्थित रहे।

# अजमेर में जर्जर भवनों से हादसे का अंदेशा

- **नगर निगम प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, मानसून की बरसात में भवनों के गिरने का डर**
- **कई मकानों की दीवारों में दरारें आ चुकी हैं, छतें जर्जर हालत में हैं**

**अजमेर,** (कासं)। देश व प्रदेश में सक्रिय हुए मानसून के चलते तेज बरसात में जर्जर भवन गिरने का खतरा अधिक बना रहता है। जर्जर भवनों के आसपास रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। अजमेर शहर के आगरा गेट, नया बाजार, पट्टी कटला सहित आसपास के क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक जर्जर भवन स्थानीय लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। मंगलवार को क्षेत्रवासियों ने कहा कि कई मकानों की दीवारों में दरारें आ चुकी हैं, छतें जर्जर हालत में हैं और तेज बारिश या हवा में उनके गिरने की आशंका लगातार बनी हुई है।

आरागेट क्षेत्र की स्थानीय निवासी पार्वती देवी ने बताया कि आगरागेट क्षेत्र के पुराने मोहल्लों में कई मकान 50 से 80 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं और वर्षों से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। शारदा देवी ने कहा कि बारिश के मौसम में स्थिति और खतरनाक हो जाती है। बच्चों और बुजुर्गों को लेकर सबसे ज्यादा चिंता रहती है, क्योंकि कोई भी हादसा बड़ी जान माल की हानि का कारण बन सकता है। पूर्व में जर्जर भवन गिरने के हादसे हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार नगर निगम को शिकायतें दी जा चुकी हैं। क्षेत्रवासियों ने निगम अधिकारियों को लिखित में भी अवगत कराया है कि जर्जर भवनों का गिरना कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। निगम के अधिकारियों की उदासीनता के कारण लोग रोजाना खतरे में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने निगम से तत्काल प्रभाव से जर्जर भवनों का सर्वे कर उन्हें गिराने या मरम्मत कराने की मांग की है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 2 जुलाई, 2025**

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 11:07 तक, वारियान योग सायं 5:46 तक, वणिज करण दिन 11:59 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–सिंह, बुध–कर्क, गुरू–मिथुन, शुक्र–वृष, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 11:07 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा दिन 11:59 से रात्रि 1:03 तक है। आज सूर्य पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:06 तक, शुभ 10:43 से 12:31 तक, चर 3:55 से 5:38 तक, लाभ 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:41, सूर्यास्त 7:20



**मेष**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



**मिथुन**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।



**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।



**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।



**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है।



**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है।



**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# खुद को आग लगाने वाले प्रोपर्टी डीलर ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में बिजनेस पार्टनर कैलाश माहेश्वरी गिरफ्तार

- प्रॉपर्टी कारोबार में राजेश शर्मा का कैलाश माहेश्वरी पार्टनर है। कैलाश माहेश्वरी से राजेश शर्मा ने डेढ़ करोड़ रुपए लिए थे
- शिकायत का काई समाधान नहीं होने पर राजेश ने थाने के बाद ही खुद के आग लगा ली थी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाने के सामने खुद को आग लगाने वाले प्रोपर्टी डीलर ने मंगलवार सुबह 4 बजे उपचार दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में बिजनेस पार्टनर कैलश माहेश्वरी को गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि मृतक राजेश शर्मा (50) प्रॉपर्टी कारोबारी आगरा रोड स्थित जामडोली के राधिका विहार कॉलोनी के रहने वाले थे। वह पिछले तीन साल से ट्रांसपोर्ट नगर की सेठी कॉलोनी में परिवार के साथ रहकर प्रॉपर्टी का कारोबार कर रहे थे। प्रॉपर्टी कारोबार में राजेश शर्मा का कैलाश माहेश्वरी पार्टनर है। कैलाश माहेश्वरी से राजेश शर्मा ने डेढ़ करोड़ रुपए लिए थे। राजेश शर्मा बाकायदा 2.60 रुपए सैकड़ा के हिसाब से कैलाश को ब्याज दे रहे थे। मई और जून का ब्याज नहीं देने पर 28 जून को कैलाश अपने साथियों के साथ सेठी कॉलोनी में राजेश के किराए के मकान पर गया। कैलाश ने राजेश की पत्नी और बेटी के साथ अभद्रता की। इसके बाद कैलाश ने राजेश को फोन पर जमकर बुरा भला भी कहा। राजेश शाम को घर लौटे। इसके बाद कैलाश के खिलाफ ट्रांसपोर्ट नगर थाने में लिखित शिकायत दी।

मृतक का भाई अशोक शर्मा टूरिस्ट गाइड ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने हमारी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस का कहना था कि हम दूसरी पार्टी को बुलाएंगे। जब वह पार्टी आएगी, उससे बात कर हम रिपोर्ट दर्ज करेंगे। पुलिस ने कैलाश को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद मैं और मेरा भाई राजेश घर लौट आए। रविवार को राजेश और अशोक फिर से थाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने कैलाश को फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया। राजेश शाम को फिर थाने पहुंचा तो थानाधिकारी अरुण चौधरी ने उसे गालियां देने शुरु कर दी। 30 जून को राजेश फिर थाने पहुंचा। लेकिन अपनी शिकायत का काई समाधान नहीं होने पर राजेश ने थाने के बाद ही खुद के आग लगा ली और थाने में घुस गया।

## खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थियों को अंतिम मौका

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

इसी क्रम में प्रदेश में पात्र चयनित लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए सक्षम अथवा अपात्र लोगों से गीव अप करने हेतु खाद्य विभाग द्वारा गीव अप अभियान चलाया जा रहा है।गीव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 22 लाख 32 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा। जिससे राज्य सरकार पर वार्षिक 409.39 करोड़ राषि का वित्तीय भार कम होगा।अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही शीघ्र की जायेगी। खाद्य विभाग के जिला रसद अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षकगण औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस भी जारी करेंगे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर हाल ही में आरएएस से आईएएस में पदोन्नत अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अवधेश सिंह, राकेश शर्मा, सुखवीर सैनी, महेंद्र कुमार खींची, बृजेश कुमार चंदोलिया, राजेश वर्मा, राकेश राजोरिया, जगवीर सिंह, जुगल किशोर मीणा एवं सुरेश चंद्र उपस्थित रहे।

## बुजुर्गों को मिला रामाश्रय वार्डों से स्वास्थ्य का संबल

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर सभी जिला अस्पतालों में शुरू किए गए रामाश्रय वार्ड (जीरियाट्रिक वार्ड एवं जीरियाट्रिक क्लीनिक) वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य का अनुपम उपहार साबित हो रहे हैं। ये वार्ड जनसेवा का एक सार्थक माध्यम बनकर उभरे हैं। अब तक इस मानवीय पहल से करीब 20 लाख बुजुर्ग लाभान्वित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री के इस संवेदनशील नवाचार से हमारे बुजुर्गों को न केवल स्वास्थ्य लाभ मिला है, बल्कि उनके जीवन में आशा और विश्वास का नया संचार हुआ है। उन्हें उपचार को लेकर चक्कर काटने से मुक्ति मिली ही है और अस्पतालों में होने वाली कठिनाई से वे चिंतामुक्त हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में 14 मार्च, 2024 से प्रदेश के जिला अस्पतालों में बुजुर्गों के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल और अस्पतालों में सम्मानपूर्वक उपचार के लिए रामाश्रय वार्डों का शुभारम्भ किया गया था। गौरतलब है कि राजस्थान सरकार के इस सेवाभावी नवाचार का लाभ लेने के लिए करीब 19 लाख 70 हजार बुजुर्गों ने अब तक रजिस्ट्रेशन करवाया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि बुजुर्गों के लिए प्रारंभ किए गए इस नवाचार के तहत करीब 18 लाख बुजुर्गों ने ओपीडी सेवाओं का और 1 लाख 5 हजार से अधिक वृद्धजनों ने आईपीडी सेवाओं का लाभ मिलया है। करीब 12 लाख 20 हजार लैब टेस्ट इन वार्डों के माध्यम से किए गए हैं। साथ ही, 27 हजार से अधिक रोगियों को फिजियोथैरेपी की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। रामाश्रय वार्डों में 10 फाउलर बैड आरक्षित किए गए हैं। इनमें से 5 बैड महिला एवं 5 बैड पुरूषों के लिए हैं। हर बैड के बीच पार्टीशन कर परदे लगाए गए हैं। बैड के पास नर्सिंग अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं, ताकि आपात स्थिति में वृद्धजन तुरंत नर्सिंग स्टाफ को बुला सकें।

## मुख्यमंत्री ने पोस्टर का विमोचन किया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की युवा इकाई द्वारा 6 जुलाई को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की मुख्य इकाई के प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता, युवा इकाई के अध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं महामंत्री केदार गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से महाराज वेदान्ताचार्य डॉ. ध्यानाराम ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। उन्होंने राजपुरोहित समाज के सामाजिक-शैक्षिणक उत्थान एवं आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान आहोर विधायक छगन सिंह एवं ब्रह्मधाम आसोतरा ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर शर्मा ने ध्यानाराम महाराज को दुपट्टा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।

## कुपोषण पर हाईकोर्ट ने लिया स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान

- अधिनियम के प्रावधान सही मायनों में नहीं हुए लागू

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि बच्चों और महिलाओं सहित अन्य लोगों को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम को उनकी वास्तविक भावना से लागू नहीं किया गया है।

अदालत ने मामले में स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया है। अदालत ने मामले में गृह मंत्रालय, खाद्य मंत्रालय, बाल विकास मंत्रालय, एफएसएसएआई, शिक्षा मंत्रालय के साथ ही राज्य के मुख्य सचिव, एसीएस बाल विकास, एसीएस खाद्य, एसीएस शिक्षा को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के अफसरों से तीस जुलाई तक रिपोर्ट पेश कर बताने को कहा है कि मामले में उनकी ओर से क्या कार्रवाई की गई है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश प्रकरण में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में महात्मा गांधी के कथन को रेखांकित करते हुए कहा कि भूखे पेट भगवान को भी याद करना कठिन है अदालत ने कहा कि जंक फूड बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को प्रभावित कर रहे हैं।

ऐसे में बच्चों और नौजवानों को पारम्परिक और मौसमी खाद्य पदार्थों के लिए प्रोत्साहित कर अच्छे स्वास्थ्य का निर्माण किया जा सकता है।

सरकार और एफएसएसएआई की जिम्मेदारी है कि वे खाद्य मानकों को पूरा करने और स्कूलों व शैक्षिणक संस्थानों में जंक फूड की बिक्री रोके।

## आयुर्वेद, प्रत्येक रोग के मूल कारण पहचानकर समाधान करता है : आचार्य बालकृष्ण

- 'एल्सूविअर' प्रकाशन के अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल रिसर्च जर्नल ''फार्मकलोजिकल. रिसर्च रिपोर्ट्स'' में शोध प्रकाशित

**जयपुर।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने जोड़ों के दर्द यानि गठिया या जिसे आर्थराइटिस भी कहा जाता है, के उपचार में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। आयुर्वेद आधारित औषधि ऑर्थोग्रिट पर किया गया पतंजलि का यह नवीन शोध ''एल्सूविअर'' प्रकाशन के अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल ''फार्मकलोजिकल.रिसर्च रिपोर्ट्स'' में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन दर्शाता है कि ऑर्थोग्रिट गठिया के कारण होने वाली सूजन को कम करने, कार्टिलेज के घिसाव को रोकने तथा जोड़ों की कार्यक्षमता को बनाए रखने में प्रभावशाली है।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आज के समय में शायद ही कोई ऐसा वृद्ध व्यक्ति हो जो घुटनों के दर्द से पीड़ित न हो। वर्तमान चिकित्सा पद्धितयाँ केवल लक्षणों पर कार्य करती हैं, जड़ पर नहीं। आयुर्वेद प्रत्येक रोग के मूल कारण को पहचानकर उसका समाधान प्रस्तुत करता है।

ऑर्थोग्रिट इसी आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का संगम है, जो गठिया जैसी असाध्य मानी जाने वाली बीमारी को भी मूल रूप से समाप्त करने की क्षमता रखता है।

उन्होंने बताया कि ऑर्थोग्रिट वचा, मोथा, दारूहल्दी, पिप्पलमूल, अश्वगंधा, निर्गुंडी, पुनर्नवा आदि प्राकर्तिक जड़ी-बूटियों से निर्मित है जोकि सनातन संस्कृति में प्राचीनकाल से ही जोड़ों के दर्द, सूजन आदि में लाभकारी पाएं गए है।

पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा गठिया एक ऐसी पुरानी बीमारी है जो विश्वभर में करोड़ों लोगों को प्रभावित करती है। हमने इस शोध में मानव कार्टिलेज कोशिकाओं की ''3डी स्फेरोइड्स (गेंदनुमा आकार) और ''सी-एलिगेंस'' पर अध्ययन किया है।

## रालसा का 90 दिन का मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान शुरू

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट व नालसा के निर्देश पर हाईकोर्ट सहित प्रदेश की लोअर कोर्ट में मंगलवार से रालसा का90दिन का मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान शुरू हो गया। इस अभियान के तहत हाईकोर्ट व लोअर कोर्ट में पेंडिंग उन केसों को चिन्हित किया जाएगा जिनमें पक्षकारों के बीच मीडिएशन के जरिए केस का निस्तारण हो सकता है। रालसा के सदस्य सचिव हरिओम अत्रि ने बताया कि इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तालुका स्तर पर भी निर्देश दे दिए गए हैं। इसके अनुसार जुलाई महीने में कोर्ट केसों को चिन्हित कर देखेगा कि क्या उनमें मीडिएशन के जरिए निस्तारण हो सकता है।

इस प्रक्रिया के तहत कोर्ट में पेंडिंग सभी केसों को फिल्टर किया जाएगा। यदि इस प्रक्रिया से कोर्ट में पेंडिंग केसों का निस्तारण होता है तो इससे उन केसों में कोर्ट की आगामी प्रक्रिया रुकेगी वहीं कोर्ट पर केसों का भार भी कम होगा। रालसा ने1500मीडिएटर्स को भी ट्रेनिंग दे दी है। इस तीन महीने की प्रक्रिया में संबंधित कोर्ट की रिपोर्ट नालसा व सुप्रीम कोर्ट को भेजी जाएगी।




# भरतपुर में मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात

## शहर की कई कॉलोनियां तालाब बन गई और सड़कों पर दो फीट पानी जमा हो गया

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में रातभर हुई बारिश ने कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिये। इससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है। शहर की कई कॉलोनियां तालाब बन गई हैं और सड़कों पर दो फीट पानी जमा हो गया है। इससे लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। घरों के बाहर जहरीले कीड़े मकोड़े विचरण कर रहे हैं.खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी हो रही है। परिजन उन्हें कंधे पर बैठाकर स्कूल छोड़ने जा रहे हैं। शहर की सड़कों पर जलभराव की समस्या से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के लोगों का कहना है कि रातभर हुई मूसलाधार बारिश ने शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बना दिए हैं। बारिश के बाद सड़कों पर दरिया बह रहा है। एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। यह स्थिति नगर निगम की लापरवाही के कारण हुई है। क्योंकि नालों की सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया। जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई घरों में कमर तक पानी भर गया है। वहीं न्यू पुष्प वाटिका कॉलोनी, गोवर्धन गेट, मुखर्जी नगर, राजेंद्र नगर, ईदगाह कॉलोनी, तिलक नगर कॉलोनी में पानी भर जाने से लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।



भरतपुर में बरसात के कारण कई जगह पर नालों में कटाव हो गया।

■ एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में बाढ़ जैसे हालात हो गए, जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से कई घरों में कमर तक पानी भर गया

सीएफसीडी कार्य समय पर पूरा नहीं होने से भी शहर में जलभराव की स्थिति पैदा हुई है। गत दिनों जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने शहर में बाढ़ एवं जल भराव की समस्या के निराकरण के लिए प्रगतिरत सीएफसीडी के कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा वर्षा के समय पानी की आवक को देखते हुए कार्य की गति देते हुए पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उसके बावजूद भी जलभराव की स्थिति पैदा हो गई।

**अतिरिक्त कलेक्टर शहर ने शहर में जल निकासी व्यवस्थाओं का लिया जायजा :-** भरतपुर में अत्याधिक वर्षा होने के कारण शहर के निचले जलभराव वाले विभिन्न स्थान मालीपुरा, सेवर, जसवंत नगर, गणेश नगर, शेरसिंह नगर, बापू नगर, हीरादास, नीमदा गेट, पुष्प वाटिका, स्टेडियम नगर, केवी स्कूल, राधास्वामी सत्संग भवन राजेन्द्र नगर, विजय नगर, सोनपुरा पोखर, जधीना गेट कॉलोनी, कब्रिस्तान जवाहर नगर क्षेत्रों में पर कुल 11 इंजन पम्प, 8 ट्रैक्टर अल्टीनेटर पम्प एवं स्थायी मोटर पम्प हाउस लगाकर जल निकासी का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी एवं नगर निगम के सचिव विजय प्रताप सिंह ने शहर में जल निकासी व्यवस्थाओ का जायजा भी लिया। इसी तरह गणेश नगर से हीरादास की ओर कच्चा नाला खोदकर अल्टीनेटर पम्प द्वारा जल निकासी का कार्य किया जा रहा है।

## अलवर में तेज बारिश से सड़कें पानी-पानी

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर सहित आस-पास के क्षेत्र में मंगलवार सुबह सात बजे से आठ बजे के बीच मानसून की पहली अच्छी बारिश हुई। सबसे ज्यादा शहर में 80 मिमी बारिश दर्ज की गई। शहर की सड़कें पानी से लबालब हो गई। नालों के उफान से पानी सड़क पर आ गया।

गायत्री मंदिर रोड पर गायत्री कॉलोनी, एसपी ऑफिस के पास सरकारी कवार्टर सहित कई जगहों पर घरों में पानी भर गया। महिला थाना परिसर में करीब एक फीट पानी जमा हो गया। यहां आस-पास की दुकानों के अंदर पानी भर गया। अलवर शहर में बस स्टैंड, होप सर्कस के आस-पास के बाजारों में दो फीट से ज्यादा पानी जमा हो गया।

## हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थिति स्वरूपगंज चौराहे के निकट एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करवाया। शव ट्रेलर के नीचे दबा हुआ था, जिसे बाहर निकालने के लिए जेसीबी व क्रेन की मदद ली गई। हालांकि मृत व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि वह ट्रेलर का चालक हो सकता है। हादसे के चलते हाइवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। पुलिस द्वारा ट्रेलर को हटाकर मार्ग को सुचारू करवाया गया। पुलिस ने मृतक के शव को एमजी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाते हुए उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू किए हैं।

## मंदिर में फिर हुई चोरी की वारदात

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद थाना क्षेत्र के जाली गांव में स्थित चामुंडा माता (जाली माता) मंदिर में 30 जून की रात को चोरी की बड़ी वारदात हुई। मंदिर के पुजारी, श्रवण लाल गुर्जर निवासी हुडा का खेड़ा ने आसींद थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

पुजारी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र के ताले तोड़ दिए और उसे गैस कटर से काटकर उसमें रखी एक लाख की नकदी चुरा ली। चोरों ने मंदिर के दरवाजे का ताला भी तोड़ा और मूर्ति पर चढ़ाई गई सोने की नथ, एक चांदी की आरती, एक चांदी की गाय और पट पर रखे लगभग पांच कैमरे भी चुरा ले गए। पुजारी ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि यह पहली बार नहीं है जब मंदिर को निशाना बनाया गया है। गत 23 जून की रात को भी एक व्यक्ति चोरी की नीयत से मंदिर आया था।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2025-26/10693-700 **ई-निविदा सूचना संख्या 188/2025-26** Date:30.06.2025

निम्नलिखित सेवा कार्य के लिए पंजीकृत एवं अनुभवी एजेन्सियों संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|
| Rate contract for Hiring of Services for various Jobs from Placement Agencies for **Head Office, Jaipur & Verious Units in RSRDC Ltd. Rajasthan. UBN: RRC2526SLOB00374** | 601.00 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in** तथा **http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc** पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

(पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबन्ध शाखा) नया पावर हाऊस परिसर, हैवी इडस्ट्रीयल एरीया, जोधपुर- 342003

दूरभाष :- 0291-2742223, फैक्स :- 0291-2746539

**ई-निविदा सूचना**

11/0.433 केवी., 160 केवीए, ऐल्युमिनियम वाउण्ड ईईएल-1 स्टार 1 रेटींग डिस्ट्रीब्युशन टांर्सफॉर्मर TN-2071 (UBN JVV2526GLOB00281), 315 केवीए. 11/0.433 के.वी., स्टार-1, एंर्जी एफिशिएंसी, लेवल- I, 3 फेज कॉपर वाउंड (सीआरजीओ/अमोरफस कोर), डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर TN-2072 (UBN JVV2526GLOB00280), थ्री फेज एलटी एबी केबल साईज 3Cx25+25 वर्ग मीमी. एवं 3Cx50+35 वर्ग मीमी. TN-2073 (UBN JVV2425GLOB00279) की खरीद हेतु ई-निविदा आंमत्रित की जाती हैं।

अन्य विवरण जैसे निविदा मूल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl** एवं **http://sppp.rajasthan.gov.in** द्वारा जानी जा सकती हैं।

राज.संवाद/सी/25/5351 अधीक्षण अभियंता (पदार्थ प्रबन्ध एवं अनुबंध)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

**कार्यालय नगरपालिका, आहोर (जालौर)**

क्रमांकः/नपाआ/स्टोर/2025/ई-टेण्डर/471 दिनांक : 30.06.2025

**:: ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 ::**

नगरपालिका, आहोर जिला-जालोर द्वारा (पालिका क्षेत्र के जोन-01 व 02 में सफाई कार्य हेतु सफाई श्रमिक आपूर्ति कार्य) आपूर्ति हेतु माल एवं सेवाओं के उपापन के लिए दर संविदा वित्तीय वर्ष 2025-26 (31.03.2026) के लिए कार्य दर (रेट कोन्टेक्ट) हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन माध्यम से https://eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा निर्धारित तिथि 30.06.2025 से 17.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की संपूर्ण जानकारी कार्यालय एवं https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी तथा डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE - DLB2526A3040

TOTAL BID - 02

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, आहोर

राज.संवाद/सी/25/5315

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/विकास शाखा/2025/2667 दिनांक :- 25.06.2025

**-: ई-निविदा सूचना-2025-26 :-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 14.07.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक **DLB2526WSOB09189** है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/5297


# डंपर की टक्कर से देवर-भाभी की मौत, पति गंभीर घायल

**नारायणपुर,** (निसं)। कस्बे में सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें देवर-भाभी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रात करीब नौ बजे बाल भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास हुआ, जिससे गढ़ी गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

■ सड़क किनारे खड़े होकर तीनों बातें कर रहे थे, डम्पर ने टक्कर मार दी

पुलिस के अनुसार ग्राम गढ़ी निवासी हिम्मत सिंह अपनी पत्नी सीमा देवी के साथ मोटरसाइकिल पर नारायणपुर आ रहा था। रास्ते में बाल भारती स्कूल के पास उन्होंने अपने भाई विशाल को देखा और बाइक रोककर उससे बातचीत करने लगे। तीनों सड़क किनारे खड़े होकर बातें कर ही रहे थे कि तभी नारायणपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने मोटरसाइकिल सहित तीनों को जोरदार टक्कर मार दी।





मृतक देवर और भाभी के फाइल फोटो।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों लोग सड़क पर जा गिरे और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों घायलों को नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने ग्राम गढ़ी निवासी विशाल (22) पुत्र राजेश वाल्मीकि और सीमा देवी (25) पत्नी हिम्मत वाल्मीकि को मृत घोषित कर दिया। वहीं हिम्मत सिंह (27) की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डंपर चालक टक्कर मारने के बाद मौके से वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शवों को मोर्चरी में रखवाया गया। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। हादसे में जान गंवाने वाले सीमा देवी के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जबकि मृतक विशाल के एक बेटी है। परिजनों की ओर से नारायणपुर थाने में मृतक विशाल के पिता राजेश वाल्मीकि ने मामला दर्ज कराया है। फरार डंपर चालक की तलाश जारी है।

## 26 लाख की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 26 लाख 46 हजार की स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वृताधिकारी टोंक राजेश कुमार विद्यार्थी एवं पुरानी टोंक थानाधिकारी नेमीचन्द गोयल के नेतृत्व में गठित थाना टीम व जिला स्पेशल टीम के सहयोग से थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ में कार्रवाई करते हुये पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने न्यू हाउसिंग बोर्ड टोंक से 26 लाख 46 हजार 200 रूपये कीमत की स्मैक जिसका वजन 132.31 ग्राम के साथ आरोपी राजेश पुत्र रंगलाल बैरवा निवासी मस्जिद के पास एनएच-12 कटफला थाना मिश्रोली जिला झालावाड को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी संभवत इस मादक पदार्थ को बेचने हेतु जा रहा था, जिसे रास्ते में ही धर दबोचा तथा पूछताछ के दौरान अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई करना बताया। मामले में स्मैक खरीदने वाले आरोपी की भी तलाश जारी है।


**नगर विकास न्यास, पाली**

डाक बंगला परिसर, पाली, फोन नं. 02932-223222, ई मेल - uitpali@gmail.com

क्रमांक :- न्या.पा./निविदा/2025/राजकाज 16207426 दिनांक :- 27/06/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या - 21/2025-26**

नगर विकास न्यास, पाली की ओर से न्यास/राजकीय विभाग से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण **https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान देखी जा सकती है। **यूबीएन नं. :- ITP2526WSOB00026**

राज.संवाद/सी/25/5365 अधिशाषी अभियन्ता

राजस्थान सरकार

**कार्यालय जिला कलक्टर, करौली (राज.)**

क्रमांक-आ.प्र.सहा./लेखा/2025/842 दिनांक-24.06.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

कार्यालय जिला कलक्टर करौली में खोज एवं बचाव उपकरण क्रय करने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/विनिर्मित/थोक वितरक/अधिकृत डीलर/विपनन एजेन्ट फर्मो से अनुमानित राशि 26.71 लाख रूपये की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि का विवरण राजस्थान लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.nic.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जाकर https://eproc.rajsthan.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है।

**UBN NO.- CKL2526GLOB00006**

**DIPR/C/8879/2025** अतिरिक्त जिला कलक्टर, करौली

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-चित्तौड़गढ़**

क्रमांक/टी.एस./2025-26/डी-772 दिनांक-23.06.2025

**निविदा संशोधन सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 632 दिनांक 07.06.2025 से जारी ई-निविदा सूचना संख्या 11/2025-26 (DIPR RO NO. 7858 Dated 16.06.2025) की दिनांकों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| | पूर्व प्रकाशित दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक | 12.06.2025 से 23.06.25 सायं 6.00 बजे तक | 12.06.2025 से 02.07.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की दिनांक | 12.06.2025 से 23.06.25 सायं 6.00 बजे तक | 12.06.2025 से 02.07.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | 25.06.2025 प्रात 11.00 बजे | 04.07.2025 प्रात 11.00 बजे |

**UBN NO. PWD2526WSOB04031**

निविदा में वर्णित अन्य शर्ते यथावत रहेगी

अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड-चित्तौड़गढ़

**DIPR/C/8800/2025**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि जिला खण्ड प्रथम बीकानेर**

क्रमांक-650 दिनांक-23.06.2025

**ई-निविदा 07/2025-26 संशोधन सूचना**

(डीआईपीआर प्रकाशन संख्या-7370 दि.06.06.2025)

| विवरण | पूर्व में डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | संशोधित डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक |
|---|---|---|
| निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की दिनांक | 05.06.2025 को प्रात 09.30 बजे से दिनांक 23.06.2025 को सायं 06.00 बजे तक | 05.06.2025 को प्रात 09.30 बजे से दिनांक 01.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की दिनांक | 05.06.2025 को प्रात 09.30 बजे से दिनांक 23.06.2025 को सायं 06.00 बजे तक | 05.06.2025 को प्रात 09.30 बजे से दिनांक 01.07.2025 को सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | 24.06.2025 को प्रात 11.00 बजे | 02.07.2025 को प्रात 11.00बजे |

शेष नियम एवं शर्ते निविदानुसार यथावत रहेगी।

UBN NO. 1. PWD2526WSOB02997, 2. PWD2526WSOB02999, 3. PWD2526WSOB03000, 4. PWD2526WSOB03004

अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. जिला खण्ड प्रथम, बीकानेर

**DIPR/C/8789/2025**

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड माँगरोल**

फोन नं.-07457-223266, ईमेल-EEPWD.MANGROL@RAJASTHAN.GOV.IN/pwdmangrol@gmail.com

क्रमांक-460 **निविदा संशोधन सूचना** दिनांक-20.06.2025

इस कार्यालय के पत्रांक 235 दिनांक 23.05.2025 द्वारा निविदा सूचना संख्या 04/2025-26 जिसके डी.पी.आर. नम्बर DIPR/C/7005/2025 दिनांक 03.06.2025 से जारी की गई थी। उक्त निविदा में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किये जाते हैं।

| क्र.सं. | निविदा की दिनांक | | संशोधन दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख | 31.05.2025 से 20.06.2025 सांय 6.00 बजे तक | 31.05.2025 से 09.07.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| 2 | ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | 31.05.2025 से 20.06.2025 सांय 6.00 बजे तक | 31.05.2025 से 09.07.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| 3 | ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 23.06.2025 दोपहर 3.00 बजे से सम्बन्धित कार्यालय में | 11.07.2025 दोपहर 3.00 बजे से सम्बन्धित कार्यालय में |

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

DIPR/C/7005/2025 Date: 03.06.2025

| क्र.सं. | UBN NO. | क्र.सं. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB02398 | 2 | PWD2526WSOB02399 |
| 3 | PWD2526WSOB02400 | 4 | PWD2526WSOB02401 |
| 5 | PWD2526WSOB02402 | 6 | PWD2526WSOB02406 |
| 7 | PWD2526WSOB02410 | 8 | PWD2526WSOB02411 |
| 9 | PWD2526WSOB02412 | 10 | PWD2526WSOB02414 |
| 11 | PWD2526WSOB02416 | 12 | PWD2526WSOB02419 |

(कमल राम मीना) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड, माँगरोल

**DIPR/C/8682/2025**

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

प्रभास्मि शशि सूर्ययोः

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग) पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर

टेलीफैक्स : 0141 - 2201489, ई-मेल: zcejz@jvvnl.org

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के कोटपूतली सर्किल के अधिकार क्षेत्र में एआरसी 2023 के अनुसार एक्सईएन (ओ एण्ड एम) कोटपूतली के अधीन एईएन एचटीएम कोटपूतली के क्षेत्र में नए 33/11 केवी मोर्दा सब स्टेशन के निर्माण का कार्य टीएन-133 के तहत एआरसी पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पर दिनांक 07.07.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई-पोर्टल पर दिनांक 24.07.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है। **UBN:VVN2526WSOB00170**

राज.संवाद/सी/25/5357 जेपीआर - 3024 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507


# अस्पताल का दरवाजा बंद होने से गेट पर महिला का प्रसव हुआ

**मासलपुर/करौली,** (निसं.)। मासलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों की लापरवाही एक बार फिर सामने आई। एक महिला का प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के दरवाजे बंद होने पर के गेट पर ही बच्चे को जन्म दे दिया। इस घटना के बाद चिकित्सा प्रशासन मे हड़कंप मच गया।

■ मासलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों की लापरवाही सामने आई

जानकारी के अनुसार चिकित्सालय के दरवाजे के बाहर एक प्रसूता ने बिना किसी चिकित्सकीय मदद से एक बच्ची को जन्म दिया। आनन-फानन में एक महिला स्वास्थ्यकर्मी ने गेट के बाहर ही प्रसूता के गर्भनाल को काटा और प्रसूता एवं नवजात शिशु को लेकर वार्ड में बेड उपलब्ध कराया गया। फिलहाल जच्चा-बच्चा की हालत खतरे से बाहर है। महिला मासलपुर तहसील क्षेत्र के ऊंचा गांव की रहने वाली है। महिला के पति रामवीर माली ने बताया कि उसकी पत्नी राधा को आज प्रातः से ही प्रसव पीड़ा हो रही थी। करीब डेढ़ बजे वह एक किराए के निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लेकर पहुंचे। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के दरवाजे बंद मिले। अस्पताल के दरवाजे पर भी ना स्ट्रेचर मिला, ना वॉर्ड ब्वॉय, जिसके बाद दर्द से तड़पते हुए राधा ने बच्ची को दरवाजे के बाहर ही जन्म दे दिया। कई लोग वहां खड़े थे जिन्होंने वीडियो भी बनाए, तब अस्पताल कर्मियों ने प्रसूता और नवजात बच्ची को स्ट्रेचर पर लेकर अस्पताल में भर्ती कराया, गनीमत यह रही कि नवजात बच्ची और प्रसूता फिलहाल सुरक्षित हैं। गौरतलब है कि सीएचसी पर पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं।

इस मामले मे चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशेष सिंह का कहना है कि महिला को सीएचसी पर देरी से लाया गया। वाहन से नीचे उतारते वक्त ही बच्चे का सिर बाहर निकल गया। महिला को पिछले दरवाजे पर लाया गया था, जो बंद रहता है। मुख्य दरवाजा बंद होने कि बात गलत है। वह स्वयं चिकित्सक कक्ष में मौजूद थे। पता चलने पर महिला को तत्काल लेबर रूम में ले जाया गया जहा प्रसूता का उपचार जारी है।

# अज्ञात प्रौढ़ की लाश मिली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र स्थित मेजा की डांग-बागौर मार्ग पर एक अज्ञात प्रौढ़ की खूनसनी लाश सड़क किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान भी है। सूचना पर पुलिस ने शव की पहचान के प्रयास भी किये, लेकिन अब तक किसी ने उसे नहीं पहचाना। शव को मांडल अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है।

मांडल थाने के दीवान हनुमान प्रसाद ने बताया कि मंगलवार सुबह टेलीफोन पर मांडल अस्पताल से एक बॉडी आने की सूचना मिली। सूचना पर वे अस्पताल पहुंचे, जहां 108 एंबुलेंस स्टॉफ मिला। उसने बताया कि मेजा की डांग मेजा-बागोर रोड सड़क किनारे यह अधेड़ मिला। पुलिस ने शव की पहचान नहीं होने से उसे मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। प्रथमदृष्ट्या पुलिस इस घटना को रोड एक्सीडेंट मान रही है। दीवान हनुमान ने बताया कि 45 वर्षीय इस अज्ञात मृतक का रंग गेहुंआ, शरीर दुबला पतला, बैंगनी रंग का पायजामा व सफेद रंग का फुल आस्तीन का शर्ट पहने हुए है। बायें गाल पर रगड का निशान है। वह सफेद सेण्डो बनियान पहने हैं। कपड़ों पर छाती के पास खून लगा हुआ है। शर्ट की जेब में भरत बीड़ी का बण्डल व माचिस मिली। दाहिने हाथ की हथेली पर त्रिशूल जैसा निशान गुदा हुआ है। घटना स्थल पर जहां शव मिला वहां पास में एक बैसाखी और काले रंग की पोद्धार कम्पनी की चप्पल पड़ी मिली। पुलिस ने भीलवाड़ा के साथ ही प्रदेशभर के थानों को इस शव की फोटो भेजी है, ताकि शव की पहचान हो सके।


**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/93 - 95 Date : 27/06/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या : 25/2025-26**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 675.67 लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 30.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 22.07.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 30.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 22.07.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 23.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट **urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in** व **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**UBN No. : ITU2526WLOB00156**

अधिशाषी अभियन्ता - विद्युत उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/5358

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

प्रभास्मि शशि सूर्ययोः

कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग) पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर

टेलीफैक्स : 0141 - 2201489, ई-मेल: zcejz@jvvnl.org

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के अन्तर्गत भिवाड़ी सर्कल के सहायक अभियंता (एचटीएम) भिवाड़ी क्षेत्र में नए प्रस्तावित 33/11 केवी एस/एस रिलैक्सो चौक के निर्माण का कार्य टीएन-137 के तहत एआरसी रेट 2023 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। UBN:VVN2526WSOB00174, ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के अन्तर्गत भिवाड़ी सर्कल के क्षेत्र में सहायक अभियंता (एचटीएम) भिवाड़ी के तहत नए प्रस्तावित 33/11 केवी एस/एस हरचंदपुरा-I सबस्टेशन के निर्माण का कार्य टीएन-138 के तहत एआरसी पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। UBN: VVN2526WSOB00175 योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पर दिनांक 07.07.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई-पोर्टल पर दिनांक 24.07.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेबसाईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

**UBN: VVN2526WSOB00174, VVN2526WSOB00175**

राज.संवाद/सी/25/5353 जेपीआर - 3028 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

**RAJASTHAN STATE FOREST DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**

(A Government of Rajasthan Undertaking) Regional Office, Ajmer , Van Bhawan, Jaipur Road, Ajmer

Email :- gmajmer@rajasthan.gov.in ,dcfdodstageii121@gmial.com

Registered Office ROOM NO. B-116, FIRST FLOOR, ARANYA BHAWAN, JHALANA INSTITUTIONAL AREA, JAIPUR, Rajasthan, PIN : 302004

क्रमांक :- एफ ( )लेखा-नीलामी/मप्र/राराववि‍निलि/क्षैकाअ/2025-26/270 दिनांक :- 30/06/2025

**नीलामी सूचना सं. 03/2025-26**

सर्वसाधारण विशेषकर लकड़ी/वनउपज व्यापारियो को सूचित किया जाता है कि प्रादेषिक वनमण्डल, सिरोही के क्षेत्र तारंगाहिल-अम्बाजी आबूरोड़ कार्यस्थल पर आने वाले परिपक्व वृक्षों के पातन उपरान्त एकत्रिकरण वन उपज की नीलामी नीचे वर्णित कॉलम संख्या 7 अनुसार निर्धारित स्थान व दिनांक को **"जहाँ है जैसे है"** के आधार पर की जावेगी। अतः इच्छुक बोलीदाता दिनांक 17.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे से पूर्व कॉलम संख्या 6 में अंकित राशि अनुसार प्रतिभूति/धरोहर राशि का डी.डी. महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर के नाम का जमा करवाकर बोली स्थल अस्थाई वन विक्रय केन्द्र, हिरापुरा, आबू रोड़, सिरोही में स्वयं/प्रतिनिधि उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है।

| क्र. सं. 1 | प्रादेशिक वनमण्डल 2 | अनुमानित वजन (क्विंटल में) 3 | लकड़ी/वन उपज का प्रकार 4 | अनु. राशि (रूपये में) 5 | प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में) 6 | नीलामी दिनांक/समय व स्थान 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वनमण्डल, सिरोही | 19329 | (पंचमेल) जलाऊ लकड़ी | 54,92,000 | 1,09,840 | 17.07.2025 प्रातः 10.00 बजे (अस्थाई वन विक्रय केन्द्र, हिरापुरा, आबु रोड़, सिरोही) |

नीलामी कार्यक्रम, शर्ते, प्रतिभूति राशि, नीलामी के नियम आदि की जानकारी ृेचचचण्तंरेंजींदण्हवअण्पद व कार्यालय में देखी जा सकती है। प्रतिभूति राशि नीलामी स्थल पर नीलामी से पूर्व जमा करानी होगी। अन्य जानकारी हेतु प्रभारी प्रबंधक के दूरभाष नम्बर 7012434477 पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, क्षैत्रीय कार्यालय अजमेर

राज.संवाद/सी/25/5368

भीम BHIM

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**Department of Tourism**
**Government of Rajasthan**
**Paryatan Bhawan, Opp. Vidhayakpuri Police Station, M.I. Road, Jaipur-302001**
**Telephone 0141-2822807, 0141-2822835**
**E-Mail-mktg-dot@rajasthan.gov.in**

No. F.3(167)Advt./VR Exp./DT/2025(04675/ Dated: As per e-Signature

**E-Bid Notice for Selection of an Agency for Development of Virtual Reality (VR) Experience for Rajasthan Tourism.**

**RFP/Bid No. 261**

Department of Tourism, Government of Rajasthan the invites bids for selection of an Agency for Development of Virtual Reality (VR) Experience for Rajasthan Tourism. Agencies with proven experience and credentials of having developed virtual reality experiences for tourism and related sectors can participalte in this bid process.

| Name of Work | Estimated Costof work (Rs) | Bid Security | Bid/RFP issue/ Start Date | Time & last date for submission of Bid | Time and date for opening of technical bid |
|---|---|---|---|---|---|
| Selection of an Agency for Development of Virtual Reality (VR) Experience for Rajasthan Tourism | 1.00 Crore | 2% of the estimated cost of work (Rs.2,00,000/-) | 16.06.2025 | 07.07.2025 03.00 PM | 07.07.2025 4.00 PM |

The E-bid form can be downloaded from www.eproc.rajasthn.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in (e-procurement portal of the State Government) nd www.tourism.rajasthan.gov.in. Duly filled bids can be submitted online latest by 07.07.2025 by 3.00 PM Rs. RISL fee of Rs. 2,500/- will have to be deposited online through e-GRAS (Budget head 8658-00-102-(16)-(01) and Bid document fee of Rs. 2000/- will have to be deposited online through e-GRAS (Budget Head 0075-00-800-52-01), Bid Security of Rs. 2,00,000/- will have to be deposited through E-Grass (Budget Head Name- प्रतिभूति राशि (8443-00-103-00-00).

Note: Copy of E-challan to be submitted before 3.00 PM on 07.07.2025.

Interested bidder eligible as per qualification criteria may submit their response to the BID through e-procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in.

For any other information, you may contact to Joint Director (Marketing), Department of Tourism, Government of Rajasthan, Jaipur (Tel. No. 9414337204, 0141-2822838 Email: mktg-dot@rajasthan.gov.in.

(Daleep Singh Rathore)
Joint Director (Marketing)

DIPR/C/8342/2025

# बेटे ने मां की हत्या के बाद ट्रेन के आगे छलांग लगाकर खुदकुशी की

## कॉल सेंटर में करता था जॉब, कई दिनों पहले छोड़ चुका था नौकरी

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना इलाके में एक कलयुगी बेटे ने चाकू से अपनी मां का गला रेत कर उसे मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद आरोपित ने पुलिस के डर से ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित कुमार शर्मा ने बताया कि अभिजीत (38) ने अपनी मॉ पुष्पांजलि (68) के साथ

**■ लंबे समय से चल रहा था अवसाद में,सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर जांच शुरु**

मुहाना इलाके में स्थित पार्श्वनाथ कॉलोनी में किराए के फ्लैट में रहते थे। अभिजीत ने सोमवार दोपहर साढ़े तीन बजे जवाहर सर्किल इलाके में ब्रेन टावर हॉस्पिटल के समीप गुजर रहीं रेलवे लाईन पर ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसके पास से घर की चाबी और कुछ दस्तावेज बरामद हुए। दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर उसके घर पहुंचे तो वहां उसकी माँ का शव पड़ा मिला। संभावना जताई जा रहीं है कि अभिजीत ने चाकू से अपनी मॉ का गला रेत उसे मौत के घाट उतार दिया और शव को कमरे में बंद कर वहां से फरार हो गया। जिसके बाद पकड़े जाने के डर से उसने भी ट्रेन के आगे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि मृतक अभिजीत कॉल सेंटर में जॉब करता था। लेकिन कई दिनों पहले उसने कॉल सेंटर से जॉब छोड़ दी थी। जिसके बाद से वो मानसिक अवसाद में था। सोमवार को दोपहर में उसने अपनी मॉ की हत्या करने के बाद वहां से फरार हो गया और आत्महत्या कर ली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसे पुष्पाजंलि का की बॉडी सड़ी-गली हालत में मिली और शव के पास हत्या के काम में लिया गया चाकू बरामद हुआ। पुलिस घटना के स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुट गई है।

## गोली मारने की धमकी देकर लूट

**जयपुर** । बजाज नगर इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने गोली मारने की धमकी देकर एक युवक से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार धमकी देकर बदमाशों ने दोस्तों को फोन करवाकर रुपए मंगवाए और फिर ऑनलाइन रुपए आने के बाद मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि दौसा जिले के बांदीकुई निवासी नरेन्द्र कुमार सैनी (18) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह महेश नगर में शारदा कॉलोनी में रहकर पढ़ाई कर रहा है। जो रविवार देर शाम को गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा था। इसी दौरान टोंक रोड की तरफ से एक व्यक्ति आया। उसके पास आकर फोन करने के लिए मोबाइल मांगा। मोबाइल देने पर बात करते हुए उसे साइड में ले गया। वहां पहले से उसके दो साथी खड़े मिले। तीनों बदमाशों ने उससे छीना-झपटी करना शुरू कर दिया। विरोध पर गोली मारने की धमकी दी। जहां बदमाशों ने धारदार हथियार निकाल जान से मारने की देकर युवक के दोस्त से फोन पर 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए।

# चिकित्सा मंत्री ने ''स्टॉप डायरिया अभियान'' का शुभारंभ किया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में दस्त रोग की रोकथाम को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को अपने राजकीय निवास पर ''स्टॉप डायरिया अभियान'' का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने अभियान का पोस्टर विमोचन किया तथा बच्चों

**■ 1 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा यह अभियान**

को ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित कीं। यह अभियान प्रदेशभर में 1 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा, जिसमें दस्त से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई एवं जनजागरूकता पर विशेष बल दिया जाएगा।

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि देश में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु के मामलों में लगभग 4.1 मौतें डायरिया की जटिलताओं से होती हैं। उन्होंने कहा कि डायरिया से बचाव के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। ओआरएस और जिंक की समय पर खुराक देकर बच्चों को सुरक्षित रखा जा सकता है। मंत्री



**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को अपने राजकीय निवास पर ''स्टॉप डायरिया अभियान'' का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया।**

खींवसर ने बताया कि यह अभियान ''डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान'' थीम पर आधारित होगा और विभिन्न विभागों के सहयोग से बहुआयामी गतिविधियां चलाई जाएंगी। इसमें महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, पीएचईडी, ग्रामीण विकास, और नगरीय विकास विभाग की महत्त्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

घर-घर जाकर ओआरएस और जिंक का वितरण

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव ने बताया कि अभियान के दौरान आशा सहयोगिनियां घर-घर जाकर 5 वर्ष से छोटे बच्चों को ओआरएस और जिंक की खुराक देंगी। इसके अतिरिक्त चिकित्सा संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस एवं जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे।

# 750 कि.मी. तक लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे खंगालकर पुलिस ने दो वाहन चोर दबोचे

**जयपुर** । मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यू सांगानेर रोड पर स्थित यामाहा शोरूम से नई दो पावर बाइक चोरी करने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जानकारी में सामने आया कि पुलिस ने 750 किलोमीटर में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए दो बदमाशों को चिन्हित किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से शोरूम से चुराई दो नई पावर बाइक और वारदात में

**■ आरोपियों के कब्जे से यामाहा शोरूम से चुराई हुई दो नई पावर बाइक और एक बुलेट बाइक जब्त की है।**

प्रयुक्त चोरी की बुलेट बाइक जब्त की है। फिलहाल गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यू सांगानेर रोड पर स्थित यामाहा शोरुम से नई दो पावर बाइक चोरी करने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग के शातिर बदमाश सचिन (42) और योगेश उर्फ छोटू (26) निवासी मुरार ग्वालियर (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी अव्वल दर्जे के नकबजन है।

जिनके खिलाफ मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व राजस्थान के अलग-अलग थानों में हत्या, नकबजनी, चोरी, डकैती की प्लानिंग और आर्म्स एक्ट जैसे आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपित




**मानसरोवर पुलिस ने न्यू सांगानेर रोड स्थित यामाहा शोरूम से नई दो पावर बाइक चुराने वाले शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

सचिन के खिलाफ 47 और योगेश उर्फ छोटू के खिलाफ 40 प्रकरण दर्ज होने की जानकारी मिली है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बाइक शोरूम से चोरी की दो पावन बाइक और वारदात में प्रयुक्त बुलेट बाइक जब्त की है।

पूछताछ में सामने आया है कि वह पुलिस की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह वाकिफ है, जिसके कारण चोरी के बाद रात में नहीं निकलकर दिन के समय शहर से बाहर निकलते थे। चैकिंग के दौरान वाहन रोकने पर खुद को फोर्स का आदमी बताकर वैसा व्यवहार करते थे। नए वाहन पर फूल माला लगाकर नया वाहन खरीदकर लाना बताकर निकल जाते थे। वारदात में यूज बुलेट बाइक को महाराष्ट्र पुणे के वर्धा थाना इाके में शोरुम का लॉक तोड़कर चोरी करना बताया है।

थानाधिकारी लखन खटाना ने बताया कि 25 जून को परिवादी ने मामला दर्ज करवाया था कि उनका न्यू सांगानेर रोड पर यामाहा कंपनी का बाइक शोरुम है। जहां बदमाश शोरुम का टफन ग्लास का लॉक तोड़कर दो नई आर-15 बाइक चोरी कर ले गए। फुटेज चेक करने पर बुलेट बाइक पर आए दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। टेस्ट ड्राइव के लिए तैयार दोनों बाइकों को एक के बाद एक कर चोरी कर ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर बाइक चोरों की तलाश शुरू की। पुलिस ने करीब 250 सीसीटीवी को चेक कर रुट चार्ट बनाकर पीछा किया। करीब 750 किलोमीटर पीछा कर ग्वालियर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों चोरों को धर-दबोचा।

# प्रेमी के धोखे से आहत युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की

**जयपुर** । करणी विहार इलाके में एक प्रेमी के धोखा देने से आहत युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस जांच में सामने आया कि पिछले दो साल से आरोपित प्रेमी शादी का झांसा देकर उसका देहशोषण कर रहा था। शादी से मना करने पर धोखे का एहसास होने पर युवती ने अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक युवती के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

जांच अधिकारी एसआई महेन्द्र सिंह ने बताया कि करणी विहार की रहने वाली युवती ने आत्महत्या की है। शनिवार को परिवार के सदस्य घर पर मौजूद थे और इस युवती ने अपने कमरे में जहरीला पदार्थ खा लिया।

तबीयत बिगड़ने पर उलटी करते देखकर परिजनों ने उसे संभाला। ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर उसे तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान रविवार रात को उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर मृतक युवती के भाई ने थाने में आरोपित प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाते हुए आरोप लगाया है कि बहन के जहर खाने से तबीयत खराब हो गई। अस्पताल लेकर आने के दौरान बहन ने परिजनों को आपबीती सुनाई थी। बहन ने बताया कि करीब तीन साल पहले जॉब के दौरान उसकी सहकर्मी से मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर ली। प्यार करने की कहकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

साथ ही पिछले दो साल से शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर उसने साफ मना कर दिया। दूसरी जगह शादी होने की तय होना भी बताया। प्रेमी से धोखा मिलने पर मरने के लिए जहर खा लिया। पुलिस ने मृतक युवती के भाई के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# जे.डी.ए. की लॉटरी आज

**जयपुर** । नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की उपस्थिति में 12 मई को शुभारंभ की गई गंगा विहार, यमुना विहार एवं सरस्वती विहार आवास योजनाओं की लॉटरी जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन आज निकालेगा। इन योजनाओं में पृथक-पृथक श्रेणियों के 765 भूखण्डों के ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आयुक्त आनन्दी ने बताया कि गंगा विहार, यमुना विहार एवं सरस्वती विहार आवासीय योजनाओं की लॉटरी 2 जुलाई को जविप्रा के नागरिक सेवा केन्द्र परिसर में निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि योजना की योजनाओं की सम्पूर्ण प्रक्रिया की लाइव स्ट्रीनिंग जेडीए के यूट्यूब चैनल एवं फेसबुक पेज पर किया जायेगा। लॉटरी के समय इच्छुक आवेदक उपस्थित रह सकते है।

## 'माता-पिता की सेवा से महादेव होते हैं प्रसन्न'

**जयपुर** । श्री शिव महापुराण कथा समिति की ओर से बनीपार्क में कांतिचंद्र रोड पर आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में षष्ठ दिवस व्यास पीठ से संतोष सागर महाराज ने समुद्र मंथन, मां गंगा का प्राकट्यय, भगवान शिव के विभिन्न स्वरूप, एकादश रुद्र अवतार की कथा सुनाई। समुद्र मंथन के कथानक में संतोष सागर महाराज ने बताया कि मंथन के दौरान निकले भयंकर विष का पान कर महादेव नीलकंठ कहलाए और सभी लोकों की विष से रक्षा की, देवताओं और राक्षसों के मंतव्य को पूरा किया। राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने स्वर्ग से गंगा को अपनी जटाओं पर धारण कर उसकी एक धारा पृथ्वी पर अवतरित की और गंगाधर कहलाए। शिव भक्त नाभाग की कथा सुनाते हुए संतोष सागर महाराज ने कहा कि अपने भाइयों द्वारा संपत्ति से विमुख किए जाने पर भी नाभाग ने अपने पिता की आज्ञा से अपने भाइयों से झगड़ा न कर भगवान शिव की उपासना की और उनका परम आशीर्वाद प्राप्त किया। महादेव उसी पर प्रसन्न होते हैं, जो अपने माता पिता की निःस्वार्थ सेवा करते हैं। एकादश रुद्र अवतार में एक रूप हनुमान जन्म की कथा सुनाते हुए संतोष सागर ने बताया कि हनुमान महान भक्त है। वे दो कार्य करते हैं, राम कथा सुनाते है और भक्तों की व्यथा समाप्त कर देते हैं।

## सार-समाचार

### भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति को तीन एंबुलेंस वाहन भेंट



**जयपुर** । देश की अग्रणी बैंकिंग कम्पनी एच.डी.एफ.सी. ने सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) को 3 पूर्ण सजित एम्बूलेन्स भेंट किया। एच.डी.एफ.सी. ने बी.एम.वी.एस.एस. में आयोजित एक समारोह में यह एम्बूलेन्स बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता और समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एस.एस. भण्डारी को भेंट की। इस अवसर पर एच.डी.एफ.सी. बैंक के वाइस प्रेसिडेन्ट (आर.आर.बी.) सिद्वार्थ जैन, डिप्टी प्रेसिडेन्ट रोजिहा जे. शर्मा, डिप्टी वाईस प्रेसिडेन्ट और क्षेत्रीय सी.एस.आर. प्रमुख रूपाली गोस्वामी और डिप्टी मैनेजर सी.एस.आर. सुनिता शिवकुमार के अलावा बी.एम.वी.एस. के सचिव भूपेन्द्र राज मेहता और सचिव (तकनिकी) डॉ. दीपेन्द्र मेहता भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि एच.डी.एफ.सी. सिक्यूरिटीज़ द्वारा पूर्व मे बी.एम.वी.एस.एस. को तीन एम्बूलेन्स भेंट की जा चुकी हैं। इन एम्बूलेन्सों का उपयोग विकलांगों को लाने जाने के अलावा विभिन्न स्थानों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों में उपयोग किया जाता हैं।

### 'जनगणना में मातृ भाषा राजस्थानी लिखाएं'



**जयपुर** (कासं)। आरटीआई कार्यकर्त्ता ओम प्रकाश ओझा ने राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों में रहने वाले सभी राजस्थानियों से अपील की है कि वर्ष 2026 में होने वाली जन गणना में अपनी मातृ भाषा राजस्थानी लिखवाए। उन्होंने कहा राजस्थानी के साहित्यकार, भाषाविद, शिक्षक, प्रकाशकों का भी दायित्व बनता है कि वे लोग राजस्थानी भाषा के पक्ष में माहौल बनाने में सक्रिय हो। राजस्थानी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करना तभी संभव हो सकेगा, जब राजस्थानी भाषा बोलने वालों की सही संख्या सरकारी आंकड़ों में दर्ज होगी। ओझा ने बताया कि उन्होंने जयपुर स्थित जनगणना कार्य निदेशालय में शिकायत की थी कि राजस्थानी भाषा बोलने वाले लोगों की संख्या पूरे भारत में 10 करोड़ के लगभग है, जबकि सरकारी आंकड़े इसे 2.50 करोड़ ही दिखा रहे है, जो कि प्रत्यक्षत गलत है। उन्होंने बताया जनगणना कार्य निदेशालय ने मेरे पत्र को केंद्रीय गृह मंत्रालय को कार्यवाही के लिए भेजा है क्योंकि किसी भी भाषा को संविधान की 8वी अनुसूची में शामिल करने और जनसंख्या के आंकड़े एकत्रित करने का कार्य गृह मंत्रालय में भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल का है। इसलिए मेरे पत्र को कार्यवाही के लिए संबंधित कार्यालय को भेजा गया है।

### कलाकारों ने छलकाया कथक का लालित्य

**जयपुर** । संगीत आश्रम संस्थान की ओर से चल रहे तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह के आखिरी दिन संस्थान परिसर में शास्त्रीय कथक नृत्य संध्या संजोई गई। कार्यक्रम में अनेक बाल- युवा नृत्यांगनाओं ने आकर्षक फुटवर्क और आंगिक- भंगिमाओं के बेहतरीन संयोजन से जयपुर घराने के शुद्ध पारंपरिक कथक का सलोनापन दर्शाया। कलाकारों ने नृत्यगुरु संजीव कुमावत के निर्देशन में ठाठ, आमद, कवित्त, तोड़े, टुकड़े, तिहाइयां समेत भाव नृत्य का सुन्दर प्रदर्शन कर प्रशंसा बंटोरी। कार्यक्रम में देवांशी जादौन, अभिगना शर्मा, ईनाया अग्रवाल ने एकदंताए वक्रतुण्डाय गौरीतनयाय धीमहि...रचना पर गणेश वंदना की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। प्रियदर्शिनी ने कान्हा तोसे हृदय ना जोडूंगी...रचना पर भाव नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी।इसी प्रकार समृद्धि, दीपशिखा प्रजापत, परी बता, आराध्या चतुर्वेदी, वाणी जायसवाल और चार्वी अग्रवाल ने तीन ताल में कथक की लालित्यपूर्ण प्रस्तुति दी। संचालन वीना अनुपम ने किया। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

### आई.सी.आई.सी.आई. प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट लॉंच

**जयपुर** (कासं)। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस लॉन्च किया है। यह एक मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट है, जिसे ग्राहकों को दीर्घकालिक रूप से संपत्ति बनाने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रोडक्ट को सिर्फ 1000 रुपए की मासिक प्रीमियम पर खरीदा जा सकता है। इससे युवा ग्राहक आसानी से नियमित निवेश कर सकते हैं और अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं। इसमें जीवन बीमा का लाभ भी शामिल है, जिससे ग्राहक के न रहने पर उसके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। यह जानकारी अमित पालटा, चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस दी है।

# राज्य सरकार और गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के बीच हुए समझौतों पर चर्चा



**अति पिछड़ा वर्ग एवं गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही विभिन्न मांगों पर चर्चा के लिए मंगलवार को सचिवालय में मंत्रीगण समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई।**

**जयपुर** (कासं)। अति पिछड़ा वर्ग एवं गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा उठाई जा रही विभिन्न मांगों पर चर्चा के लिए मंगलवार को शासन सचिवालय में मंत्रीगण समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राज्य सरकार एवं गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के बीच हुए समझौतों पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान गुर्जर आरक्षण आंदोलन से संबंधित मुकदमों के निस्तारण, रोस्टर एवं विभिन्न भर्तियों में आरक्षण, आन्दोलन प्रभावितों को अनुकम्पा नियुक्ति, देवनारायण योजना की प्रगति, 5 प्रतिशत अति पिछड़ा आरक्षण को नवीं अनुसूची में शामिल कराने सहित समस्त बिन्दुओं पर सकारात्मक चर्चा की गयी। समिति द्वारा सम्बंधित विभागों को इस सम्बन्ध में 15 दिन में तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए तथा आंदोलन समिति द्वारा नामित प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अपर्णा अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग भास्कर ए. सावंत मौजूद रहे।

# सेवा, श्रद्धा और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रहा पूर्व सांसद रामचरण बोहरा का जन्मदिवस

**जयपुर** । जयपुर के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामचरण बोहरा ने पूरी श्रद्धा और सादगी के साथ अपना 69वां जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर उनके हजारों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

पूर्व सांसद बोहरा ने अपने जन्मदिवस की शुरुआत मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन और पूजन से की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और समृद्ध राष्ट्र की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात वे अपने पैतृक गांव वाटिका के मोहनपुरा में स्थित गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गौमाता की पूजा-अर्चना की और गायों को चारा खिलाकर सेवा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बोहरा ने 69 पौधों का रोपण भी किया, जो उनके 69वें जन्मदिवस का प्रतीक रहा। बोहरा के जयपुर स्थित निवास पर दिन भर जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं,



**जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा के जन्मदिन पर हजारों समर्थकों ने उनसे मुलाकात कर बधाईयां दी और स्वागत सत्कार किया।**

विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी वर्ग और आमजनों का तांता लगा रहा। सभी ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर, अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं मिठाइयों से मुंह मीठा कराते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वे खोले के हनुमानजी मंदिर तथा गोविंद देवजी मंदिर भी पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम को प्रतापनगर सेक्टर 8 स्थित व्यापार मंडल द्वारा भव्य आयोजन कर पूर्व सांसद बोहरा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत कर उनके जनसेवा कार्यों की सराहना की।

# 23 बीघा भूमि से 6 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने कालवाड़ रोड, सांगानेर और बढ़ारना क्षेत्र में कार्रवाई कर 23 बीघा भूमि पर काटी जा रही अवैध 6 कॉलोनियों को ध्वस्त किया।

पुलिस महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को कालवाड़ रोड पर ग्राम गजाधरपुरा में करीब 2 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना मंजूरी और बिना भू-रूपांतरण मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें बनाकर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इसी प्रकार माचवां में 3 बीघा कृषि भूमि पर भी कृषि भूमि को समतल कर सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, टीनशेडनुमा कोठरी, लोहे का गेट लगाकर व अन्य अवैध निर्माण कर लिए गए थे, जिन्हें जोन-



**जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने कालवाड़ रोड, सांगानेर और बढ़ारना क्षेत्र में बसाई जा रही अवैध कॉलोनियां ध्वस्त कीं।**

12 के राजस्व और तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर ध्वस्त किया। इसी प्रकार कालवाड़ रोड स्थित ग्राम भम्भौरी में 6 बीघा तथा एक बीघा कृषि भूमि पर भी मिट्टी-ग्रेवल सड़कें बनाकर और अन्य अवैध निर्माण कर कॉलोनी काटने की तैयारी थी, जिसे जेडीए ने ध्वस्त किया।

कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि सांगानेर स्थित ग्राम वाटिका में 6 बीघा कृषि भूमि पर तथा कानोता थाने के पास 5 बीघा कृषि भूमि पर "श्री रामसेतु विहार" के नाम से कॉलोनी बसाने की तैयारी थी, जिसे भी ध्वस्त किया। बढ़ारना सब्जी मण्डी से मनसा माता रोड पर सरकारी आम रास्ते पर कब्जा-अतिक्रमण कर पत्थर, मिट्टी, मलबा, सीमेन्ट का पिल्लर, लकडियां डालकर किए गए अवैध कब्जे-अतिक्रमण को भी जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त किया। यह तमाम कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के नेतृत्व में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व प्रवर्तन अधिकारियों ने की।

## जरूरतमंदों को मिल रहा है सरकारी स्कीम का लाभ : जोराराम कुमावत

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल पर राज्य सरकार अपनी योजनाओं का लाभ गरीब और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा आयोजित कर रही है।

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला, युवा, मजदूर, किसान के कल्याण के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। इस पखवाड़े के दौरान आयोजित शिविरों में पशुपालन विभाग भी बहुत सक्रियता से अपनी भूमिका निभा रहा है। इन शिविरों में विभाग की अधीनस्थ संस्थाओं के माध्यम से पशुओं का परीक्षण एवं जांच कर रोगी पशुओं का उपचार किये जाने के साथ.साथ संक्रामक रोगों से बचाव हेतु टीकाकरण का कार्य भी सम्पादित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 30 जून तक आयोजित शिविरों में 8 लाख 89 हजार रोगी पशुओं का उपचार किया जा चुका है साथ ही विभिन्न प्रकार के संक्रामक रोगों से बचाव हेतु 8.96 लाख पशुओं का टीकाकरण कर 2.48 लाख पशुपालकों को लाभान्वित किया जा चुका है। कुमावत ने कहा कि यह अभियान निश्चित ही जरूरतमंदों और वंचितों के लिए वरदान साबित होगा।




## Thank you, Tutor!

Peer tutors, college students, teachers and many others with specific skill sets often work on the side or full-time as a tutor. World Tutors' Day is here to show appreciation for those who help educate and encourage individuals and small groups with their tutoring skills. Show some appreciation and care for tutors from all corners of the globe by celebrating World Tutors' Day. Parents, children, college students and others, who learn from the skills and knowledge that tutors have, can celebrate the day by giving them a hearty 'thank you.'

#TRUE GRATITUDE

# How should it be

'Today, we are not honouring Sundar Pichai, we are honouring a mother who once gave up her food so that her son could study.'- P.M.




A warm evening at the Grand Convention Center in New Delhi. Camera flashes were flashing everywhere. Security guards were chatting on walkie-talkies and people in loose shoes were milling around. The hall was packed with ministers, businessmen, dignitaries, and foreign guests. The most powerful men and women of the country were sitting in the first row.

In a corner chair in the third row, a petite woman dressed in a pale cotton sari was sitting. Her presence was not something that anyone would notice. The woman's name was Lakshmi Pichai. Very few people knew who she was. In the spotlight was her son Sundar Pichai, Google's CEO and the pride of India.

Sundar Pichai, a man who had overcome many obstacles to reach this position.

Today, this evening, the Government of India would honour this son of Bharat. His felicitation was a rare event, for which the intelligent minds of the country were brought together. Sundar's gaze seemed to turn to her mother. She did not like being paid attention to. She was sitting quietly with her hands on her lap, but her eyes were filled with peaceful emotion.

As soon as Prime Minister Modi came on the stage, the program began with a round of applause. His speech, filled with very effective words and the passion for fulfilling dreams, hard work and basic values, was very powerful. He mentioned the names of industrialists, scientists and artists, which inspired enthusiasm in the audience. Then, his voice came from deep. And he said, 'Today we are not just honouring Sundar Pichai, we are honouring the life journey of a mother who once gave up her food so that her son could study.'

Sundar's heart beat was faster. He had never said this publicly. There was absolute silence in the hall. Cameras moved to capture the incident. People looked around.

Modiji quietly got down from the podium, but he did not go towards Sundar, but towards a woman wearing a plain cotton sari sitting in the corner of the third row. Lakshmi was confused. She looked up. Her hands trembled. Everyone seemed to hold their breath. Modiji exclaimed very humbly, this has been possible only because of your sacrifice.

And Modiji bent down and touched the feet of, and offered his respects. The entire hall stood silent. The flashes of the cameras flashed. Reporters rushed in. Sundar's eyes welled up with tears. He had never expected this even in his



dreams. He had spent many years in Silicon Valley, he had met the presidents, prime ministers, and kings of many nations there. But no one had honoured his mother like this. Lakshmi tried to stand. Modiji supported her and gently made her stand in front of the stage, in front of everyone present. She resisted but Modiji firmly made her stand. And the audience gave a huge applause. Sundar came to the spot with great joy and stood. As he stood on the stage with his mother, memories of the past flooded his mind.

He remembered his colourful two-room house in Chennai that did not even have a simple refrigerator. Sundar's father worked as an electrical engineer. He used to bring home blueprints and soldering wire. He could not even afford to bring toys for his children. So, he used to bring broken radios to the children so that they would open them and learn. Sundar would ask him questions for hours. His mother would teach him mathematics using grains of rice. When Sundar got admission in college, his mother never told anyone that she had sold her gold bangles. She would just say, "We will make arrangements."

Sundar was a very quiet boy during his school days. He was never aggressive. But he was very attentive. His teacher said, "Sundar's memory is like a mirror. He would memorize a number or a code he had dialed once."

Sometimes, at night, the lights would go off at home, and the fans would not work. Sundar and his brother would sleep on the floor and sweat. At that time, his mother would fan them with a cardboard box for several hours without sleeping, and then would get up early in the morning for house chores.

When Sundar got a scholarship to study in America, Sundar did not believe that he would be able to go. Because the ticket to America was very expensive. But his mother said, "You go, I will talk to the bank." But she did not talk to the bank. She sold the last gold jewelry she had.

Sundar remembered that night when she returned quietly to the hotel, her mother held his hand like a child and said, "You have not forgotten, that is enough for me." To this, Sundar replied, "Mom, you have never asked for anything, that is the reason why I will never forget you."



# Waking Up To Your Weakness And Hardening Up




Nanavatty was 'unsparing in his indictment of the senior leadership.' He felt that there was a complete lack of foresight and planning and the Army had been reduced to a 'mere peacetime machine,' physically unfit, ill-equipped and ill-trained. The other issues which he touched upon would remain his focus throughout his career; 'build defences where we can provide easy logistics support, train extremely hard, junior leaders to take the initiative and create an offensive spirit.'





Maj Gen Jagatbir Singh, VSM (RETD)


'Shooting Straight' is the biography of Lieutenant General Rostum Nanavatty, undoubtedly a man of stellar character, with a passion and commitment for soldiering and a military leader who tenanted some of the most challenging operational assignments in the Indian Army with a sense of purpose and the ability to speak 'truth to power.' The book has been meticulously researched by Air Vice Marshal Arjun Subramaniam, undoubtedly one of India's most accomplished contemporary military historians.

Arjun has not only captured details of Nanavatty's transition from a tactical to operational and thereafter a strategic level, but also given a rare insight into the people and events that shaped his values and leadership style. His unique journey in uniform commenced from being commissioned into 2/8 GORKHA RIFLES soon after the 1962 War with China to commanding the Northern Army during Operation Parakram.

Written chronologically, it is a book that can be read at multiple levels, a personal story, the evolution of the Indian Army and leadership lessons. What stands out in this book is the manner in which the sheer depth and breadth of his insights and his rich operational repository have been captured by Arjun. The intellectual dimension of war fighting also comes out very clearly as does his strategic mindset.




## The Book

When Nanavatty joined his Battalion, they had withdrawn to Along, after 1962 war and had lost a large number of personnel including the Commanding Officer. When he got the opportunity to pen his thoughts on the war, Nanavatty was 'unsparing in his indictment of the senior leadership.' He felt that there was a complete lack of foresight and planning and the Army had been reduced to a 'mere peacetime machine,' physically unfit, ill-equipped and ill-trained. The other issues which he touched upon would remain his focus throughout his career; 'build defences where we can provide easy logistics support, train extremely hard, junior leaders to take the initiative and create an offensive spirit.'

The Battalion was soon moved to Nagaland, where as a young officer, he got involved in operations against insurgents. The new Commanding Officer Colonel Shamsher Singh 'was a man on a mission, determined to see that misfortune did not strike the battalion twice.' He credits him and Colonel (later Lieutenant General) Anand Swarup; who embodied the ideal Commanding Officer, physically tough and mentally very robust of laying the high training



#SHOOTING STRAIGHT






standards of the unit. During Operation Pawan, Nanavatty headed the Para Commando Task Force for a few months. His meticulous approach laid the foundation for Special Operations in Sri Lanka. As per him, 'the LTTE was the most efficient guerilla outfit the Indian Army has ever encountered.' It is here that he put into place his observations regarding the functioning of Special Forces units based on his interactions and observations when he was the Indian Army Liaison Officer in the UK. But he was scathing in his assessment regarding how infantry units were equipped during the early days of the IPKF deployment.

About General Sunderji, whom he served under at multiple times, admired and shared a personal rapport with, he states, "the brilliant General Sunderji was and ever remained an ardent proponent of the 'big battle.' Consequently, he paid little attention to counterinsurgency."

As the Brigade Commander of the Siachen Brigade, he walked to every Post and was instrumental in improving the quality of training at the Siachen Battle School and focused on achieving ascendency over the enemy and improving the living conditions of those who served on the glacier. He remembers his GOC, Major General VR Raghavan, as 'a fine, clear thinking and erudite Commander in the soldier scholar mould.' Nanavatty's mind throughout his career and even after retirement argued against the prevailing hawkish perspectives of retaining significant deployment on the glacier.

In June 1993, Nanavtty assumed command of 19 Infantry Division at Baramulla. There, he focused on Counter-Terrorism (CT) operations and felt that Pakistan was only likely to resort to a conventional war if CT operations fail. He also opined that 'however successful the Indian Army was in securing the peripheral areas, the centre of gravity of the secessionist movement would remain Srinagar.' He also felt that the Pakistan Army needed to pay a heavy price for abetting and supporting terrorism and 'changed the rules of the game by dominating the no man's land.'

> At a Seminar at 16 Corps, in October 2001, he had clearly stated that with time, Pakistan's role has dwarfed that of the Kashmiri separatist. He emphasized that India was now faced with a relentless covert war in the guise of a freedom struggle, planned, organized, directed, coordinated and controlled by Pakistan.

Intelligence was also given the highest priority and his leadership style was both 'enabling and empowering.' He states that his Corps Commander General Padmanabhan 'had a razor-sharp mind.' In his assessment after handing over, he said that North Kashmir was a war zone and there was a sense of alienation and deprivation amongst the people. He felt that the government and civil administration needed to move the peace process forward.

Though he desired to command either 15 or 16 Corps, Nanavatty was posted to 3 Corps, where he was responsible for the insurgency-ridden states in NE India; Nagaland, Manipur, Mizoram, Tripura and parts of Arunachal Pradesh. In September 1998, in Manipur, he told the then Home Minister Indrajit Gupta that the dire situation in Churachandpur was due to the fact that the state government had completely abdicated their responsibility and cautioned regarding the damages of ignoring Manipur. His observation, analysis, and prognosis about the Nagaland and Manipur problems are striking. His tenure, which he termed as complex and difficult, exposed him to 'the perils and complexities of modern conflict which involved an intersection of politics, culture and societal faultlines.'

The book gives an insight into Nanavatty's tenure as the Northern Army Commander and how he wanted to carry out a series of limited Battalion-sized operations to seize and control key areas across the Line of Control. Operation Kabaddi was aimed to push the envelope of Northern command proactive deterrence and introduce a punitive paradigm. Unfortunately, it was not launched due to the geopolitical events post 9/11.

At a Seminar at 16 Corps, in October 2001, he had clearly stated that with time, Pakistan's role has dwarfed that of the Kashmiri separatist. He emphasized that India was now faced with a relentless covert war in the guise of a freedom struggle, planned, organized, directed, coordinated and controlled by Pakistan.

It was during operation Parakram, when Nanavatty came closest to conventional war, but as seven of his nine division were committed in CT Operations, he needed time to prepare. "This is not what Paddy wanted to hear." Following his experience in Operation Parakram, Nanavatty believed that India is deceiving itself if it can prosecute a unilateral war of choice without creating the right conditions. He ended by stating that 'as the Northern Army Commander, he called the capture of Pakistan-controlled areas in Kashmir 'achievable' but would demand extraordinary synergy of political, diplomatic, economic, intelligence and military effort, and an uncharacteristic single-mindedness of purpose.'



In April 2002, he, with the assistance of Colonel (later Lieutenant General) Sanjeev Langer, submitted a paper suggesting a 'whole of government approach for the resolution of conflict in J&K.' General Padmanabhan had given the go ahead, but told him to 'be brief and ensure that there are no accusations or recrimination.'

He sent copies of it to many senior government functionaries like then-Home Minister LK Advani, Home Secretary NN Vohra, and Foreign Minister Jaswant Singh, but except for Jaswant Singh, who took time off to discuss the strategy document with Nanavatty, there was little interest in other quarters. However, Lieutenant General Panag, who was the Northern Army Commander in 2007, calls the paper 'a clear and bold contemporary roadmap for conflict resolution.' Unfortunately, the national security establishment did not leverage his experience post-retirement.

## Conclusion

Given General Nanavatty's ability to put things down in writing and predict what needs to be done in the future, it is surprising that his thoughts on China have not been articulated in depth. Though he has stated that 'deciding the mutually acceptable' LAC is 'a matter of the highest priority.'

This stands out due to two reasons, the first being his joining his Battalion soon after they had been de-inducted from Mechuka after the 1962 conflict, and as a result, he was witness to the plight of the Army at that time and had penned down very relevant observations. The other being that he held the appointment of the Northern Army Commander during Operation Parakram and was responsible for operations both against Pakistan and China.

What stands apart is his professional excellence, integrity, unflinching moral courage and the ability to always stand up for what he believed was right and unhesitatingly put across his views with courage of conviction. Though he did have critics which included Lieutenant General Arjun Ray, who states that innovation, mental mobility and foresight are not his strengths and he had little understanding of the big picture.

The book is a masterpiece which holds leadership lessons across domains and is strongly recommended to be read not only by those who don the uniform but also by academics, practitioners and students of national security.

It also gives a prism of the country's security challenges and the Indian Army's operational art through the lens of one of its accomplished and distinguished soldiers. Arjun has yet again added a valuable contribution to India's national security literature.


rajeshsharma1049@gmail.com




#FLOWER POWER

# 8 Uses for Chamomile

Chamomile is a sleepy-maker, so that it can cause drowsiness. Most experts say chamomile is safe, though it can trigger allergic reactions in some people.

Chamomile is an amazing flower. On appearance, it's a sweet little daisy with a delicate flavour. But underneath that demure exterior, it is a potent powerhouse that has been used in traditional medicine for thousands of years. One comprehensive study lists 54 traditional uses for it, from treating sleep and skin problems to soothing nausea and cramps.



## Ease insomnia and stress

Chamomile is maybe best known for taking the edge off of stress and promoting a good night's sleep. One study notes, "Chamomile is widely regarded as a mild tranquilizer and sleep-inducer. Sedative effects may be due to the flavonoid, apigenin, that binds to benzodiazepine receptors in the brain." Curiously, there has not been a lot of clinical trials proving all of this; but based on my own experience and thousands of years of tried-and-true folk wisdom, I'm standing by this claim.



## Improve skin conditions

Chamomile has been used since antiquity to treat wounds and urge healing, thanks to its anti-inflammatory and antimicrobial properties. A small yet more recent study found that chamomile significantly promoted wound healing. Several studies have found that topical chamomile treatments are effective in soothing eczema and mild inflammatory skin conditions.

## Reduce acne breakouts and redness

Many people swear by chamomile to reduce acne and the redness that comes with it; which makes sense, considering its prevalence in so many skincare products. Its anti-inflammatory and antiseptic properties can be put to great use by making a strong chamomile tea, letting it cool, and then either rubbing it on clean skin with your fingers, or wetting a washcloth with it and allowing it to stay on affected areas for 15 minutes or so. Leftover tea can be kept in the fridge.



## Quell nausea, vomiting, gas, and heartburn

There are studies, there is folk wisdom, there is anecdotal evidence, and it all points to the fact that chamomile tea soothes the things that vex the stomach.

## Stymie symptoms of the common cold

There has been plenty of anecdotal evidence showing that drinking chamomile tea can relieve symptoms of the cursed common cold. Meanwhile, one study found that inhaling chamomile steam helped in the same endeavour. Since we already know that fluids, warm drinks, and steam are good cold combatants, why not throw in some chamomile there too?

## Minimize menstrual pain and grumpiness



The proof on this one is in a lot of anecdotal evidence with a fair amount of research backing it up. Among other studies, one says that chamomile tea appears to be helpful in relieving menstrual cramps in women, probably by relaxing the uterus. Meanwhile, another study found that drinking chamomile tea for a month is an 'effective therapy in relieving the pain originated from primary dysmenorrhea (cramps) and its consequent psychosocial problems (grumpiness).'

## Treat diabetes and lower blood sugar



This is a pretty lofty claim, but some studies have found that chamomile tea can lower blood sugar in people with diabetes; though probably not enough to replace diabetes medications. But still, it could provide a boost to existing treatments. Likewise, a 2008 suggests that chamomile tea could prevent blood sugar from increasing, which could help to reduce the long-term risk of diabetes complications, suggesting that chamomile could improve diabetes outcomes, reports Medical News Today.

## Reduce inflammation

A lot of research has looked into chamomile's efficacy in reducing inflammation, an immune system reaction to fight infection. Inflammation can lead to a whole host of health problems, from depression to cancer. Chamomile has been found to help both when ingested and when used topically. Even more specifically, a 2009 study notes: The German E Commission has approved chamomile for internal use to treat gastrointestinal spasms and inflammatory diseases of the gastrointestinal tract. In addition, the German E Commission has approved external use of chamomile for inflammation of the skin and bacterial skin diseases, and respiratory tract inflammation.



## How to use and side effects

If you are interested in trying chamomile tea, it should be used as a supplement, rather than a replacement, to your normal medication regimen. A regular dose of one or two cups of tea a day should encourage health benefits. As noted above, chamomile is a sleepy-maker, so be warned that it can cause drowsiness. Most experts say that chamomile is safe, though it can trigger allergic reactions in people who have allergies to related plants. And now, I'm off to buy some chamomile seeds so that I can plant a medicine cabinet.

## THE WALL

"BETTER A WITTY FOOL THAN A FOOLISH WIT."
-WILLIAM SHAKESPEARE

## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त की तस्करी करते एक आरोपी गिरफ्तार

## तस्कर के कब्जे से 8.870 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त जब्त किया

**ब्यावर,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं वृत्ताधिकारी के सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना ब्यावर सदर मय जाप्ता द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर कब्जे से 08.870 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त जब्त करने में सफलता मिली।

गौरतलब है कि 30 जून को थानाधिकारी पुलिस थाना सदर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक जवान उम्र का व्यक्ति जो खरवा में रामदेवजी के मन्दिर के पास प्लास्टिक का कट्टा लेकर खड़ा है जिसमें अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त भरा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रामदेवजी के मंदिर के पास पहुंचे तो व्यक्ति भागने लगा जिसको पुलिस टीम द्वारा डिटेन किया जाकर प्लास्टिक के कटटे की तलाशी ली गई। कट्टे में 08.870 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त मिला जिसको जब्त किये जाकर आरोपी चारभुजा मंदिर के पास खरवा निवासी चेतन कुमार वैष्णव पुत्र राजेन्द्र वैष्णव उम्र करीब 29 साल को गिरफ्तार किया गया। गजराज पु.नि. थानाधिकारी सदर की पुलिस टीम में कांस्टेबल महेन्द्र, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, सुखपाल, हरेन्द्र, सुखाराम आदि थे।



पुलिस ने डोडा-पोस्त तस्कर को गिरफ्तार किया।

**ब्यावर में चैन स्नेचिंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया :** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं वृत्ताधिकारी के सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना सदर मय जाप्ता द्वारा चैन स्नेचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों शिव कॉलोनी बलाड़ रोड़ निवासी रविन्द्रसिंह उर्फ बबलू पुत्र सत्यनारायण रावणा राजपूत, सुरेश नगर बलाड़ रोड़ निवासी अमरसिंह पुत्र बाबूसिंह रावत को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने का लॉकेट व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की।

गौरतलब है कि 29 जून को ग्राम डींगा टोला ब्यावर खास निवासी प्रार्थीया ने एक रिपोर्ट पेश की कि मैं मेरी पुत्री को छोड़कर वापस घर जा रही थी तो एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आये और अचानक झपट्टा मारकर मेरे गले में पहना सोने का लॉकेट तोड़कर लेकर भाग गये। जिस पर प्रकरण दर्ज किया जाकर घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाकर टीम द्वारा सूचना संकलन, तकनीकि डाटा विशलेषण किया जाकर दो संदिग्ध को डिटेन किये गए। पूछताछ करने पर आरोपियो द्वारा चैन स्नेचिंग करने की वारदात स्वीकार किया जिस पर दोनों को गिरफ्तार किये जाकर उनके कब्जे से चैन स्नेचिंग किया गया सोने का लॉकेट व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल जब्त कर लिया गया। गजराज पु.नि. थानाधिकारी सदर की पुलिस टीम में चेलाराम सउनि और कांस्टेबल प्रेमसिंह, मुकेश कुमार, संतोष कुमार थे।

**बाइक जब्त, दो गिरफ्तार :** टोंक में थाना दूनी क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गठित थाना टीम ने मोटरसाइकिल को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी दूनी ने बताया कि गठित विशेष टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर की सूवना पर आरोपी दिलखुश बैरवा पुत्र मंगल निवासी छाबड़ियों का नयागांव थाना दबलाना जिला बूंदी को ग्राम छाबड़ियों का नयागांव से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। दिलखुश बैरवा ने उक्त मोटरसाइकिल मनोज पुत्र हरिसिंह मीणा से खरीदना बताया जिस पर आरोपी मनोज को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# करौली जिले में झमाझम बारिश से राहत मिली

## जगर बांध में 68 मिमी, हिंडौन में 55 मिमी और मंडरायल में 44 मिमी वर्षा दर्ज की गई



करौली में तेज बरसात होने से सड़कों पर पानी भर गया।

**करौली,** (निसं)। करौली में मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी है। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार गुप्ता के अनुसार पिछले 24 घंटों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। जगर बांध में सर्वाधिक 68 मिमी, हिंडौन में 55 मिमी और मंडरायल में 44 मिमी वर्षा दर्ज की गई। करौली में 42 मिमी,पांचना बांध में 33 मिमी, टोडाभीम में 18 मिमी, नादौती में 13 मिमी, श्रीमहावीरजी में 10 मिमी और सपोटरा में 1 मिमी बारिश हुई। इस मानसून सत्र में अब तक करौली में सर्वाधिक 326 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। जिले में कुल औसत बारिश 232.2 मिलीमीटर हो चुकी है। मानसून सत्र में बारिश का सामान्य औसत 596 मिमी है। बारिश से किसानों को फसलों के लिए फायदा मिलेगा। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मानसून के और सक्रिय होने की संभावना जताई है। विभाग ने बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया है। सोमवार को आसमान में बादल छाए रहे थे लेकिन उमस के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पाई थी।

# भारत में पर्यटन को विकसित करने की असीम संभावनाएं : डॉ. ललित के. पंवार

**अजमेर,** (कासं)। नीति आयोग में हाल ही मनोनीत विशेष आमंत्रित विशेषज्ञ पर्यटन, डॉ. ललित के. पंवार ने सोमवार को दिल्ली स्थित नीति आयोग में पर्यटन विकास को किस प्रकार और गति प्रदान करें के संबंध में विस्तार से प्रजन्टेशन दिया।

- डॉ. ललित के. पंवार नीति आयोग में हाल ही मनोनीत विशेष आमंत्रित विशेषज्ञ पर्यटन है
- डॉ. ललित के. पंवार ने दिल्ली स्थित नीति आयोग में पर्यटन विकास को किस प्रकार और गति प्रदान करें के संबंध में विस्तार से प्रजन्टेशन दिया



डॉ. ललित के. पंवार ने दिल्ली स्थित नीति आयोग में आयोजित कार्यक्रम में प्रजन्टेशन दिया।

उन्होंने बताया कि भारत में पर्यटन को विकसित करने तथा इसे घरेलू उद्योग के रूप में स्थापित करने की असीम संभावनाएं नये हैं, उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पर्यटन कैसे महत्वपूर्ण है। डॉ. पंवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के पर्यटन को पूरे विश्व में स्थापित करने के लिये जो सशक्त कदम उठाए उनकी सराहना की।

डॉ. ललित के. पंवार भारत सरकार में पर्यटन सचिव व भारतीय पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग के सदस्य भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी राजीव गौबा ने की। आयोग के संयुक्त सचिव आई ए एस राजीव ठाकुर भी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1979 बैच के अधिकारी डॉ. ललित के. पंवार राजस्थान के पर्यटन सचिव व राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रह चुके हैं जिन्होंने राजस्थान के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'पधारो म्हारे देस' स्लोगन दिया, जिसने पूरे विश्व में ख्याति अर्जित की। डॉ. पंवार सेवानिवृत्ति के पश्चात अगस्त 2015 से अगस्त 2017 तक राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रहे। इस अवधि में आयोग ने अनेक क्षेत्र में विशेष उपलब्धियाँ हांसिल की जो आज संघ लोक सेवा आयोग व विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों में मिसाल के रूप में गिनी जाती है। इस अवधि में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न 110 परीक्षाओं का आयोजन किया जिसमें सौ परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की गई। एक भी पेपर लीक की कोई संभावना नहीं रही। देश में पहली बार राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 'ऑन स्क्रीन मार्किंग ' के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच की गई, जिसके निरीक्षण के लिये संघ लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष स्वयं अजमेर आये और कार्य प्रणाली को देखकर आश्चर्य चकित रह गये।

# महात्मा गांधी स्कूलों में टीचर्स के 11 हजार से ज्यादा पद खाली

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेशभर के महात्मा गांधी स्कूलों में साढ़े ग्यारह हजार टीचर्स की पोस्टिंग के बाद भी इतने ही पद खाली पड़े हैं। राज्य में नया सेशन शुरू हो गया है, लेकिन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थिति सुधारने के सरकारी प्रयास आधे-अधूरे साबित हो रहे हैं। महात्मा गांधी स्कूलों में इस बार उपलब्ध सीटों से कम आवेदन होने से अधिकांश स्कूलों में सभी को एडमिशन मिल रहा है। रिक्त रही सीटों पर 'पहले आओ-पहले पाओ' आधार पर एडमिशन दिया जाएगा।

- शिक्षा विभाग ने इतने ही टीचर लगाए भी, फिर भी पद रिक्त

गौरतलब है कि कांग्रेस शासन में स्थापित महात्मा गांधी स्कूलों में शुरूआती सालों में काफी क्रेज रहा। प्राइवेट स्कूल छोड़कर अभिभावकों ने अपने बच्चों को इन स्कूल में एडमिशन दिलाया। प्राइवेट स्कूलों की भारी भरकम फीस से छुटकारा पाकर इन स्कूल में एडमिशन के लिए लॉटरी सिस्टम लागू किया गया। अब इन स्कूल का क्रेज खत्म हो रहा है। ऐसे में उपलब्ध सीटों से भी कम आवेदन हो रहे हैं। हालात ये है कि सरकार ने सेशन शुरू होने से ठीक एक दिन पहले इन स्कूल में टीचर्स की पोस्टिंग की है, जितने टीचर लगाए गए हैं, उतने ही पद अब भी खाली है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से आयोजित परीक्षा में सफल हुए सरकारी टीचर्स को सोमवार को ही पोस्टिंग दी गई। विभाग ने एक साथ 11 हजार 576 टीचर्स को राज्यभर के 3737 स्कूल में लगा तो दिया लेकिन इससे आधी समस्या का निराकरण हुआ। अब तक राजस्थान में 11 हजार 424 पद रिक्त पड़े हैं। इन स्कूलों में 23 हजार पद खाली थे। अधिकांश स्कूल में तो प्रिंसिपल ही नहीं है। शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में टीचर्स की भर्ती हुई लेकिन ग्रामीण स्कूलों की हालत खराब है। तीस जून को हुए आदेश में महज 380 स्कूल को ही प्रिंसिपल मिले हैं।

शिक्षा विभाग ने अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पोस्टिंग कर दी लेकिन इससे बड़ी संख्या में हिन्दी माध्यम स्कूलों में पद रिक्त हो गए। जो टीचर्स एक साल पहले हुई परीक्षा में चयनित हुए और तीस जून को पोस्टिंग पा चुके हैं, उनमें अधिकांश हिन्दी माध्यम स्कूल के थे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूलों में पोस्टेड इन टीचर्स को अब गृह जिला मिल गया लेकिन उन स्कूल को वापस टीचर नहीं मिल पाया। अंग्रेजी माध्यम में पहले से काम कर रहे टीचर्स का भी चयन हुआ है, जिनका स्कूल बदल गया है। हाल ही में पदस्थापित सभी टीचर्स को शाला दर्पण पर ऑनलाइन ज्वाइन करवाना होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने आदेश दिए हैं कि नई पोस्टिंग पाने वाले सभी टीचर्स को कार्यभार ग्रहण करवाना होगा, वहीं पुराने जो टीचर्स अधिशेष हो गए हैं, उन्हें एक बार उसी स्कूल में ऑफलाइन ज्वाइन करवाना है।

# आयुर्वेद विभाग का कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। आयुर्वेद विभाग के एक कार्मिक द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों के फिक्सेशन की 73 लाख 14 हजार राशि का गबन कर अपने खाते में डलवाने के आरोपी कार्मिक कनिष्ठ सहायक मुकेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही उसका एक साथी आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

- सेवानिवृत कर्मचारियों के फिक्सेशन की 73 लाख 14 हजार राशि का गबन कर अपने खाते में डलवाये

जानकारी के अनुसार आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक मूलचंद मीणा ने करौली कोतवाली थाने पर मामला दर्ज कराया था कि कार्यालय के कनिष्ठ सहायक मुकेश कुमार शर्मा एवं सुरेश चंद मीणा ने जालसाजी कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर सेवानिवृत कर्मचारी बाबूलाल बैरवा एवं राजेंद्र कुमार शर्मा का सातवें वेतन आयोग का पुनः फिक्सेशन कर बिल तैयार कर 73 लाख 14 हजार रुपए अपने निजी लोगों के खाते में रुपए डलवा लिए और और सेवानिवृत कर्मचारियों को आयकर का नोटिस प्राप्त होने पर अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तब जाकर कोतवाली करौली पर मामला दर्ज कराया। जिस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में कोतवाली थाना पुलिस ने गबन के आरोपी सुरेश चंद्र मीणा को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी कड़ी में दूसरे आरोपी मुकेश कुमार शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शिविर में पटवारी से मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। पंडित दीनदयाल संबल अभियान शिविर के दौरान पटवारी के साथ मारपीट कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने के आरोपी को दानपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि गत 27 जून को पटवारी नारायण भोई हल्का पटवार मंडल कटुम्बी ने रिपोर्ट दी कि कटुम्बी में पं. दीनदयाल उपाध्याय संबल अभियान पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया था। इसी दौरान लक्ष्मण पुत्र खातुराम मईड़ा निवासी कटुम्बी गाली गलौच करते हुए आया और प्रार्थी को टेबल कुर्सी से नीचे पटक दिया। इसके बाद लातो-घूंसों से मारपीट कर घसीटता हुआ पंचायत भवन के बाहर ले गया और वहां भी मारपीट की। मौजूद कर्मचारियों व ग्रामीणों ने बीचबचाव किया। पुलिस ने मामला दर्ज किया तो लक्ष्मण गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला एवं एएसपी राजेश भारद्वाज के निर्देशानुसार पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी राजवीर सिंह ने टीम गठित की। पुलिस ने इस दौरान मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों पर तलाशी की। वहीं दनाक्षरी, कोटड़ा आदि गांवों में भी दबिशें दी गयी लेकिन आरोपी शातिर होकर गिरफ्तारी से बचता रहा। इसी दौरान पुलिस ने जगह-जगह मुखबीरों से संपर्क बनाये रखा उसी के परिणामस्वरूप सूचना मिली कि अभियुक्त घर आया हुआ है और अग्रीम जमानत के लिये वकीलों से संपर्क कर रहा है। जिस पर पुलिस ने बस स्टैंड पर घेरा डालकर उसे गिरफ्त में ले लिया। पुलिस टीम में सहायक उपनिरीक्षक रमेषचन्द्र, कांस्टेबल लक्ष्मणलाल, बहादुर व गणेश शामिल रहे।

# विधायक भड़ाना के नाम की धमकी देकर युवकों ने होटल में उत्पात मचाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 158 पर टेलीफोन एक्सचेंज के पास स्थित एक भोजनालय में बीती रात कुछ युवकों ने नशे की हालत में जमकर उत्पात मचाया। होटल संचालक अभय सिंह चुंडावत के अनुसार, रात करीब बारह बजे तीन-चार युवक भोजनालय में पहुंचे और जबरन खाना मांगने लगे। बंद होने की स्थिति में स्टाफ ने मना किया तो युवक गाली-गलौज पर उतर आए और मारपीट व तोड़फोड़ शुरू कर दी।

- पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने साफ कहा कि ''रिपोर्ट की तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।'' इससे वह और उसका स्टाफ काफी डरा-सहमा हुआ है

युवकों में एक ने खुद को अंतिम व्यास बताते हुए मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना का नजदीकी बताया और ''टीम भड़ाना'' के नाम से धमकाने लगा।

घटना के दौरान ही गश्त पर निकली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं करते हुए संचालक को सुबह थाने आकर रिपोर्ट देने को कहकर लौट गई। पुलिस के जाने के बाद युवकों ने पुनः कुछ देर तक उत्पात मचाया और वहां से धमकी देकर चले गए। अभय सिंह ने बताया कि बदमाशों ने साफ कहा कि ''रिपोर्ट की तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।'' इससे वह और उसका स्टाफ काफी डरा-सहमा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। पूरा घटनाक्रम भोजनालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुका है। स्थानीय व्यापारियों में इस घटना को लेकर खासा रोष है। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए रात्रिकालीन सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## आसाराम को आंशिक राहत मिली

**जोधपुर,** (कासं)। दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे आसाराम बापू को गुजरात हाईकोर्ट से 7 जुलाई तक की राहत के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी आंशिक राहत मिल गई है। मंगलवार को जस्टिस दिनेश मेहता व जस्टिस विनीत माथुर की कोर्ट ने आसाराम बापू की ओर से अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए नौ जुलाई तक की राहत दी है। आसाराम की ओर से एडवोकेट निशांत बोड़ा व अन्य की ओर से यह याचिका दायर की गई थी। अब गुजरात हाईकोर्ट से 7 जुलाई तक मिली अंतरिम जमानत के बाद इसे आगे बढ़ाने के फैसले से तय होगा कि आसाराम को आगे कब और कितनी राहत मिलती है।

# 7 से 10 जुलाई तक आयोग की 6 भर्ती परीक्षाएं

## नौ हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 7 से 10 जुलाई तक जिले में 6 विभिन्न भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। आयोग सचिव के अनुसार इन परीक्षाओं के लिए 9 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा कार्यक्रम के तहत 7 जुलाई को प्रातः 10 से 12:30 बजे तक टेक्निकल असिस्टेंट जियोफिजिक्स परीक्षा और दोपहर 3 से 5:30 बजे तक बायोकेमिस्ट परीक्षा होगी। 8 जुलाई को प्रातः जूनियर केमिस्ट और दोपहर में असिस्टेंट टेस्टिंग ऑफिसर की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 9 जुलाई को असिस्टेंट डायरेक्टर परीक्षा के दोनों प्रश्न-पत्र और 10 जुलाई को रिसर्च असिस्टेंट परीक्षा होगी।

आयोग सचिव मेहता ने बताया कि प्रत्येक प्रश्न-पत्र में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। प्रवेश-पत्र परीक्षा तिथि से 3 दिन पूर्व आयोग की वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी आवेदन-पत्र क्रमांक और जन्म तिथि से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को निर्धारित समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा, क्योंकि परीक्षा शुरू होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश मिलेगा। अभ्यर्थी मूल रंगीन आधार कार्ड या अन्य मान्य फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाया हुआ प्रवेश-पत्र साथ लेकर आएं, अन्यथा प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# ट्रक ने 200 भेड़ों को कुचला,150 की मौत

**अनूपगढ़,** (निसं)। घड़साना में नेशनल हाइवे 911 पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने करीब 200 भेड़ों को कुचल दिया, जिससे 150 भेड़ों की मौत हो गई। वहीं एक भेड़पालक की मौत हो गई और दो अन्य भेड़पालक घायल हो गए। घटना लेघा पेट्रोल पंप के पास मंगलवार सुबह पांच बजे की है।

- हादसे में एक भेड़पालक की मौत, दो अन्य घायल

घायल भेड़पालक राकेश कुमार (25) ने बताया कि वे गांव 25 एपीडी बांडा से 8 एमजीएम रोजड़ी की ओर जा रहे थे। उनके साथ पप्पू (45) और सोहनलाल थे। अनूपगढ़ की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने करीब 200 भेड़ों को कुचल दिया, जिससे 150 भेड़ों की मौत हो गई। वहीं हादसे में भेड़पालक सोहनलाल की मौत हो गई। वहीं दोनों घायलों का इलाज घड़साना के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घडसाना एसएचओ महावीर प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घड़साना पुलिस मौके पर पहुंची। सोहनलाल के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है और मृत भेड़ों की सूचना सरकारी पशु चिकित्सालय के अधिकारियों को दे दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

# जेएलएन अस्पताल में पैराफेरिंजियल ट्यूमर की जटिल सर्जरी

## जबड़े की हड्डी काटे बिना ट्यूमर निकाला, मरीज पूरी तरह स्वस्थ

**अजमेर,** (कासं)। जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के ईएनटी विभाग में जटिल पैराफेरिंजियल ट्यूमर की सफल सर्जरी कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश आसेरी और सहायक आचार्य डॉ. राजकुमार भाटी ने बताया कि मरीज को लंबे समय से निगलने और सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। जांच में पाया कि मरीज के पैराफेरिंजियल स्पेस ट्यूमर है जो गर्दन की नसों और रक्त वाहिनियों पर दबाव बना रहा था और नाक के पीछे तक फैला हुआ था। डॉ. आसेरी ने बताया कि यह क्षेत्र बेहद संवेदनशील होने के कारण पारंपरिक तौर पर जबड़े की हड्डी को काटकर ट्यूमर निकाला जाता है। हालांकि इस सर्जरी में टीम ने नवाचार पूर्ण संयुक्त तकनीक का उपयोग करते हुए मुंह और गले में चीरा लगाकर बिना जबड़े की हड्डी काटे ही ट्यूमर निकालने में सफलता पाई। मरीज की हालत अब स्थिर है और वह स्वस्थ हो रहा है।

जेएलएन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि अस्पताल में जटिल ऑपरेशन किए जा रहे हैं, अब संभाग के मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा ही है। यह ऑपरेशन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत निशुल्क किया गया, जबकि निजी अस्पतालों में इस सर्जरी पर लाखों रुपए का खर्च आता। इस टीम में डॉ. अजयपाल, डॉ. प्रदीप, एनेस्थीसिया टीम से डॉ. पूजा माथुर, डॉ. कुशांक, डॉ. पंकज और डॉ.सुनैना शामिल रहे।

# माली समाज के उत्थान और विकास के मुद्दों पर चर्चा



माली ( सैनी ) समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक को जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया व अन्य ने सम्बोधित किया।

- माली समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित
- बैठक में समाज के लिए लगभग 1 करोड़ का स्थाई बजट, सैनी समाज का विवाह सम्मेलन व परिचय सम्मेलन पर विचार विमर्श करेंगे

टोंक। माली (सैनी) समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज छात्रावास टोंक में जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें समाज के उत्थान और विकास के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष सिंगोदिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आप सभी की भागीदारी आवश्यक है, बैठक में समाज के लिए, लगभग 1 करोड़ का स्थाई बजट, प्रत्येक तहसील में सैनी समाज का विवाह सम्मेलन व परिचय सम्मेलन, माली सैनी समाज छात्रावास महादेवाली टोंक में माँ सावित्री बाई फुले की मूर्ति का अनावरण, सैनी समाज विवाह सम्मेलन का आयोजन गर्मी में नहीं सर्दी में कराने के लिए विचार, राजनीति के क्षेत्र में समाज के लिए टिकिट लाने और चुनाव लड़वाने पर विचार, सैनी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता ओर अन्य प्रतियोगिता जिलाध्यक्ष के बैनर तले आयोजन किये जाने पर विचार किया तथा समाज में चल रहे पुराने मुद्दों को सुलझाने और समाज को एक जगह एकत्रित करने का प्रयास किए जाने पर विचार विमर्श किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश आर्यवीर, कैलाश मोरी, महामंत्री सत्यनारायण दग्धी, राजेन्द्र सैनी, ओम अजमेरा, जगदीश दग्धी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल सैनी, एडवोकेट लाभचंद अजमेरा, शंकर लाल कच्छावा, हरीनारायण सैनी, चिरंजी लाल सैनी, मोहन लाल बागडी, नारायण सेठ, रामप्रसाद बागडी, पीरूलाल पटेल सहित कई माली समाज लोग मौजूद रहे।

## सुन्दर सागर महाराज का मंगल विहार

निवाई। दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य सुन्दरसागर महाराज ससंघ का गाजे बाजे के साथ श्री अठावाल दिगम्बर जैन मंदिर से भव्य मंगल विहार हुआ। जहां शहर में स्थित वर्धमान सर्विस सेन्टर पर आचार्य का सुरेशचन्द व महेन्द्रकुमार भाणजा द्वारा पाद पक्षालन किया। इस दौरान जगह-जगह महाराज का स्वागत सत्कार करने के साथ-साथ आरतियां एवं चरण प्रक्षालन करके अगुवानी की। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि जैन आचार्य सुन्दरसागर महाराज ससंघ विशाल जुलूस वनस्थली मोड पर स्थित सुशील आरामशीन फेक्ट्री पर पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं ने रंगोली सजाकर आचार्यश्री का चरण प्रक्षालन करके अगुवानी की। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुबह आचार्यश्री ससंघ मंगल विहार करते हुए विज्ञातीर्थ गुंसी में मंगल प्रवेश करेंगे जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। इस अवसर पर समाज सेवी सुशील जैन आरामशीन, विष्णु बोहरा, अशोक सिरस, पिंचु संघी, नवरत्न टोंग्या, मनीष झिलाय, चेतन शिवाड, मोहित चंवरिया, रिंकू भाणजा, देवेन्द्र जैन, विमल जौंला, दिनेश गिन्दोडी, नेहरू बडागांव, कजोडमल सेदरिया, नेमीचन्द सिरस, मुकेश जैन, महेन्द्र चंवरिया, राकेश संघी, बंटी कठमाणा, अमित कटारिया सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## दो आरोपी गिरफ्तार

टोंक। थाना दूनी क्षेत्र में हुई मोटरसाईकिल चोरी के मामले में गठित थाना टीम ने मोटरसाईकिल को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दूनी ने बताया कि गठित विशेष टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर की सूचना पर आरोपी दिलखुश बैरवा पुत्र मंगल उम्र 19 साल निवासी छाबडियों का नयागांव थाना दबलाना जिला बूंदी को ग्राम छाबडियों का नयागांव से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल भी बरामद की गई। दिलखुश बैरवा ने उक्त मोटरसाईकिल मनोज पुत्र हरिसिंह मीणा से खरीदना बताया जिस पर आरोपी मनोज को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## विद्यार्थियों के तिलक लगाया

टोंक। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय टोंक में एक जुलाई से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ, जहां प्राचार्य प्रोफेसर लोकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अधिकतर विद्यार्थी नवीन सत्र के प्रथम दिन उत्साह पूर्वक उपस्थित हुए। एनसीसी कैडेट्स द्वारा संकाय सदस्यों व उपस्थित विद्यार्थियों का महाविद्यालय प्रवेश द्वार पर तिलक लगाकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस पारंपरिक स्वागत से विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति उत्साह व सकारात्मक ऊर्जा का संचार दिखाई दिया। आज से महाविद्यालय में सभी विषयों की नियमित कक्षाएं शुरू हो रही हैं। विद्यार्थियों को नियमित रूप से कॉलेज आने तथा शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों में हिस्सा लेने का महत्व भी समझाया गया।

## नन्दलाल जाट अध्यक्ष बने

टोंक। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड की सहमति से मेहंदवास मंडल का अध्यक्ष नंदलाल जाट छान को बनाया है। कार्यकारिणी में महामंत्री महेन्द्र सिंह सोलंकी, महावीर गुर्जर, उपाध्यक्ष शिवजी लाल सैनी, नरेश शर्मा, बुद्धिप्रकाश गुर्जर, लादू चौधरी, लड्डू टेलर, मोती लाल यादव रहे।

## धनखड़ का सम्मान किया

मनोहरपुर। कस्बे के भूतनाथ गौ शाला में विधायक कुलदीप धनखड़ का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन के उपलक्ष पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गएइस दौरान युवा मोर्चा के महेन्द्र कसाना ने बताया कि विराट नगर के विधायक कुलदीप धनखड़ के जन्मदिन के उपलक्ष में भूतनाथ गौशाला में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## शिविर में कई प्रकरणों का समाधान

फुलेरा। क्षेत्र के निकटवर्ती ठाठ पंचायत काजीपुरा में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा शिविर उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक अंजू वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए सरपंच नवरतन कुमावत ने बताया कि शिविर के दौरान एसीएम धारा भूपेश, शिविर प्रभारी तहसीलदार कृष्णा शर्मा, सहायक शिविर प्रभारी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी महावीर सिंह भी उपस्थित रहे।

वहीं आपको बताया कि शिविर में सीमा ज्ञान के कुल प्राप्त चार आवेदनों का निस्तारण किया गया। वहीं शिविर रास्तों के दो प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

इसके अलावा पंचायती राज विभाग की ओर से ठाठ पंचायत में आवासीय भूमि के 11पट्टों का वितरण किया। साथ ही स्वामित्व योजना अंतर्गत 29 स्वामित्व कार्डों का वितरण किया। वहीं 40 प्रॉपर्टी आईडी का वितरण किया गया।

# नारायणपुर सीएचसी में डॉक्टर्स डे पर चिकित्सा अधिकारियों को सम्मानित किया



नारायणपुर कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) में डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ द्वारा सादगी और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया ।

नारायणपुर। कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मंगलवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ द्वारा सादगी और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया और उनके योगदान के लिए आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. पूरण मल चौधरी, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. विक्रम गुर्जर और डॉ. मनीष बामनिया का नर्सिंग स्टाफ द्वारा पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया। उपस्थित सभी चिकित्सकों को इस दिन के महत्व से अवगत कराते हुए उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. सुरेश मीणा ने डॉ. बिधान चंद्र रॉय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर्स डे सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि जिम्मेदारी की याद भी है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें अपने चिकित्सकीय कर्तव्यों के साथ-साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भी याद दिलाता है। डॉ. मीणा ने वर्तमान समय में चिकित्सकों पर बढ़ते मानसिक तनाव की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि आज की बदलती जीवनशैली और कार्य का बढ़ता दबाव चिकित्सकों के स्वास्थ्य और जीवनकाल पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यही कारण है कि चिकित्सकों की औसत आयु में भी कमी देखी जा रही है। इस कार्यक्रम में राकेश कुमार गुप्ता, संजीव शर्मा, पवन कुमार मोर्य, सुनील शर्मा, शीला चौधरी, निरुपमा शर्मा, सुनीता शर्मा सहित अन्य चिकित्साकर्मी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की समीक्षा

- जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के द्वितीय चरण एवं जल शक्ति अभियान कैच द रैन में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने सांसद, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत स्वीकृत कार्यो, मॉडल तालाब एवं सार्वजनिक शौचालय के प्रगतिरत, पूर्ण एवं पेंडिंग कामों की समीक्षा की।

टोंक। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने महात्मा गांधी नरेगा योजना, पीएम आवास, एमपी, एमएलए स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, जिला परिषद की अन्य योजनाओं के संबंध में सीईओ परशुराम धानका समेत अन्य अधिकारियों से प्रगति की समीक्षा की।

जिला कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की सभी योजनाएं गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ पहुंचाती है। इसलिए इन योजनाओं में अधिकारी एवं कर्मचारी संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने मनरेगा में बनाई गई नर्सरियों के अपडेट स्थिति और वहां आमजन को पौधे वितरण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान के तहत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग अपने टारगेट पूरे करने की कार्य योजना बनाएं। जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के द्वितीय चरण एवं जल शक्ति अभियान कैच द रैन में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने सांसद, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत स्वीकृत कार्यो, मॉडल तालाब एवं सार्वजनिक शौचालय के प्रगतिरत, पूर्ण एवं पेंडिंग कामों की समीक्षा की। साथ ही, महात्मा गांधी जनभागीदारी योजना में लोगों को ग्रामीण विकास के कामों में शामिल करने के लिए एसीईओ ललित कुमार को निर्देशित किया। एसीईओ ने जिले में घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जातियों को आवासीय पट्टे देने की प्रगति के बारे में जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणा 2025-26 के तहत जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में आगामी 5 वर्षों में चरणबद्ध रूप से चिन्हित गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जायेगा। इसके लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सजगता एवं कार्य योजना बनाकर कार्य करें, ताकि जिले के बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जा सके।

## अध्ययन कार्य प्रारंभ

निवाई। राजकीय कन्या महाविद्यालय निवाई में बीए पार्ट द्वितीय तथा बीए पार्ट 3 सेमेस्टर द्वितीय तथा सेमेस्टर चतुर्थ का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गया है।

प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिया ने बताया कि बीए पार्ट द्वितीय तथा तृतीय का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम का नवीन प्रवेश कार्य भी चल रहा है। जिसकी अंतिम तिथि 3 जुलाई है।

प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 7 जुलाई को होगा। दस्तावेज सत्यापन तथा ई-मित्र पर फीस जमा करने का प्रारंभिक तिथि 7 जुलाई तथा अंतिम तिथि 11 जुलाई 2025 है।

अत: छात्राएं समय पर दस्तावेज सत्यापन करवाकर शुल्क जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि बीए पार्ट प्रथम को द्वितीय वर्ष में तथा बीए पार्ट द्वितीय को तृतीय वर्ष में प्रमोट कर दिया गया है।

## सरकारी योजनाओं में पंजीयन करवाने का उत्साह

श्रीमाधोपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 2025 के अन्तर्गत श्रीमाधोपुर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कंचनपुर, कल्याणपुरा, करडका, रायपुर जागीर में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चारो पंचायतों के कैम्प में दिन भर लोगों में सरकारी योजनाओं में पंजीयन करवाने का उत्साह नजर आया। उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उक्त शिविर में आम जन को लाभ पहुचाने के उद्देश्य से कुल 18 विभागों के कार्य एक ही जगह संपादित से ठामीणजनों की कई शिकायतों/कार्यो का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चारों ठाठ पंचायतों में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर में राजस्व विभाग ने 50 नामान्तरण, 33 सीमाज्ञान, 16 पत्थरगढ़ी, 14 रास्ते के प्रकरण और 10 आपसी सहमति से बटवारा के प्रकरण, पंचायत राज विभाग 1179, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 33, कृषि विभाग 79, रसद विभाग 40, चिकित्सा विभाग 812, पशुपालन विभाग 343, शिक्षा विभाग 39, सामाजिक सुरक्षा विभाग पेंशन 43, एवीवीएनएल 80, वन विभाग 815, बाल विकास परियोजना विभाग 105 प्रकरण निस्तारित किये गए।

# फुलेरा में भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल का स्वागत



भाजपा मण्डल प्रणव अग्रवाल के नेतृत्व में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया ।

फुलेरा। भाजपा मण्डल प्रणव अग्रवाल के नेतृत्व में सोमवार को नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। गौरतलब है कि मण्डल अध्यक्ष अग्रवाल की ओर गठित कि गई उक्त कार्यकारिणी में सभी जातियों का समावेश करते हुए गठन किया गया है। इस पर कार्यकारिणी सदस्यों ने अपनी ओर से खुशी का इजहार करते हुए मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल का माला व साफा पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष ने नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शुभकामनाएं दी। साथ ही भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने एवं राज्य व केन्द्र की विभिन्न योजनाओं को जन-जन पहुंचने का आव्हान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल फुलेरा के अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल, महामंत्री संजय वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष गोविन्द सिंह बडगुर्जर, हर गोपाल साहू, मनीष गगरानी, विनोद अरोडा, राजेन्द्र वर्मा कोषाध्यक्ष कमला सैनी, मंत्री तारा-चन्द आमेरिया, शेष नारायण सैनी, श्याम सैनी, संजू, तारा सोनी, मुकेश कुमावत, नेमी चन्द गुर्जर, कमल शर्मा, संजीव गुप्ता, राजकुमार वर्मा, ओमप्रकाश कुमावत, एस.के. नरूका सहित अन्य कई कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त शर्मा सम्मानित

फुलेरा। कस्बे के निकट स्थित काजीपुरा में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद सेवारत फुलेरा निवासी नवनीत कुमार शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में काजीपुरा के सरपंच नवरतन कुमावत रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत व्याख्याता रामेश्वर लाल, मदनलाल जाट, निजी स्कूल शिक्षा परिवार के सांभर ब्लाक अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या निधि चौधरी के द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता नवनीत शर्मा की कार्य प्रणाली व सेवाकाल पर प्रकाश डाला गया। साथ ही माल्यार्पण व साफा बंधवाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अध्यापकों व विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों ने व्याख्याता नवनीत शर्मा के शिक्षण कार्यों की सराहना भी की। इस अवसर पर व्याख्याता नवनीत शर्मा की पत्नी उमा शर्मा, बेटी ज्योतिका शर्मा सहित मयंक शर्मा, गणेशदत्त शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, नवनीत बेटी सहित विद्यालय के स्टाफ सदस्य सुवालाल चौहान, जितेन्द्र जाटव, कमल कुमावत, हनुमान लाल कुमावत, विमलेश मीणा, शशिकांत वर्मा, बंशीलाल वर्मा, रामगोपाल सरावता, उदय सिंह फौजदार, दिलीप

## जिलाध्यक्ष का सम्मान

निवाई। राजपूत महासभा के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष चंद्रवीरसिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा व जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत का महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष गणेशसिंह राजावत ने राजपूत समाज द्वारा सम्मान किया।


### खोया पाया

मेरा फ्लैट नं. EWS/KA/9/5 कृष्णा अपार्टमेंट प्रताप नगर सांगानेर का मूल अदेय प्रमाण पत्र व कब्जापत्र गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें-विनाद अग्रवाल 9079034591

### कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज

(पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, हवामहल के पीछे, बड़ी चौपड़ के पास, जयपुर)

क्रमांक: एफ( )उपायुक्त लैण्ड/नगेज.(हैरिटेज)/2025/446 दिनांक: 27.06.2025

सार्वजनिक सूचना

श्री इकरामुद्दीन पुत्र श्री मोहम्मद सईद द्वारा आवेदन पेश कर भूखण्ड संख्या 365 नाहरी का नाका (पूर्व) जयपुर का नाम हस्तांतरण व पट्टा चाहा गया है भूखण्ड का आवंटन पत्र नगर विकास न्यास द्वारा दिनांक 22.12.69 श्री यासीन खां पुत्र अलादीन खां के नाम 125 वर्गगज जारी किया। जिसमें अपंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण-पत्र व रजिस्टर्ड हकत्याग-पत्र शपथ-पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। इस हेतु अण्डरटेकिंग (शपथ-पत्र) पेश कर नाम हस्तान्तरण व पट्टा चाहा गया है इस बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म/ कम्पनी को कोई आपत्ति / सुझाव हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज में अपनी आपत्ति मय कारणों सहित पेश करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार नाम हस्तान्तरण कर पट्टा जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जायेगी।

(हंसा मीणा) उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

### राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक: 4730 जाहिर आम सूचना दिनांक 20.06.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 67/202 (HIG), (एरिया 190.80 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री सुधीर कुमार डांगी पुत्र स्व. श्री सुलतान सिंह डांगी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4746 दिनांक 14.06.1991 को जारी किया गया। श्री सुधीर कुमार डांगी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 20.03.1995 को उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री सुधीर कुमार डांगी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 27.04.1997 के द्वारा श्री दयाप्रकाश माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री मानकचन्द माहेश्वरी को विक्रय कर उपपंजीयक -सांगानेर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री दयाप्रकाश माहेश्वरी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 06.04.2005 के द्वारा श्रीमती गीता सिंह पत्नी श्री राम सिंह को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्रीमती गीता सिंह पत्नी श्री रामश्रे सिंह द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति /पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती गीता सिंह पत्नी श्री रामा सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। संपदा प्रबंधक,वृत प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक-5005 दिनांक-26.06.2025

जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, योजना में आवास/फ्लैट संख्या 267/658 (MIG-B), का आवंटन श्री ग्यारसी लाल खटीक पुत्र श्री छोटू राम खटीक को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3799 दिनांक 01.10.2009 को जारी किया गया था। इनक पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 24.02.2012 को उप पंजीयक जयपुर तृतीय के यहां पंजीकृत करवाया गया।
श्री ग्यारसी लाल खटीक द्वारा उक्त आवास को श्रीमती मन्नी देवी पत्नी श्री पोखर मल को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 30.03.2015 को उप पंजीयक जयपुर तृतीय के यहां पंजीकृत करवाया गया।
श्रीमती मन्नी देवी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 28.04.2025 को श्रीमती पूनम तंवर पत्नी श्री बृजमोहन तंवर को उपहार कर उनके पक्ष में उपहार पत्र उप पंजीयक (सप्तम) जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्रीमती पूनम तंवर पत्नी श्री बृजमोहन तंवर द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास पर अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्रीमती पूनम तंवर पत्नी श्री बृजमोहन तंवर का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम सत्य प्रकाश से बदलकर सत्य प्रकाश शर्मा कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। सत्य प्रकाश शर्मा पुत्र मुरारी लाल शर्मा निवासी मकान नं. जी-3, प्लॉट नं.8, सोहन नगर, मांग्यावास निअर स्टेडियम, न्यू सांगानेर रोड, मानसरोवर, जयपुर।

मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड नं. 15787857A HAV राकेश शर्मा में मेरी पुत्री का नाम कोमल मेरे आर्मी रिकार्ड में गलत दर्ज है सही नाम कोमल शर्मा। vide Affidavit No. BW018687 दिनांक 11 जून 2025 देखें।

I Have Change My Name Kamal Kishore to Kamal Kishore Kumawat S/o Bhori Lal Kumawat For All Future Purpose Add-25, Padam Vihar, Mangyawas Mansarovar, Jaipur.

I have changed my name from Thnisha Modi to Tanisha Modi D/o Gori Shankar Modi R/o D-201, Unnati Regedency, Sector-1, Vidhyadhar Nagar, Jaipur. For all purpose.

### आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री प्रमोद कुमार कैसान पुत्र स्व. श्री चण्डी प्रसाद कैसान व श्रीमती रंजीता कैसान पत्नी स्व. श्री प्रदीप कैसान, निवासी-प्लॉट नं.-डी-74, भारतेन्दु चौक, अम्बाबाड़ी, जयपुर के निवासी है। मेरे अभिभाष्यगण के हक व अधिकार का प्लाट संख्या- डी-74, भारतेन्दु चौक, अम्बाबाड़ी, जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 388.88 वर्गगज है, जिसका नगर निगम जयपुर द्वारा पट्टा मेरे अभिभाष्यगण के हक में जारी किया हुआ है। उक्त प्लाट का मूल पट्टा कही खो गया है। जो काफी तलाश करने के बावजूद भी नहीं मिला, उक्त पट्टे के आधार पर यदि कोई व्यक्ति, संस्था इत्यादि उक्त प्लाट के पट्टे का दुरूपयोग करेगा, तो स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे। देवकरण (एडवोकेट) 9929767185

### न्यायालय तहसीलदार फुलेरा मु. सांभरलेक जिला जयपुर

दूरभाष नंबर-01425-228219
ई-मेल-tdrsbr@ymail.com

क्रमांक-भू.अ./2025/3246 दिनांक-27.06.2025

सार्वजनिक सूचना नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उस्मान खान पुत्र अजीम खान जाति मुसलमान निवासी निर्वाणों का मोहल्ला सांभरलेक तह. फुलेरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में मृतका सुगरा उर्फ सुगनी पत्नी नसीर खां जाति मुसलमान निवासी सांभरलेक के नाम दर्ज खातेदारी भूमि खाता संख्या 315 वाके ग्राम कस्बा सांभर का वसीयत नामा दिनांक 06.09.2010 के आधार पर नामान्तरण खुलवाने बाबत प्रकरण भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(2) के तहत हाजा न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः यदि किसी दीगर व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो आगामी दिनांक 16.07.2025 तक मय दस्तावेज पेश करें अन्यथा इकतरफा कार्यवाही कर प्रार्थी के पक्ष में निर्णय पारित कर दिया जावेगा।

तहसीलदार (भू.अ.) फुलेरा मु. सांभर लेक

### समक्ष न्यायालय सिविल न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर

वाद पत्र संख्या 152/23 (1222/23)

नितेश अग्रवाल व अन्य बनाम जाकिर रबानी व अन्य

प्रतिनिधित्व वाद (नोटिस अन्तर्गत आदेश-1 नियम-8 सीपीसी)

वादीगण ने भवन संख्या मकान नम्बर 16बी, वनस्थली मार्ग, संसार चन्द्र रोड, जयपुर एवं मकान नम्बर 17-ए, बिचून बाग, संसार चन्द्र रोड, जयपुर (राज.) के संदर्भ में प्रतिनिधित्व वाद प्रस्तुत किया है, जिस कारण सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति उक्त वाद में पक्षकार बनना चाहता है तो वह पेशी 03.07.2025 को प्रात 10.30 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर पक्षकार के रूप में संयोजित हो सकते है। भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आदेश आज दिनांक 26.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-1, जयपुर महानगर द्वितीय

मोहर

### हेतुक दर्शित करने के लिये सूचना

राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना-पत्र
न्यायालयः किराया अधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय (राज.)
संजय अग्रवाल व अन्य विरुद्ध मोहनलाल गोयल
अर्जी संख्या 132/2025
नाम मोहन लाल गोयल पुत्र द्वारका दास गोयल
जाति..पता फ्लैट नं. 103, कृष्णा कृपा फर्स्ट, सुभाष नगर, शास्त्री नगर, जयपुर अन्य पता ऑफिस नं. 109 कृष्णा स्क्वायर, सुभाष नगर शॉपिंग सेन्टर, सुभाष नगर, जयपुर

प्रार्थी ने आपके विरुद्ध किराये के पुनरीक्षण/बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 18 माह 07 सन् 25 को 10: 30 बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसको सम्यक् अनुदेश दिए गए हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सारवान् प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई को दावा का प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हों, आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के मय उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो आपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते हैं तथा उन दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवार वर्णन शपथ पत्र में किया जायें। साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावें। आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रवास में न्यायालय में अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा आपको प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी। आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री ....को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करा दें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। नोटिस आज दिनांक 01-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय को मुद्रा से जारी किया गया।

आज्ञा से
मुहर
किराया अधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय

### कार्यालय नगर परिषद्, झुन्झुनू (राज.)

क्रमांक - एफ-6 () भूमि/2025-26/5546 आपत्ति विज्ञप्ति दिनांक: 30.06.2025

यतः निम्न आवेदक ने उसके नाम के आगे अंकित भूमि का भू-उपयोग मास्टर प्लान / जोनल प्लान में चिन्हित भू-उपयोग के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन कराना चाहता है। अतः राजस्थान नगरपालिका भू-उपयोग परिवर्तन नियम (संशोधित) -2021 के अन्तर्गत 15 दिवसीय आपत्ति-विज्ञप्ति आमंत्रित की जाती है, बाद समयावधि प्राप्त आपत्तियाँ विचारणीय नहीं होंगी।

| क्र. स. | आवेदक का नाम | भूमि का विवरण | आवेदित भूमि का वर्तमान भू-उपयोग | वांछित भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रघुवीर सिंह/ जवानाराम निवासी वार्ड संख्या 11, हवाई पट्टी लिंक मार्ग, नियर एस.जी. लोआर्नर्स स्कूल, झुन्झुनू | भूखण्ड संख्या 971 किसान कॉलोनी, क्षेत्र. 287.00 वर्गगज | आवासीय | व्यवसायिक |

आयुक्त
नगर परिषद झुन्झुनू

### कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू

क्रमांक न.पा.चा./स्टोर/2025/2538 दिनांक: 30.06.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26

नगर पालिका चाकसू की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई-बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| S. No | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2526SLOB09466 |

राज.संवाद/सी/25/5327 अधिशाषी अधिकारी

### कार्यालय पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/पं.स.सै./लेखा/ई.नि./2025/51-56 दिनांक: 30.06.2025

ई-निविदा सूचना 04/2025-2026

पंचायत समिति परिक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पन्द्रहवॉ वित आयोग योजनान्तर्गत पंचायत समिति कार्यकारी ऐजेंसी के तहत स्वीकृत वोल्टास वाटर कूलर व एक्वाफ्रेश आरओ स्थापना संख्या लगभग 55 की मय फिटिंग, टंकी व कम्पली स्थापना कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में अनुमानित राशि लगभग 66.00 लाख हेतु दिनॉक 11.07.2025 को समय 10.00 एएम तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका यूबीएन नम्बर क्रमशः ZDH2526WSRC00318 हैं। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रधान पंचायत समिति सैपऊ — विकास अधिकारी पंचायत समिति सैपऊ

### नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)

क्रमांक :– जसअ/2025/117 दिनांक: 26.06.2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 51/2025-26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।

(UBN No. JMC2526WSOB00911)

अधिशाषी अभियन्ता
जगतपुरा जोन
नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

राज.संवाद/सी/25/5303

## संक्षिप्त

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा राजेन्द्र प्रसाद कयाल की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा 2 जुलाई, 2025 का चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन श्रीमाधोपुर में 70 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों के अनुसार आंखों की जांच की जायेगी तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के लिए बस से रेफर किया जाएगा। जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर मरीजों के खान- पान व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी। बताया गया है कि इससे पहले आयोजित 69 शिविरों में 6427 पंजीकरण, जिनमें से 2078 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है।शिविर में आने वाले मरीजों से आठाह किया गया है कि वे अपने आधार कार्ड की 2 फोटो कापी साथ लेकर आये। यह शिविर प्रत्येक माह के पहले बुधवार को लगाया जाता है।

### शाहपुरा में जीएसटी डे मनाया

**शाहपुरा ।** शहर के लक्ष्मी नगर स्थित जीएसटी संयुक्त आयुक्त कार्यालय में मंगलवार को जीएसटी डे मनाया गया। संयुक्त आयुक्त अजय कुमार मीणा ने बताया कि 1 जुलाई 2017 से शुरू जीएसटी को 8 वर्ष पूर्ण हो चुके है। वृत शाहपुरा में वर्ष 2022-23 में 32 करोड का राज्य राजस्व एकत्रित हुआ था वह बढ़कर वर्ष 24 - 25 में लगभग 55 करोड रुपए हो गया। बाद में संयुक्त आयुक्त मीणा के नेतृत्व में सभी जीएसटी विभाग के अधिकारियों में कर्मचारियों द्वारा जीएसटी डे पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। तथा विभाग द्वारा जारी शपथ का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त सुरेंद्र कुमार सोनी,कोटपुतली, सहायक लेखाधिकारी हरफूल ढबास,राज्य कर अधिकारी प्रहलाद स्वामी,हरफूल फागना, पवन कुमार कुमावत सहित कई स्टाफ कर्मचारी मौजूद थे।

### पदयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** मां वैष्णो देवी मंडल के तत्वावधान में नाहरवाडी से शिवाड़ होते हुए जम्मू कटरा मां वैष्णो देवी के लिए 17वीं पदयात्रा रवाना हुई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु अनीश मोजीवाल ने बताया कि मां वैष्णो पदयात्रा को लेकर मंगलवार को सुबह शिवाड़ शिवालय पर ध्वज का विधिवत पूजन करके पदयात्रा को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का जुलूस बैंड बाजे एवं डीजे के मधुर भजनों के साथ रवाना हुआ। जिसमें युवक युवतियों ने जमकर भक्ति नृत्य किया। पदयात्रा के जुलूस में शामिल रथ में मां वैष्णो देवी की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का जुलूस नाहरवाडी से होते हुए पहाडी, बरथल, निवाई बस स्टैंड एवं वनस्थली मोड होते हुए रवाना हुआ। जिसका जगह-जगह पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आदित्य मोजीवाल, युवराज मोजीवाल, चिराग मोजीवाल, सनी नंदवाल, सागर नंदवाल, मोहित नंदवाल, रम्मू सुखवाल एवं मनीष नंदवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# वन पर्यावरण मंत्री ने बारिश में भीगते हुए पौधा लगाया

- मंत्री शर्मा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया

**अलवर।** पेड़ लगाने के लिए बारिश का मौसम सबसे उपयुक्त समय है और इस समय में जितने पेड लगाए जाएं कम है यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर प्रतिदिन के संकल्प के साथ पेड़ लगा रहे वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अलवर के मोती डूंगरी पार्क में रोटरी क्लब की ओर से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम मे बारिश में भीगते हुए पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कही है।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड मां के नाम अभियान जन-जन का अभियान बन चुका है। उन्होंने कहा प्राकृतिक सौन्दर्यएवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड लगाना बेहद आवश्यक है।

विगत वर्ष में एक पेड मां के नाम अभियान एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत साढे 7 करोड से अधिक पौधे लगाकर रिकॉर्ड बनाया गया था तथा इस वर्ष 10 करोड से अधिक पौधे लगाने के साथ आगे बढ़ रहें हैं। इस मौके पर उन्होंने आमजन से आ ान करते हुए कहा कि यह मौसम पौधे लगाने के लिए सबसे उपयुक्त है। अपने घरों, कार्यस्थल, सार्वजनिक जगहों आदि स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं।



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन मंत्री संजय शर्मा ने पौधा लगाया।

इसके अलावा मंत्री संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आईसीएआई भवन में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के 77 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में अलवर सीए ब्रांच द्वारा सीए-डे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में यूआईटी के उप सचिव सोहन सिंह नरूका, सीए विशाल वाधवा, सचिन गुप्ता, आकाश खंडेलवाल, अंशुल मोदी सहित सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में सीए विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जानकी वरमाला महोत्सव मनाया

**राजगढ़ ।** जन जन की आस्था के आराध्य देव भगवान जगन्नाथ मेले में मंगलवार को भगवान जगन्नाथ जानकी वरमाला महोत्सव मंगलवार रात्रि गंगा बाग मंदिर में उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित हुआ। हजारों महिला पुरुषों ने भगवान जगन्नाथ जानकी वरमाला महोत्सव में भागीदारी निभाकर इस कार्यक्रम के साक्षी बने ।

वरमाला महोत्सव के दिन ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष गंगा बाग में भगवान जगन्नाथ मेला महोत्सव में दर्शन कर कार्यक्रम के साक्षी बनते हैं। इससे पूर्व वधू पक्ष के महंत प्रकाश दास महाराज ने ठिकाना गंगा बाग परिसर में स्नेह भोज का आयोजन किया।

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। महंत प्रकाश दास महाराज की ओर से भगवान जगन्नाथ मंदिर के महंत पूर्ण दास, मदन मोहन शास्त्री, मेला कमेटी अध्यक्ष महेंद्र तिवाडी, हरि ओम सहित प्रमुख लोगों का भव्य स्वागत किया। जगन्नाथ मंदिर मेला स्थल गंगा बाग पर बरसात से पानी भर जाने के बाद दुकानदारों ने व्यवस्था सुधार कर शीघ्र दुकानदारी को यथावत बनाए रखा।

## सार-समाचार

### छात्रावास के लिए 1 लाख रूपये भेंट

**कोटपूतली।** कस्बा स्थित श्री कृष्ण छात्रावास में सहयोग प्रदान करने का सिलसिला जारी है। भामाशाहों द्वारा अपनी सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में यादव समाज को 01 लाख 23 हजार रूपये भेंट किये गये। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि गोरधनपुरा निवासी सरदार सिंह यादव पुत्र भूराराम यादव पशुधन प्रसार अधिकारी, जगदीश प्रसाद यादव पुत्र जम्मनराम यादव ढ्राणी जोशीवाली अध्यापक पद से सेवानिवृत्त होने पर दोनों ने क्रमश: 51-51 हजार रूपये तथा नरेंद्र कुमार पुत्र सुल्तान सिंह यादव आयुष वरिष्ठ कम्पाउन्डर पद से सेवानिवृत्त होने पर 21 हजार रूपये कुल 01 लाख 23 हजार रूपये का सहयोग प्रदान किया गया। पूर्व समाज अध्यक्ष गिरधारी लाल यादव गुरूजी के नेतृत्व में समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा भामाशाहों का माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राव साहब घीसाराम यादव, सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर यादव, अरविन्द यादव, एड. मुकेश यादव, प्रकाश यादव झाड़ावाली, कैलाश यादव गुरूजी, भूपसिंह थानेदार, रमेश हवलदार, रामजीलाल यादव, विरेन्द्र यादव, महेश यादव, बिल्लू यादव, शिम्भू पीटीआई, रोहिताश यादव, कैलाश कम्पाउन्डर, अर्जुन यादव, धूणाराम हवलदार आदि ने युवा पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्राप्ति में मदद करने वाले सभी भामाशाहों का आभार प्रकट करते हुये शुभकामनायें दी।

### ट्रक के नीचे दबने से मिस्त्री की मौत

**भरतपुर ।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में एक मिस्त्री ट्रक की कमानी बदल रहा था। तभी अचानक ट्रक पलट गया और मिस्त्री उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शाम 5 बजे ट्रांसपोर्ट नगर में एक मिस्त्री ट्रक की कमानी बदल रहा था । उसी दौरान अचानक ट्रक पलटने से मिस्त्री नीचे दब गया.घटना को आस पास मौजूद लोगों ने मिस्त्री को कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के नीचे से निकाला। मिस्त्री को आरबीएम अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मिस्त्री की पहचान डीग जिले के तांखा गांव निवासी 59 वर्षीय परसोत्तम पुत्र राम सिंह के रूप में हुई है.जो ट्रक मिस्त्री था और लंबे समय से ट्रांसपोर्ट नगर में काम कर रहा था.मृतक के चार बच्चे है जिनकी शादी हो चुकी है.घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है.कोतवाली थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया । ट्रक सेवर थाना क्षेत्र स्थित घना जाटोली निवासी मुकेश ठाकुर का है जिसमें मक्का भरे हुए थे।

### छात्र-छात्राओं का स्वागत

**निवाई।** गोविंद माधव ग्लोबल स्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बालकों की शिक्षा व खेल के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शारीरिक शिक्षक राजेश गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के सम्मान के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य विनय ओझा ने अध्यापकों अभिभावकों और बच्चों को नियमित शिक्षा करवाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर निदेशक कामाख्यासंभव सिंह, प्रधानाचार्य विनय ओझा, शारीरिक शिक्षक राजेश गुर्जर, भरतकुमार, नरेश आलोरिया, विक्रम सारस्वत, प्रिया शर्मा, मोनिका बैरवा, खुशी सोनी, साइना, राशिका जैन व दीपिका जैन सहित कई शिक्षक व अभिवक मौजूद थे।

### उत्साह से सीखी सिंधी अरबी लिपि

**निवाई।** सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल धर्मशाला में राजस्थान सिंधी अकादमी जयपुर के सहयोग एवं पूज्य पंचायत सिंधी समाज निवाई के तत्वावधान में संचालित नि:शुल्क ठीष्मकालीन सिंधी अरबी कक्षाओं का समापन मंगलवार को समारोह पूर्वक किया गया। समाज सेविका योग्यता इसरानी ने बताया कि इन कक्षाओं का उद्देश्य एनईपी 2020 के अनुसार मातृभाषा के महत्व को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि एक महीने से संचालित इन कक्षाओं में करीब 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने सिंधी अरबी लिपि में लिखना, पढ़ना और बोलना सीखा। साथ ही विद्यार्थियों को सिंधी संतों, सिंधी व्यंजनों, भजनों एवं गीतों का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसरानी एवं जयवंती परचानी ने बताया कि नि:शुल्क अरबी कक्षाओं में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### 25 यात्रियों का दल रवाना

**निवाई ।** जय बाबा अमरनाथ के जयकारों के साथ 25 यात्रियों का दल अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु गिर्राज चौधरी नोहटा ने बताया कि 25 यात्रियों का दल बाबा अमरनाथ के जयकारे लगाते हुए रवाना हुआ। दल में गिर्राज चौधरी, राम सैनी, संजय चौधरी, धर्मराज चौधरी, राजेंद्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, पोखर जाट, फतहराम चौधरी, कैलाश यादव, ममता जाट, सीमा चौधरी, सुनीता चौधरी, रामेश्वरी देवी जाट ,बीना शर्मा, सीमा शर्मा व प्राची शर्मा सहित कई यात्री शामिल थे।

### सैनी का सम्मान

**चाकसू ।** महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान एवं सैनी समाज द्वारा चाकसू निवासी रामगोपाल सैनी को विद्युत वितरण विभाग से बाबू पद से सेवानिवृत्ति पर समाज के लोगों द्वारा साफा व माला पहनकर स्वागत किया गया एवं समाज के द्वारा उनके कार्यकाल की प्रशंसा गौरवमय, गुणवत्तापूर्ण, सराहनीय उपलब्धियां से परिपूर्ण रही इसके लिए समाज के लोगों ने उनके स्वस्थ दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सम्मान किया गया । इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा संस्थान समाज अध्यक्ष ग्यारसी लाल बरखेडा पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम मोरिया यादव भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी पार्षद हनुमान सिंह सैनी सुरेश सैनी नंदकिशोर शर्मा श्री कामधेनु गौशाला अध्यक्ष रामावतार सैनी सहित सर्व समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ओमप्रकाश सैन प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

- नारायणी सेना की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

**कोटपूतली।** सैन समाज के संगठन श्री नारायणी सेना राष्ट्रीय कौर कमेटी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनिल गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें राष्ट्रीय कौर कमेटी के सदस्य व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. बी.एल ने सैन समाज व संगठन को नई उर्जा देने पर जोर देते हुये विभिन्न प्रस्ताव रखे।

जिन प्रस्तावों पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जाहिर करते हुये सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये। बैठक में सेना के प्रदेशाध्यक्ष सूरज सैन पुष्कर के कार्यकाल पूर्ण होने पर सूरज सैन ने समय की व्यस्तता के चलते प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव करवाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर कौर कमेटी ने प्रस्ताव को मंजूरी देते हुये उन्हें पद मुक्त किया व सम्पूर्ण राजस्थान की जिला व तहसील कार्यकारियों को भंग करते हुये नये प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया।

जिससे कौर कमेटी सदस्य व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मूल शंकर नापित ने ओमप्रकाश सैन का नाम प्रस्तावित किया। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनिल गहलोत ने बताया की ओमप्रकाश सैन ने तहसील अध्यक्ष पद से संगठन से जूड़कर बेहतरीन कार्य किया है।

जिसको देखते हुये उन्हें प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। ओमप्रकाश सैन को राष्ट्रीय कौर कमेटी ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व सौंपते हुये एक माह के भीतर प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करने, संगठन व समाज हित में कार्य करने की बात कही।

इस दौरान सेना के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैंरूलाल सैन नटलालपुरा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रम सैन बिठवालिया, निवर्तमान कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष दीपक आजाद, राजेंद्र बगड़ी सहित समाज के गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

इस मौके पर अखिल भारतीय सैन मन्दिर हरसौरा धाम के प्रधान संजय सैन, बारबर यूनियन प्रधान राधेश्याम सैन, परगना प्रधान रामकिशन सैन, भामाशाह बैद्य श्यामलाल सैन, रणसिंह, उदमीराम, सैन जयंती प्रधान नानक चंद्र सैन, कैलाश सैन, पुष्पा सैन, राधा सैन, वित्तीय सलाहकार बनवारी लाल सैन, रामकुवार सैन, चौथमल सैन, भीम सैन पवाना, कृष्ण सैन बड़नगर, संजय सैन, नेतराम सैन एवं राजनीतिक प्रतिनिधि व सामाजिक प्रतिनिधियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

# उपभोक्ताओं को बैंक में किसी भी प्रकार की नहीं हो परेशानी : रविंद्र शर्मा




निवाई एसबीआई बैंक शाखा में बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया ।

- एसबीआई बैंक शाखा में उपभोक्ताओं के लिए नेटवर्किंग बैंक सुविधा सहित नेट सुविधाएं उपलब्ध है।

**निवाई।** स्थानीय एसबीआई बैंक शाखा निवाई में एसबीआई बैंक का 219 वां स्थापना दिवस सात दशक देश के साथ थीम के साथ धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस पर शाखा प्रबंधक रविंद्र शर्मा ने कहा कि एसबीआई बैंक के सभी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बैंक में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों से आव्हान किया कि बैंक में आने वाले सभी उपभोक्ताओं का शीघ्रता से कार्य हो, जिससे उनका समय बर्बाद नहीं हो सके। बैंककर्मी गौरवकुमार गौतम ने बताया कि एसबीआई बैंक शाखा में उपभोक्ताओं के लिए नेटवर्किंग बैंक सुविधा सहित कई प्रकार की नेट सुविधाएं उपलब्ध है। जिसका प्रत्येक उपभोक्ता लाभ ले रहे हैं। इस अवसर पर फील्ड ऑफिसर निर्मल कुमार, बैंक अधिकारी रितिका सिंह, ज्योति मीणा, मुस्कान खंडेलवाल, धनराज शर्मा, गौरव गौतम, अंकित सोनी, उजागर सिंह, राहुल खींची, विनोद कुमार, ममता नकवाल, राकेश जाट, यशिका करनानी, अनिलकुमार शर्मा, महेश शर्मा, आशीष गर्ग एवं हंसराज चंदेल सहित सभी बैंक कर्मियों ने बैंक के स्थापना दिवस पर केक काटकर खुशी का इजहार किया।

### सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**चाकसू।** कस्बे के नीलकंठ महादेव मंदिर में मंगलवार को सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। हारमोनियम, ढोलक, तबला आदि वाद यंत्रों के साथ भजन गायकों ने संगीत मय सुंदरकांड की चौपाईयां प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मुख्य आयोजन करता मामोडिया परिवार के रामू मामोडिया एवं प्रशांत ने बताया सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं भजन सत्संग कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा सहित सैकडो जनप्रतिनिधियों और हजारों श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई है इस दौरान मंदिर की आकर्षक फूल बंगला झांकी सजाकर हनुमान जी को पंचामृत से अभिषेक कर नवीन चोला धारण करवाया गया।

# भव्य कलश यात्रा आज

- यज्ञाचार्य पंडित कुलदीप वेदिक जयपुर के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोचारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी।

**निवाई/गुंसी।** मनोहरपुरा भेरुजी का बासड़ा में स्थित श्री बालाजी महाराज मंदिर, भौमिया जी एवं गुरु महाराज के स्थान पर बुधवार से महामंडलेश्वर नागापागलदास महाराज वाटिका के सानिध्य में विशाल 11 कुण्डीय नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ सेवा समिति सदस्य बद्रीलाल शर्मा व श्याम शर्मा ने बताया कि यज्ञ एवं को लेकर मंगलवार को कुंडो की बोली लगाई गई जिसमें प्रधान कुंड की बोली दामोदरप्रसाद शर्मा के एक लाख इक्यावन हजार एक सो इक्यावन रु की छोडी गई। उन्होंने बताया कि नवदिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक साध्वी अन्नपूर्णा शास्त्री वृंदावन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार भजन सम्राट मि-बना सूर्या द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी एवं यज्ञाचार्य पंडित कुलदीप वेदिक जयपुर के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोचारण के साथ यज्ञ में आहुतियां दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि महायज्ञ को लेकर बुधवार को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें सैकडो श्रद्धालु भाग लेंगे। इस दौरान विद्वान पंडितों के सानिध्य में भगवान का दधि विधि स्नान, पंचांग पूजन, प्राश्चित संकल्प, वरूण मात्रिका पूजन, अग्नि मंथन एवं ब्राह्मण वरण सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई से प्रतिदिन सुबह 8:15 से 12:15 तक हवन यज्ञ एवं दोपहर 12:15 से 3:15 बजे तक नित्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को श्रीराम कथा के समापन को लेकर यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी एवं दोपहर बाद महाआरती करके विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गुंसी, मूण्डिया, लुहारा, अजीतपुरा, मनोहरपुरा, चनानी, सजिया, कनेसर, हनौतिया व हरभांवता सहित कई गांवों के श्रद्धालु भाग लेंगे।

### चिकित्सकों का अभिनन्दन

**कोटपूतली।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मंगलवार को बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बिना किसी भेदभाव एवं अपनी सुरक्षा की परवाह किये बगैर मानवता की सेवा में जुटे चिकित्सकों का माला, साफा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर व मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 01 जुलाई को डॉ. बिधान चंद्र राय के सम्मान में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। इस मौके पर यहां के राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में सीएमएचओ डॉ. आषीष सिंह शेखावत, डिप्टी सीएमएचओ (स्वा.) डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया, डिप्टी सीएमएचओ (प.क.) डॉ. जय भगवान यादव, डॉ. मोइनुद्दीन, डॉ. राकेष रहीसा आदि चिकित्सकों का अभिनंदन किया गया।

### प्राचार्य पद पर कार्य ग्रहण

**कोटपूतली ।** प्रदेश की महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षा विभाग की पदस्थापन प्रक्रिया अंतर्गत महेश चन्द यादव ने महात्मा गांधी (अंग्रेजी माध्यम) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुरा कलां में प्राचार्य पद पर कार्य ग्रहण किया।

विद्यालय परिवार द्वारा माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। प्रदेश की महात्मा गांधी राजकीय स्कूलों में पदस्थापन हेतु गत वर्ष 25 अगस्त को एक परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें प्राचार्य महेश चन्द यादव ने जिले में प्रथम रैंक हासिल की थी। गोरतलब है कि पवाना अहीर निवासी प्राचार्य महेश चन्द यादव अपने ही गांव की सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पवाना अहीर के विकास व प्रगति में समर्पित भाव से दी गई अपनी बेहतरीन सेवाओं की बदौलत गत वर्ष राज्य स्तरीय व लगातार इस वर्ष जिला स्तरीय भामाशाह प्रेरक सम्मान प्राप्त किया है। विद्यालय प्राचार्य महावीर प्रसाद यादव सहित समस्त विद्यालय परिवार व ग्रामवासियों ने स्वागत अभिनंदन कर विद्यालय विकास में सकारात्मक सहयोग प्रदान करने की बात कही।

# गिव-अप अभियान की वैधता अवधि अब 31 अगस्त तक’

- अभियान के अंतर्गत अब तक 50 हजार 984 ने किया गिव अप, 405 को हुए नोटिस जारी’

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गो के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

माननीय मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश हैं कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया की खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार गिव अप अभियान जिसकी वैधता अवधि में 31 अगस्त 2025 तक की वृद्धि की गई है।

उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड ष्राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम, 2023 अनुसूची-1ष्में परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी अर्द्धसरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है।

उन्होंने बताया कि 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 22 लाख 31 हजार 899 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है ‘जिससे राज्य सरकार पर वार्षिक 409.39 करोड़ की राशि का वित्तीय भार कम होगा‘

इसी प्रकार कोटपुतली बहरोड़ जिले में अब तक 50 हजार 984 व्यक्तियों ने गिव अप किया। अभियान में अब तक जिले में 405 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के जिला रसद अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस भी जारी किया जा रहा है।

### 101 कांवाड़ियों का दल रवाना

**कोटपूतली।** प्रतिवर्ष की भांति पवित्र श्रावण मास में उत्तराखण्ड के गौमुख (गंगोत्री) से गंगा जल की कांवड लाने के लिये 101 कांवडियों का जत्था छीतरमल कसाना व रामरतन पहलवान के नेतृत्व में सोमवार देर शाम राजमार्ग की सर्विस लेन स्थित पटेल हीरा मोती सिनेमा से भगवान शंकर के जयकारों के साथ अपार जोश एवं उत्साह के साथ रवाना हुआ।

जत्थे को युवा गुर्जर महासभा के तहसील अध्यक्ष व शिवकुमार पटेल ने केसरिया (भगवा) ध्वज दिखाकर रवाना किया। उक्त 101 सदस्यों के दल में ग्राम सुन्दरपुरा सहित ग्राम बुटेरी (बानसूर), पहाड़ी (बहरोड़), पांचनौता व नांगल दर्गु (नांगल चौधरी, हरियाणा) के श्रद्धालू शामिल है। जो कि पवित्र गंगा नदी के उद्गम स्थल भागीरथी गौमुख से कांवड़ में पवित्र जल भरकर कई दिनों का सफर तय कर पैदल वापस आयेगें।

उक्त जल से आगामी श्रावण मास में बालेष्वर स्थित तीर्थ स्थल पर भगवान शंकर का अभिषेक करेंगें। कांवड़ियों को रवाना करते वक्त पटेल ने कहा कि हमारी परम्पराओं से ही सनातन धर्म व हमारी संस्कृति का संरक्षण सम्भव है।

# प्रवेशित नवीन बच्चों के तिलक लगाया, माला पहनकर स्वागत

- ग्रीष्मावकाश के बाद शैक्षिणक सत्र 2025-26 के लिए मंगलवार को शिक्षा के मंदिरों के पट खुले व रौनक लौटी

**शाहपुरा ।** ग्रीष्मावकाश के बाद शैक्षिणक सत्र 2025-26 के लिए मंगलवार को शिक्षा के मंदिरों के पट खुले। जिससे विद्यालय में लंबे अंतराल के बाद रौनक लौटी। पहले दिन विद्यालय में अध्ययन से ज्यादा नवीन बच्चों के प्रवेश पर फोकस रहा। अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए स्कूल पहुंचे। प्रवेशित नवीन बच्चों के विद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा तिलक लगाया गया और माला पहने का स्वागत किया गया। शहर के नोडल केंद्र श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहले ही दिन 107 नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। हाल ही में कर्मवीर अवार्ड से सम्मानित शहरी नोडल अधिकारी रूडमल कपूरिया व उनके स्टाफ साथियों के द्वारा सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक से स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया।पाठ्य पुस्तकें वितरित की। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामप्यारी ओला ने बताया कि करीब डेढ़ माह की गर्मी की छुट्टी के बाद मंगलवार से स्कूल खुल गई है। प्रवेशोत्सव 31 जुलाई तक चलेगा। इधर स्कूल खुलने के साथ ही शहर की स्टेशनरी की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गई है। लोग स्कूल में बच्चों के पढ़ने के लिए किताबें, काफिया,बैग सहित स्टेशनरी का सामान खरीदते नजर आए। पुस्तक विक्रेता कमलेश बजाज, रामगोपाल पलसानिया,मनीष शर्मा आदि ने बताया कि स्कूल की छुट्टियां खत्म होने से जून व जुलाई महीने में स्टेशनरी के कारोबार का बेहतर सीजन होता है।



नोडल केंद्र श्री कल्याण सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहले ही दिन 107 नव प्रवेशित विद्यार्थी ने दाखिला लिया

# खेल जगत




अपने बेहतरीन करियर को विराम देने से पहले भारत में एक टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार भारत में साल 2004 में टेस्ट सीरीज जीती थी।

- नाथन लियोन

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, अपने करियर के बारे में बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** कार्लोस अल्काराज



**विंबलडन** 2025 का आगाज हो चुका है। इस दौरान गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज को टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जिस कारण ये मुकाबला पांच सेटों तक खिंच गया आखिर में 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी अल्काराज ने आखिर में साढ़े चार घंटे तक मेहनत करने के बाद 7-5, 6-7. 7-5. 2-6. 6-1 से जीता। 1968 में टेनिस के पेशेवर बनने के बाद से लगातार तीन विंबलडन खिताब जीतने वाले पांचवें खिलाड़ी बनने की कोशिश में जुटे अल्काराज लगातार 18 मैचों की जीत के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब पहुंचे थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी।

# भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच आज से

## एजबेस्टन की पिच पर टीम इंडिया की अग्निपरीक्षा

एजबेस्टन, 1 जुलाई। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच आज से खेला जाएगा। ये मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। एजबेस्टन की पिच पर दूसरे टेस्ट से दो दिन पहले काफी घार है, लेकिन यहां गर्मी जैसे हालात है और बुधवार को टॉस से पहले घास को काट दिया जाएगा। इसी के मद्देनजर भारतीय टीम अपनी प्लेइंग इलेवन का चुनाव करेगी जबकि इंग्लैंड पहले ही अपनी प्लेइंग इलेवन घोषित कर चुका है। वैसे भी एजबेस्टन भारत के लिए कभी भी लकी नहीं रहा है। इस मैदान पर भारत ने आठ मैच खेले हैं, जिसमें उसे सात में हार झेलनी पड़ी है और एक मैच ड्रॉ रहा था।

### पिच का मिजाज

एजबेस्टन की पिच पर रोचक मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है। मैच की शुरुआती 2 दिन ड्यूक की गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। मैदान पर बादल छाए रहने की स्थिति पर गेंदबाज और हावी हो सकते हैं। वहीं तीसरे और चौथे दिन पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो सकती है। मैच के आखिरी दिन के दौरान स्पिनर कमाल कर सकते हैं। हाउस्टेट के मुताबिक यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों का जीत प्रतिशत 32.14 है।


### एजबेस्टन में बारिश कर सकती है परेशान

एक्यूवेदर के मुताबिक, 2 जुलाई को मैच के पहले दिन 84 प्रतिशत तक बारिश की संभावना है। मैच के दूसरे और तीसरे दिन के दौरान मौसम साफ रह सकता है। चौथे दिन और 5वें दिन भी मैच के दौरान बारिश का खलल देखने को मिल सकता है। आखिरी 2 दिन बादल छाए रहेंगे। इन 5 दिनों में अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक रह सकता है।

### एजबेस्टन में भारत का रिकॉर्ड

भारत ने एजबेस्टन में 8 टेस्ट खेले, जिसमें से 7 में उन्हें हार मिली थी और सिर्फ 1 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। इस मैदान पर भारत का सर्वोच्च टीम स्कोर 416 रन रहा था। वहीं, सबसे क स्कोर 92 रन रहा था। इस मैदान में भारत का इकलौता ड्रॉ 1986 मं आया था। कपिल देव उस मुकाबले में भारत की कप्तानी कर रहे थे।

## बुमराह फिट, लेकिन खेलने पर फैसला अभी नहीं : शुभमन



*एजबेस्टन, 1 जुलाई। टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि जसप्रीत बुमराह दूसरा मुकाबला खेलने के लिए अवेलेबल और फिट हैं, लेकिन वर्कलोड मैनेजमेंट देखते हुए ही फैसला लेंगे कि वे प्लेइंग-11 का हिस्सा बनेंगे या नहीं। वहीं इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, ऋषभ पंत खतरनाक प्लेयर हैं, लेकिन उनकी बैटिंग देखना पसंद है। गिल ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमें बस 20 विकेट लेने वाले सही बॉलिंग कॉम्बिनेशन की तलाश है। साथ ही हमें थोड़े रन भी बनाने होंगे। मैच से पहले पिच देखने के बाद ही फैसला लेंगे कि प्लेइंग-11 क्या होगी। बुमराह के बिना बेस्ट कॉम्बिनेशन पर फोकस शुभमन ने आगे कहा, बुमराह अगर नहीं खेल सकें तो टीम को उनकी कमी खलेगी। हालांकि, हमें सीरीज से पहले ही पता था कि वे 3 ही मुकाबले खेल सकेंगे। इसलिए मैनेजमेंट ने मिलकर पहले ही डिसाइड कर लिया है कि अगर बुमराह नहीं खेलें तो उनकी जगह कौन लेगा। हमारा फोकस उनके बिना बेस्ट बॉलिंग कॉम्बिनेशन तलाशने पर है। गिल बोले, टीम फिलहाल बैटिंग और बॉलिंग दोनों में गहराई तलाशना चाह रही है। ताकि बैटिंग में नंबर-8 से नीचे भी कुछ रन बन सके। साथ ही बॉलिंग में 4 तेज गेंदबाजों के साथ 2 पार्ट टाइम बॉलर्स भी अवेलेबल हों। अगर हम सीरीज के दौरान यह कॉम्बिनेशन हासिल कर पाएं तो बहुत बेहतर होगा।*

## पंत खतरनाक बैटर, लेकिन उनकी बैटिंग देखना पसंद : स्टोक्स



एजबेस्टन, 1 जुलाई। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पंत भले ही दूसरी टीम में हैं, लेकिन मुझे उनकी बैटिंग पसंद है। जब आप पंत जैसे टैलेंटेड प्लेयर को छूट देते हैं तो उनका बेस्ट प्रदर्शन सामने आता है। वे बहुत खतरनाक प्लेयर हैं, मुझे उनकी बैटिंग देखना पसंद है। स्टोक्स ने आगे कहा, मोईन अली टीम के साथ जुड़कर युवा स्पिनर्स की मदद कर रहे हैं। मुझे लगता है कि मोईन जैसे जितने ज्यादा अनुभवी प्लेयर्स टीम का मार्गदर्शन करेंगे, युवा प्लेयर्स उतना ही बेहतर परफॉर्म करेंगे। उन्होंने शोएब बशीर के साथ बहुत देर बातचीत की और बॉलिंग स्ट्रैटजी में उनकी मदद की।

## वूमन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 के पोस्टर का विमोचन

जयपुर, 1 जुलाई। वीरांगना वेलफेयर की ओर से वूमन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 का आयोजन 3 जुलाई से 6 जुलाई 2025 जय क्लब में किया जाएगा। इसी कड़ी मंगलवार 01 जुलाई 2025 को



वूमन प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 का पोस्टर विमोचन किया गया। चार दिन के इवेंट में अलग-अलग टीम के साथ 9 मैच होंगे जितने वाली टीम को 21000 का इनाम सर्टिफिकेट दिया जायेगा। वीरांगना वेलफेयर की अध्यक्ष सीमा राठौड़ ने बताया कि महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को क्रिकेट की दुनिया में एक मंच प्रदान करने और उनकी प्रतिभा को दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से इस प्रीमियर क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। प्रीमियर लीग जय क्लब के मैदान में आयोजित होगी। जिसकी शुरूआत 3 जुलाई से की जाएगी।

## नारायणा क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 1 जुलाई। अंडर-16 अरावली कप में बालाजी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.5 ओवर में 153 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाए। विशाल चौधरी ने 37, श्रेयांश ने 32 और



कार्तिकेय राठौर ने 22 रनों का योगदान दिया। क्रिकेट अकादमी की ओर से चर्चित यादव और रवि कश्यप ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नारायणाक्रिकेट अकादमी ने 12 ओवर में 156 रन 2 विकेट के नुकसान पर बना कर जीत हासिल कर ली। हिमांशु ने 73 और रवि कश्यप ने 40 नाबाद रनों का योगदान दिया ! बालाजी क्रिकेट अकादमी की ओर से भारत को एक विकेट मिला। मैन ऑफ द मैच रवि कश्यप को चुना गया।

## विंबलडन के पहले दौर में पेगुला की सनसनीखेज हार

लंदन, 1 जुलाई। तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला ने विंबलडन के पहले दौर में बाहर होने के बाद कहा है कि यह उनके लिए साल का सबसे खराब नतीजा था, क्योंकि वह अब तक टूर्नामेंट में हारने वाली सर्वोच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बन गई हैं। पेगुला को इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो ने 6-2, 6-3 से हराया, जो विश्व में उनसे 113 पायदान नीचे 116वें स्थान पर हैं। 31 वर्षीय पेगुला के दाहिने घुटने पर भारी पट्टियाँ बंधी हुई थीं, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं हुई, क्योंकि उन्हें कोर्ट दो पर मात्र 58 मिनट में हार का सामना करना पड़ा।

## टॉसन से हार के बाद वॉटसन विंबलडन से बाहर

लंदन, 1 जुलाई। हीथर वॉटसन की विंबलडन की उम्मीदें पहले दौर में ही खत्म हो गईं, क्योंकि पूर्व ब्रिटिश नंबर एक खिलाड़ी को 23वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन ने हरा दिया। वॉटसन ने पहला सेट जीतकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन डेनमार्क की टॉसन ने वापसी करते हुए आज 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। वॉटसन, जो सिर्फ तीन साल पहले चौथे दौर में पहुंची थीं, की शुरुआत खराब रही, जब उनकी सर्विस तीसरे गेम में ही टूट गई। लेकिन इससे पूर्व ब्रिटिश नंबर दो खिलाड़ी के लिए शानदार शुरुआत हुई, क्योंकि उन्होंने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। शुरुआत में टॉसन के पास अपनी प्रतिद्वंद्वी का कोई जवाब नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और दूसरे सेट में मजबूती से वापसी की, उन्होंने एक और शुरुआती ब्रेक हासिल किया और इस बार इसे बरकरार रखा, हालांकि वॉटसन को अपनी दूसरी सर्विस से जूझने में मदद मिली। विंबलडन में एक बार फिर से मौसम गर्म होने के कारण, निर्णायक तीसरे सेट में वॉटसन ने अपने कुछ शॉट्स की सटीकता खोनी शुरू कर दी और 3-3 पर ब्रेक हो गई। इसके बाद टॉसन ने मैच के शेष भाग को समाप्त कर दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली।

## हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए इंडिया-ए पुरुष टीम की घोषणा की

नई दिल्ली, 1 जुलाई। हॉकी इंडिया ने यूरोप के अपने आगामी दौरे के लिए इंडिया ए पुरुष हॉकी टीम की आज घोषणा की, जो 8 से 20 जुलाई तक होने वाला है। इस दौरे में कुछ शीर्ष यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच होंगे और इसका उद्देश्य उभरते और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण को मूल्यवान अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है।

टीम की कप्तानी संजय करेंगे, जबकि मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह उनके डिप्टी होंगे। 20 सदस्यीय टीम में गोलकीपर पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार तथा डिफेंडर प्रताप लाकड़ा, वरुण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद और संजय शामिल हैं। मिडफील्ड विभाग में पूवन्ना चंदूरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह और राजिंदर सिंह मौजूद हैं, जबकि फॉरवर्ड लाइन-अप में अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लालगे, सेल्वम कार्ति और उत्तम सिंह शामिल हैं। स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमको शामिल हैं। दौरे के दौरान टीम को शिवेंद्र सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 328 रन से पीटा



बुलावायो, 1 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका ने आज जिम्बाब्वे को टेस्ट क्रिकेट में अब तक की सबसे बड़ी हार दी, 328 रनों के विशाल अंतर से जीत दर्ज करके दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। 537 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, कप्तान क्रेग एर्विन और ऑलराउंडर वेलिंगटन मसकाद्जा की थोड़ी सी वापसी के बावजूद जिम्बाब्वे अपनी दूसरी पारी में 208 रनों पर ढेर हो गया। इस जोड़ी ने सातवें विकेट के लिए 83 रन जोड़े, लेकिन एक बार यह साझेदारी टूट जाने के बाद उसकी पारी जल्दी ही समाप्त हो गई।

दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश, जिन्होंने पहले शतक बनाया था, ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने पांच विकेट लिए, और टेस्ट मैच में शतक बनाने और पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए। दक्षिण अफ्रीका पहले दिन 23/3 के स्कोर पर शुरुआती परेशानी में था, लेकिन डेब्यू करने वाले डेवाल्ड ब्रेविस और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने शानदार वापसी की। प्रीटोरियस ने अपने डेब्यू मैच में 153 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मेहमान टीम की लय स्थापित हो गई। इसके बाद बॉश ने निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोर को 418/9 पर पहुंचा दिया।

जिम्बाब्वे ने अपनी पहली पारी में 251 रन बनाए, जिसमें सीन विलियम्स अकेले योद्धा थे, जिन्होंने केशव महाराज के आक्रामक फुटवर्क और स्वीप का सामना करते हुए स्टाइलिश 137 रन बनाए। हालांकि, बाकी बल्लेबाजी लाइनअप से समर्थन की कमी का मतलब था कि जिम्बाब्वे ने 167 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त दे दी। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में जिम्बाब्वे को मुकाबले से बाहर कर दिया।

## मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे यशस्वी

मुंबई, 1 जुलाई। यशस्वी जायसवाल, मुंबई की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने उनका अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अनुरोध रद्द कर दिया है, जो उन्होंने गोवा की तरफ से खेलने के लिए बनवाया था। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नायक ने एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा, यशस्वी हमेशा से मुंबई क्रिकेट के एक बेहतरीन चेहरे रहे हैं। हमने उनके एनओसी रद्द करने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और वह आगामी घरेलू सीजन में मुंबई के लिए उपलब्ध रहेंगे। अप्रैल में जायसवाल ने एमसीए से एनओसी ली थी और गोवा के लिए खेलने का मन बनाया था। एमसीए ने जायसवाल के इस फैसले को आश्चर्यजनक करार दिया था। हालांकि एक महीने के बाद जायसवाल ने फिर से एमसीए को पत्र लिखा, जिसमें कहा गया था कि जायसवाल अपने परिवार के साथ गोवा शिफ्ट होने की योजना बना रहे थे। हालांकि उन्होंने अपनी इस योजना को बदल लिया है।

## स्मृति मंधाना को करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग, नंबर 1 की ओर अग्रसर

दुबई, 1 जुलाई। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में शतक लगाने का इनाम मिला है, जो उन्हें आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजों की अपडेट की गई रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पर पहुंचाता है।

नंबर 1 रैंक वाली वनडे बल्लेबाज मंधाना ने हाल ही में नॉटिंघम में 112 रनों की शानदार पारी खेलकर इंग्लैंड को धूल चटा दी, जिससे बाएं हाथ की इस बल्लेबाज को टी20 बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

इससे मंधाना को करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 771 अंक मिल गई है और वह टी20 बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर मौजूद नंबर 1 खिलाड़ी बेथ मूनी से 23 अंक पीछे हैं। भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा इंग्लैंड के खिलाफ उसी मैच में 20 रन की पारी के बाद एक स्थान ऊपर उठकर 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि उनकी साथी हरलीन देओल 43 रन की तेज पारी के बाद 86वें स्थान पर बल्लेबाजों की रैंकिंग में वापस आ गई हैं। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने नॉटिंघम में खेले गए मैच में तीन विकेट लिए और दाएं हाथ की यह लंबी गेंदबाज टी20 गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में दो स्थान ऊपर उठकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल टी20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बनी हुई हैं, लेकिन शीर्ष 10 खिलाड़ियों के बीच केवल 44 रेटिंग अंकों का अंतर है।

वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज के अंतिम मैच में भी उनके कई खिलाड़ियों ने ताजा रैंकिंग में जगह बनाई है। प्रोटियाज की युवा खिलाड़ी मियान स्मिट ने उस मैच में अर्धशतक जड़ने के बाद टी20 बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 100 से बाहर से छलांग लगाकर 76वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## सरे ने डरहम के खिलाफ क्लब का रिकॉर्ड 820 रन का स्कोर बनाया

लंदन, 1 जुलाई। डोम सिबली की 10 घंटे की 305 रन की पारी और डैन लॉरेंस तथा विल जैक्स के तेज शतकों की बदौलत सरे ने किआ ओवल में 820-9 रन पर पारी घोषित की, जो क्लब के लंबे इतिहास में सबसे बड़ा प्रथम श्रेणी स्कोर है। 407-3 से आगे खेलते हुए, उन्होंने दूसरे दिन चाय के बाद तक बल्लेबाजी करते हुए 811 रन का अपना 126 साल पुराना काउंटी रिकॉर्ड तोड़ दिया और कल चिलचिलाती धूप और 30 डिग्री से अधिक तापमान में डरहम की पीड़ा को और बढ़ा दिया। और दिन की समाप्ति से पहले 28 ओवर की गेंदबाजी में, सरे ने कुछ चुनौतीपूर्ण गेंदबाजी के साथ जवाब में डरहम को 59-1 पर रोक दिया।

## पुलिस कोई जादूगर नहीं... कैट ने भगदड़ में 11 लोगों की मौत के लिए आरसीबी को जिम्मेदार ठहराया

बेंगलुरु, 1 जुलाई। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर 4 जून को हुई भगदड़ के लिए केंद्रीय प्रशासनिक न्यायधिकरण ने आरसीबी प्रबंधन को जिम्मेदार माना है। कैट ने कहा है कि, आरसीबी प्रबंधन ने बिना पुलिस की अनुमति के सोशल मीडिया पर अचानक विजय जुलूस की घोषणा कर दी जिससे लाखों की भीड़ जमा हो गई और उसमें भगदड़ मच गई। बता दें कि, इस भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई जबकि 55 से ज्यादा लोग घायल हुए।

कैट की बेंगलुरु पीठ के जस्टिस बीके श्रीवास्तव और प्रशासनिक सदस्य संतोष मेहरा ने आदेश में कहा कि, प्रथम दृष्टया ऐसी प्रतीत होती है कि आरसीबी लगभग 3 से 5 लाख लोगों की भीड़ के लिए जिम्मेदार है। आरसीबी ने राज्य की पुलिस से आवश्यक अनुमति या सहमति नहीं ली। उसने अपनी आईपीएल 2025 की जीत का जश्न मनाने के लिए अचानक सोशल मीडिया पर जानकारी पोस्ट की और उसी के परिणामस्वरूप लोगों की भीड़ जमा हो गई।

साथ ही कैट ने कहा कि, समय की कमी के कारण, पुलिस उचित व्यवस्थान करने में असमर्थ थी। पुलिस से ये उम्मीद नहीं की जा सकती है कि लगभग 12 घंटे के छोटे समय में वह सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर लेगी। कैट ने आगे कहा कि, पुलिसकर्मी भी इंसान ही हैं। वे न तो भगवान हैं और न ही कोई जादूगर हैं। उनके पास अल्लादीन के चिराग जैसी कोई जादुई शक्तियां नहीं है कि वे उंगली रगड़कर कोई भी इच्छा पूरी कर सकें।

कैट ने ये टिप्पणी ने भारतीय पुलिस अधिकारी विकास कुमार द्वारा अपने निलंबन को रद्द करने के लिए दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए की। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायधिकरण ने आईपीएस विकास कुमार को राहत देते हुए उनका निलंबन भी रद्द कर दिया और निलंबन अवधि के समय को भई सेवा का हिस्सा मानने के आदेश दिए हैं।

## पाली एवं बीकानेर जिला क्रिकेट संघों की संबद्धता समाप्त करने की शिकायतों के संबंध में सुनवाई 10 जुलाई को

### न्यायमूर्ति दीपक वर्मा (सेवानिवृत्त) लोकपाल एवं नैतिकता अधिकारी, आरसीए द्वारा नोटिस जारी



जयदीप बियानी द्वारा किए गए गलत निर्णयों के खिलाफ उच्च न्यायालय में केस विचाराधीन है जिसकी कोर्ट की तारीख 14 जुलाई है। जिसकी जानकारी न्यायाधीश दीपक वर्मा को कर दी जायेगी। **- धर्मवीर सिंह**



जयपुर, 1 जुलाई। धर्मवीर सिंह शेखावत जिला क्रिकेट संघ, पाली और रतन सिंह शेखावत जिला क्रिकेट संघ, बीकानेर के जिला क्रिकेट संघों की संबद्धता समाप्त करने के संबंध में शिकायतों के संबंध में सुनवाई हेतु न्यायमूर्ति दीपक वर्मा (सेवानिवृत्त), लोकपाल एवं नैतिकता अधिकारी, आरसीए द्वारा लोकपाल एवं आचार अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने के लिए सूचना जारी की गई है।

नोटिस में न्यायमूर्ति दीपक वर्मा द्वारा बताया गया है कि राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के लोकपाल एवं आचार अधिकारी के रूप में जिला क्रिकेट संघ पाली एवं जिला क्रिकेट संघ बीकानेर की संबद्धता समाप्त करने के संबंध में औपचारिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं।उक्त मामले आरसीए के संविधान, राजस्थान खेल अधिनियम के कथित उल्लंघन तथा आरसीए द्वारा अपनी तदर्थ समिति के माध्यम से जारी किए गए आदेशों का लगातार पालन न करने से संबंधित हैं। शिकायतों में आगे आरोप लगाया गया है कि आरसीए द्वारा बार-बार अवसर दिए जाने तथा नोटिस जारी किए जाने (30.04.2025 से 27.05.2025 के बीच विभिन्न संचारों के माध्यम से) के बावजूद संबंधित एसोसिएशन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपेक्षित जानकारी तथा दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे। परिणामस्वरूप, आरसीए की आम सभा द्वारा 17.05.2025 को आयोजित अपनी बैठक में संघ से अलग होने के निर्णय लिए गए तथा तदर्थ समिति द्वारा अनुवर्ती कार्रवाई की गई। उपरोक्त के मद्देनजर, तथा प्राकृतिक न्याय, पारदर्शिता और प्रक्रियात्मक निष्पक्षता के सिद्धांतों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, धर्मवीर सिंह शेखावत जिला क्रिकेट संघ, पाली, रतन सिंह शेखावत जिला क्रिकेट संघ, बीकानेर को मामले में सुनवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से (या विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से) के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

लोकपाल के समक्ष आरसीए की बैठक 10 जुलाई, 2025, 11 बजे, भारत ज़ूम मीटिंग में शामिल होना होगा। दोनों जिला क्रिकेट संघों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने, अपना रुख स्पष्ट करने और अपने बचाव में कोई भी सहायक सामग्री- दस्तावेज प्रस्तुत करने के हकदार हैं, जिसे आप उचित समझें।

विधिवत अधिकृत व्यक्ति या वकील द्वारा प्रतिनिधित्व करने के लिए भी स्वतंत्र हैं। इसके साथ - साथ इस नोटिस की तामील के बावजूद उपर्युक्त तिथि और समय पर उपस्थित न होना जानबूझकर असहयोग माना जाएगा और मामला आपके आगे किसी संदर्भ के बिना एकतरफा आगे बढ़ेगा। उसके बाद पारित निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।



## क्रिकेट एसोसिएशन को स्वच्छ प्रशासन और जनभावना के अनुरूप खिलाड़ियों को मिले अवसर, इसके लिए करेंगे प्रयास : पिंकेश

### भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग की ओर से किए गए स्वागत सत्कार में बोले एडहॉक कमेटी के सदस्य



जयपुर, 1 जुलाई। भाजपा प्रदेश मंत्री एवं प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पिंकेश कुमार जैन को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में सदस्य बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग की ओर से भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। प्रदेश मीडिया कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता, पैनेलिस्ट और मीडिया विभाग के सदस्यों ने प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल का दुपट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप क्रिकेट को स्वच्छ प्रशासन मिले एवं जनता की भावना के अनुरूप क्रिकेट एसोसिएशन में काम हो, ताकि यहां के खिलाड़ियों को अवसर मिले। इसके लिए एडहॉक कमेटी युद्ध स्तर पर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा मीडिया टीम की ओर से किया गया स्वागत-सत्कार राजस्थान के क्रिकेट खिलाड़ियों का अभिनंदन है। हम सब मिलकर क्रिकेट के क्षेत्र में राजस्थान को गौरवान्वित करने वाले अवसरों की तलाश करेंगे। आपकी शुभकामनाएं हमारे संकल्पों को मजबूती प्रदान करेगी।

भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश प्रवक्ता रामकुमार वर्मा, प्रताप राव कौशिक, राखी राठौड़, पंकज मीणा, सुरेश गर्ग, विकास बारहठ, शैलेंद्र सिंह गुर्जर, नमित जैन, मदन प्रजापत, भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने दुपट्टा एवं पुष्पगुच्छ देकर पोरवाल का अभिनंदन किया।

## आरसीए एडहॉक कमेटी की सीएम से मुलाकात

जयपुर, 1 जुलाई। आज आरसीए की नवगठित तदर्थ समिति (एडहॉक) के सदस्यों जिनमें आरसीए की एडहॉक कमेटी संयोजक, सवाई माधोपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत, जोधपुर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह, इसके अलावा प्रतापगढ़ जिला क्रिकेट संघ के सचिव पिंकेश कुमार जैन, सीकर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष आशीष तिवाड़ी एवं अलवर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मोहित यादव के साथमुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट कर उनका मार्गदर्शन और स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया। धनंजय सिंह ने कहा कि हम राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ पूर्ति हेतु संकल्पबद्ध हैं।

## साधारण सभा में चुनाव की तारीख और अधिकारी की नियुक्ति को लेकर चर्चा कल

जयपुर, 1 जुलाई। जयपुर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर गोपाल सैनी ने बताया कि जिला संघ व के चुनाव नये सिरे से - होंगे और तीन जुलाई को बुलाई साधारण सभा की बैठक में चुनाव कार्यक्रम और चुनाव अधिकारी की नियुक्ति को लेकर चर्चा की जाएगी। जिला संघ के चुनाव गत वर्ष 17 नवम्बर को होने वाले थे लेकिन कुछ क्लबों की ओर से आपत्ति जताए जाने के बाद ठीक एक दिन पहले इन्हें स्थगित कर दिया गया था। एडहॉक कमेटी कन्वीनर की ओर से एजीएम का नोटिस जारी किए जाने के बाद तीन जुलाई को ही चुनाव कराने की चर्चा चल पड़ी थी। गोपाल सैनी ने कहा कि एजीएम में तो अभी सिर्फ चुनाव तिथि अधिकारी पर निर्णय लिया जाना है। उन्होंने कहा कि एजीएम में एडहॉक कमेटी के सभी पांचों सदस्य और जिला संघ से सम्बद्ध सभी बीस क्लबों को आमंत्रित किया गया है। कुछ क्लबों की ओर से एजीएम मात्र तीन दिन के शार्ट नोटिस पर बुलाए जाने पर आपत्ति पर सैनी ने कहा कि यह चुनावी एजीएम नहीं है। इसमें सिर्फ चुनाव कार्यक्रम पर विचार किया जाएगा। जल्दी एजीएम बुलाने का मकसद यही है कि रजिस्ट्रार सहकारिता की ओर से चुनाव कराने की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए ताकि एक इलेक्टेड बॉडी जिला संघ के कार्यकलापों का संचालन करे। उन्होंने कहा कि चुनावी एजीएम के लिए निश्चित रूप से 21 दिन पूर्व नोटिस जारी किया जाएगा।



## राजस्थान के वुशू खिलाड़ी जहान्वी, नीतिका व महक का भारतीय वुशू टीम में चयन

जयपुर, 1 जुलाई। वुशू फेडरेशन ऑफ़ एशिया के तत्वावधान में दिनांक 2 से 7 जुलाई 2025 तक जिलिन, चीन में आयोजित होने वाले एशिया कप वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय वुशू टीम में राजस्थान के तीन खिलाडियों का चयन हुआ। हीरानंद कटारिया, उपाध्यक्ष, भारतीय वुशू संघ वअध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि जहान्वी मेहरा 56 किलोग्राम भारवर्ग में, नीतिका बंसल 65 किलोग्राम भारवर्ग तथा महक शर्मा 75 किलोग्राम भारवर्ग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए, पदक की दावेदारी पेश करेगी। राजेश कुमार टेलर, वुशू कोच ने बताया कि जहान्वी मेहरा व नीतिका बंसल ने 2024 में मकाउ में आयोजित हुई। 10वी एशियन वुशू प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत देश का नाम रोशन किया है तथा इस बार भी तीनो खिलाडियों से पदक जीतने की पूर्ण उम्मीद जताई है। जहान्वी, नीतिका व महक का भारतीय वुशू टीम में चयन होने पर विनोद सिंह शेखावत, मुख्य संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजाराम मील, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, गोपाल सैनी, संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, राजकुमार शर्मा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, भगवान सहाय जाटवा संरक्षक, राजस्थान वुशू संघ, के. सी. घुमरिया, चेयरमैन, राजस्थान वुशू संघ, ममता वर्मा, महासचिव, राजस्थान वुशू संघ, विजय सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ व सभी पदाधिकारियों ने पदक जीत कर आने की शुभकामनाएं प्रदान की।



जयपुर में 15 अगस्त को आयोजित होने वाली देश की पहली बाल निगम सभा के पोस्टर का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों से बातचीत भी की।

# देश की पहली बाल निगम सभा 15 अगस्त को जयपुर में होगी

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने बच्चों के बीच बाल निगम सभा के पोस्टर का विमोचन किया

जयपुर, 1 जुलाई। देश की पहली बाल विधानसभा का कीर्तिमान रचने के बाद अब राजस्थान पहली बाल निगम सभा आयोजित करने जा रहा है। यह सभा 15 अगस्त को नगर निगम हेरिटेज, फ्यूचर सोसायटी और डिजिटल बाल मेला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी। इस सभा के पोस्टर का विमोचन मंगलवार शाम मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बच्चों के बीच किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों ने बातचीत भी की।

- **यह कार्यक्रम नगर निगम हैरिटेज, फ्यूचर सोसायटी तथा डिजिटल बाल मेला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।**
- **बाल निगम सभा में हैरिटेज निगम के चयनित बच्चे बाल पार्षद बनेंगे। वे निगम की बाल सभा में शहर की स्वच्छता से जुड़े मुद्दे उठायेंगे।**

पोस्टर विमोचन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे स्वच्छ भारत के सच्चे बालदूत हैं। "कौन बनेगा बाल पार्षद" राजस्थान में एक बेहतरीन नवाचार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छ भारत का सपना यह अभियान प्रदेश के सभी नगर निगमों में पूरा करेगा। इस आयोजन के लिए उन्होंने डिजिटल बाल मेला, फ्यूचर सोसाइटी और नगर निगम हेरिटेज को शुभकामनाएं दी हैं।

डिजिटल बाल मेला की जान्हवी शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत होने वाली निगम की बाल सभा में हेरिटेज निगम के चयनित बच्चे बाल पार्षद बनेंगे और निगम की बाल सभा में शहर की स्वच्छता से जुडे मुद्दे उठाएंगे। यह आयोजन बच्चों की भागीदारी के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन को नई दिशा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

गौरतलब है कि कौन बनेगा बाल पार्षद अभियान पिछले वर्ष 26 नवंबर को लॉन्च किया गया था। अभियान के तहत, हेरिटेज निगम के वॉर्डों के स्कूल, पार्क और ऐतिहासिक स्मारकों पर बच्चों की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने पोस्टर, स्लोगन और सफाई गतिविधियों के माध्यम से आम जनता को ठोस कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण के महत्व के बारे में जानकारी दी। अब हजारों प्रतिभागियों में से बच्चों का चयन कर, उन्हें बाल पार्षद बनाया जाएगा और उसके बाद सभा का आयोजन होगा।

### 'भगदड़ में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि इस भगदड में 11 लोगों की मौत हो गई थी। केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण का कहना है कि आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली। आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधानसौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद, स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग ढ ाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे । कैट ने कहा, इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली। कैट ने अपने अवलोकन में कहा, अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए। आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

### तमिलनाडु में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सत्तूर टाउन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पुलिस ने फैक्ट्री के फोरमैन को गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शोक संतप्त लोगों के प्रति अपनी संवेदना जतायी है। उन्होंने मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये तथा घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की भी घोषणा की।

# तमिलनाडु में पुलिस हिरासत में मौत की जांच सीबीआई करेगी

## राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन ने यह बड़ा फैसला किया

चेन्नइ, 01 जुलाई। तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में पुलिस हिरासत में हुई युवक की संदिग्ध मौत ने पूरे राज्य में हलचल मचा दी है। इस मामले में मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बड़ा कदम उठाते हुए इसकी जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। 29 वर्षीय अजीत कुमार की मौत को लेकर विपक्ष से लेकर आम जनता तक में भारी आक्रोश है।

- **ज्ञातव्य है कि शिवगंगा जिले में पुलिस ने पूछताछ के लिए 29 वर्षीय युवक अजीत कुमार को हिरासत में लिया था, जिसकी मौत हो गई। इस पर राज्य में भारी आक्रोश देखा गया, विपक्षी दलों व आम जनता ने भारी विरोध प्रदर्शन किया।**

मिली जानकारी के मुताबिक, अजीत कुमार को पूछताछ के लिए तिरुपुवनम पुलिस ने हिरासत में लिया था। इसी दौरान कथित रूप से पुलिस की मारपीट के चलते उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सामने आते ही, स्थानीय लोगों और अजीत कुमार के परिवार ने न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने बयान जारी कर कहा कि अजीत कुमार की मौत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह घटना पुलिस द्वारा की गई हिंसा का नतीजा है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। स्टालिन ने कहा कि वह शुरू से ही पुलिस कर्मियों को मानवीय व्यवहार अपनाने की सीख देते रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग ने पहले ही छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। अब इनमें से पांच पुलिसकर्मियों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, जिले के एसपी को अनिवार्य प्रतीक्षा पर भेज दिया गया है और एक डीएसपी को भी सस्पेंड कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने अजीत कुमार के परिजनों से बातचीत कर उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और दोषियों को सजा दिलाई जा सके।

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने पहले इस मामले में सीबी-सीआईडी जांच की अनुमति दी थी। लेकिन, पांच पुलिसकर्मियों पर सीधे आरोप लगने और जनता में भरोसा कायम रखने के लिए मुख्यमंत्री ने अब जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को सख्त संदेश देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ करना चाहिए। राज्य सरकार इस मामले में सीबीआई को पूरा सहयोग देगी।

# नया स्वदेशी युद्धपोत उदयगिरी नौ सेना में शामिल

## यह पोत तय समय से पहले ही नौसेना को सौंप दिया गया है

नयी दिल्ली/ पणजी, 01 जुलाई। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएसएल) में निर्मित प्रोजेक्ट 17ए का दूसरा स्टेल्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' मंगलवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। यह प्रोजेक्ट 17ए के तहत शिवालिक श्रेणी का दूसरा जहाज है। इस श्रेणी के कुल सात स्टेल्थ युद्ध पोत ( फ्रिगेट्स ) बनाए जाने हैं और इन्हें अगले वर्ष के अंत तक नौसेना को सौंपा जा सकता है।

- **इस श्रेणी के कुल 7 युद्धपोत और बनाए जाएंगे जो अगले वर्ष के अंत तक नौसेना को सौंप दिए जाएंगे।**

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि उदयगिरि को तय तारीख से पहले 37 महीने के रिकॉर्ड समय में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया है। यह फ्रिगेट बहुत-से मिशनों के लिए कार्य करने में सक्षम है। इसमें रडार या अन्य टोही उपकरणों से बच कर कार्रवाई करने की विशेषताएं बढ़ाई गई हैं। ये जहाज अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से लैस हैं।

इन जहाजों पर भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो की अपनी अभूतपूर्व डिजाइन क्षमताओं की छाप है।

ये पोत पूर्ववर्ती पी-17 जहाजों की तुलना में 4.54 प्रतिशत अधिक बड़े हैं। इन जहाजों को पी-17 वर्ग की तुलना में अधिक आधुनिक और रडाररोधी विशेषताओं वाले उन्नत हथियारों और सेंसर से लैस किया गया है। इस जहाज को सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी गन तथा तीव्र गति से गोलाबारी करने वाली 30 मिमी और 12.7 मिमी की हथियार प्रणालियों से लैस किया गया है।

### 22 राज्यों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

और पश्चिम बंगाल में भी जल्द ही प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव होंगे। मध्य प्रदेश में वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल एकमात्र नामांकन करने वाले उम्मीदवार थे, जिससे उनका चुनाव महज औपचारिकता बन गया है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि केन्द्रीय नेतृत्व ने ऐसे नेताओं को चुना है जो किसी गुट के नेता नहीं माने जाते और जिनकी स्वीकार्यता व्यापक है। पार्टी के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने से पहले 37 संगठनात्मक राज्यों में से कम से कम 19 में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव जरूरी है।

### 'वन बिग ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चेतावनी दी यदि यह पागलपन वाला खर्च विधेयक पारित हो जाता है, तो अगले दिन अमेरिका पार्टी का गठन किया जाएगा। हमारे देश को डेमोक्रेट-रिपब्लिकन यूनिपार्टी के विकल्प की आवश्यकता है ताकि लोगों के पास वास्तव में एक आवाज हो।

# जयपुर सैशन कोर्ट को "बम" से उड़ाने का ईमेल मिला

## न्यायालय परिसर को तत्काल खाली कराके ली गई तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 1 जुलाई। राजधानी जयपुर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सत्र न्यायालय (सेशन कोर्ट ) को बम से उडाने की धमकी भरा ई-मेल मिला। इससे पूरे न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, यह धमकी न्यायालय के आधिकारिक ई-मेल पर भेजी गई थी। मेल की जानकारी मिलते ही न्यायालय प्रशासन ने तुरंत पुलिस और जिला प्रशासन को सूचित किया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के दल मौके पर पहुंचे और न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। पूरा भवन छानने के बाद किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। सुरक्षा एजेंसियों ने परिसर के अलग-अलग हिस्सों में गहन जांच की। तलाशी अभियान के पूरा होने तक किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर न्यायालय भवन को सुरक्षित घोषित किया गया। इसके बाद कार्य दोबारा शुरू हो गया। उधर साइबर शाखा ई-मेल के स्त्रोत की जांच में जुटी है।

- **परिसर की तलाशी में बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वॉड व सुरक्षा एजेंसियों ने तत्परता से भाग लिया। न्यायालय भवन को सुरक्षित घोषित करने के बाद अदालत का कार्य दोबारा चालू हुआ।**
- **पुलिस की साइबर शाखा ई-मेल स्रोत की जानकारी कर रही है।**

बनीपार्क थानाधिकारी बृजमोहन कविया ने बताया कि मंगलवार दोपहर में यह ई-मेल प्राप्त हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस नियंत्रण कक्ष और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। बाद में तत्परता से पूरे परिसर को खाली करवाकर तलाशी अभियान चलाया गया।

बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की मदद से कोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इसके अलावा मौके पर सिविल डिफेंस की टीम भी तैनात की गई। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते ने कोर्ट परिसर को खाली करवाकर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं, मेल के बारे में साइबर टीमें काम कर रही हैं।

गौरतलब है कि 30 मई को जयपुर में फैमिली कोर्ट और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। राजधानी जयपुर में इससे पहले भी कई बार सरकारी महकमों को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले सामने आए थे। एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाने की कई बार धमकियां मिल चुकी हैं। मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल आए थे। बाद में जब जांच हुई तो ये अफवाहें निकली थीं।

### रेल मंत्री ..

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अनुकूल इंटरफेस के साथ व्यापक, ऑल-इन-वन एप्लिकेशन है जिसको एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर पर डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप अनारक्षित एवं प्लेटफार्म टिकट पर तीन प्रतिशत छूट, लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, शिकायत निवारण, ई-कैटरिंग, पोर्टर बुकिंग और लास्ट माइल टैक्सी जैसी सभी यात्री सेवाओं को एकीकृत करता है। केंद्रीय मंत्री ने एप जारी करते हुए कहा कि रेलवन में सिंगल साइन-ऑन की सुविधा है, जिसमें एम-पिन या बायोमेट्रिक के जरिए लॉगिन किया जा सकता है। यह मौजूदा रेलकनेक्ट और यूटीएस क्रेडेंशियल को भी सपोर्ट करता है। रेलवन स्पेस सेविंग है क्योंकि इसके कारण उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग एप रखने की जरूरत नहीं पड़ती।

### ट्रंप एक समय के घनिष्ठ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनकी आलोचना होने लगी थी। अपनी तयशुदा अवधि के बाद मस्क ने डीओजीई को छोड़ दिया और ट्रंप की संघीय खर्च योजनाओं की आलोचना शुरू कर दी। इसके जवाब में ट्रंप ने मस्क पर आर्थिक चोट की। उन्होंने अमेरिका में इलेक्ट्रिक वाहनों पर दी जाने वाली सब्सिडी कम कर दी। यह सब्सिडी मस्क की कंपनी टेस्ला को मिलती थी, जो इलेक्ट्रिक गाड़ियाँ बनाती है। ट्रंप अब कहते हैं कि मस्क ने सरकारी सब्सिडी का भरपूर लाभ उठाया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर कहा कि एलन मस्क इस सब्सिडी के सबसे बड़े लाभार्थी थे, और इसके बिना उन्हें "अपनी दुकान बंद कर दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ सकता था।" व्यंग्यात्मक अंदाज़ में उन्होंने कहा कि मस्क अब अंतरिक्ष यान भेजने या अपनी विशाल योजनाओं का मज़ा नहीं ले पाएंगे। हालांकि मस्क अमेरिका के प्राकृतिक नागरिक हैं, लेकिन उन्होंने ट्रंप को फिर से नाराज़ कर दिया जब उन्होंने मिड-टर्म चुनावों में एक ऐसे उम्मीदवार का समर्थन किया जिसे ट्रंप हराना चाहते थे। अब ट्रंप अपने प्रवासी विरोधी अभियान को और तेज़ी से चला रहे हैं।

विडंबना देखिए, ट्रंप ने एलन मस्क को देश से बाहर निकालने की बात उस समय कही जब वे फ्लोरिडा में एक बदनाम डिपोर्टेशन कैंप - एलिगेटर अलकाट्राज़ - का उद्घाटन करने जा रहे थे। अगर ट्रंप वाकई मस्क को अमेरिका से निकाल देते हैं, तो यह अमेरिकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंतिम टिप्पणी होगी।

# भारत व पाक ने कैदियों की लिस्ट का आदान प्रदान किया

नयी दिल्ली, 01 जुलाई। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा पाकिस्तान ने अपने-अपने देशों में हिरासत में रखे गये आम नागरिकों तथा मछुआरों की रिहाई के वास्ते सूची का आदान प्रदान किया है। भारत पाकिस्तान के बीच 2008 में हुए एक समझौते के तहत हर साल जनवरी और जुलाई में ऐसे कैदियों की सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार भारत ने अपनी हिरासत में रखे गये 382 पाकिस्तानी कैदियों और 81 मछुआरों के नाम पाकिसतान को दिए हैं जबकि पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में रखे 53 भारतीयों और 193 मछुआरों के नामों की सूची भारत को सौंपी है।

- **दोनों देशों के बीच 2008 में हुए एक समझौते के तहत हर साल जनवरी व जुलाई में कैदियों को सूची साझा की जाती है।**
- **भारत ने 382 पाकिस्तानी कैदियों, 981 मछुआरों के नाम दिए और पाकिस्तान ने 53 भारतीयों व 193 मछुआरों के नामों की लिस्ट दी है।**

प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की हिरासत में मौजूद अपने कैदियों, मछुआरों और उनकी नावों तथा लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की शीघ्र रिहाई तथा स्वदेश वापसी का आ ान किया है।

उन्होंने पाकिस्तान से उन 159 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई में तेजी लाने को भी कहा है, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। इसके अलावा 26 ऐसे कैदी हैं जिन्हें भारतीय नागरिक माना जाता है इसलिए सरकार ने इन कैदियों और मछुआरों को तत्काल कानूनी सुविधा उपलबध कराने को कहा है।

भारत ने यह भी कहा है कि उन सभी भारतीय कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए जिनकी रिहाई लंबित है।






राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908